*  ओड़िशा संस्करण
www.epaper.azadsipahi.in
25 अगस्त, 2024
भाद्रपद, कृष्ण पक्ष, षष्ठी
संवत 2081
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00
रांची
रविवार, वर्ष 09, अंक 305
कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

केंद्र सरकार ने यूनिफाइड पेंशन स्कीम को मंजूरी दी



### मुख्यमंत्री हजारीबाग में मंईयां सम्मान योजना कार्यक्रम में हुए शामिल

# हेमंत ने 13 लाख से अधिक महिलाओं के खाते में डाले एक-एक हजार रुपये

- हजारीबाग, धनबाद, गिरिडीह, बोकारो, चतरा, कोडरमा और रामगढ़ की महिलाओं को मिला लाभ, आने वाली पीढ़ी को मार्गदर्शन देने का संकल्प है



दीपक सिंह

**हजारीबाग (आजद सिपाही)।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि राज्य का कोई ऐसा घर नहीं होगा, जहां आज राज्य सरकार की कोई ना कोई योजना नहीं पहुंच रही है। घर-परिवारों में सरकार की कई योजनाओं का लाभ एक साथ मिल रहा है। सरकार आदिवासी, दलित, पिछड़े, अल्पसंख्यक, गरीब, किसान- मजदूर, बुजुर्ग, दिव्यांग, महिला और युवाओं को सशक्त बनाने के संकल्प के साथ कार्य कर रही है। हमारा प्रयास राज्यवासियों की आर्थिक सामर्थ्य और समृद्धि बढ़ाना है। हेमंत सोरेन शनिवार को हजारीबाग में मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के प्रमंडल स्तरीय कार्यक्रम में बोल रहे थे।

**महिलाओं को सम्मान राशि देने का बन रहा रिकॉर्ड:** मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड मंईयां सम्मान योजना को लेकर महिलाओं का जबरदस्त उत्साह देखते ही बन रहा है। महज दो सप्ताह में 42 लाख से ज्यादा महिलाओं में इस योजना का लाभ लेने के लिए आवेदन दिये। इन आवेदनों पर स्वीकृति भी देने का एक रिकॉर्ड बन रहा है। इस योजना से जुड़ने के लिए महिलाएं तेजी से आगे आ रही हैं। हर दिन यह संख्या बढ़ती ही जा रही है। यह योजना अनवरत चलेगी और हर बहन-बेटी को इसके जरिये आर्थिक संबल प्रदान करेंगे ।

**हर उम्र की आधी आबादी को योजनाओं का लाभ:** हेमंत ने कहा कि राज्य के विकास में आधी आबादी की महत्वपूर्ण भूमिका है। इसी वजह से राज्य सरकार हर उम्र की महिलाओं तथा बहनों-बेटियों के लिए योजनाएं लेकर आयी है। एक तरफ यूनिवर्सल पेंशन स्कीम के माध्यम से 50 वर्ष से अधिक उम्र की महिलाओं को पेंशन दी जा रही है। वहीं, बच्चियों को बेहतर शिक्षा के लिए सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना से जोड़ा गया है। अब झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के तहत 21 से 50 वर्ष की उम्र तक की सभी महिलाओं को सम्मान राशि सरकार प्रदान कर रही है।

(शेष पेज 05 पर)

## असम और मध्यप्रदेश से नेताओं को बुलाकर जहर घोल रहे हैं: हेमंत सोरेन

हजारीबाग (आजाद सिपाही)। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि झारखंड राज्य गरीब है। इस राज्य में सामाजिक सुरक्षा प्राथमिकता होनी चाहिए थी। राज्य अगल होने के बाद हमारे विपक्षियों ने जो सरकार चलायी, उसमें सामाजिक सुरक्षा में ध्यान ना देकर व्यपारियों की सुरक्षा में लगे रहे। आपको याद होगा 2019 से पहले जब डबल इंजन की सरकार थी। हाथ में राशन कार्ड लेकर भात-भात करके लोग मरता था। कोरोना जैसा महामारी आया सब कुछ बंद हो गया। ऐसे स्थिति में भी हमने एक भी व्यक्ति को भूखा नहीं मरने दिया। हमलोग शुरू से परेशानियों से घिरे रहे है। राज्य का खजाना खाली था, ऐसे विपरित परिस्थिति में भी राज्य को मजबूती के साथ आगे बढ़ाने का काम हमने किया। भाजपा के लोगों ने 18-20 साल राज किया। ये लोग मेरे पीछे षडयंत्र रचते रहे। झूठा आरोप में इन लोगों ने कोर्ट कचहरी करके मुझे जेल में डाल दिया। वहां 5-6 महीना रहने के बाद आज हम आपके बीच खड़े हैं। ये लोग को लगता है आदिवासी कमजोर और मुर्ख होता है। इन लोगों को लगता है कि ये लोग को डराओ धमकाओं तो कोर्ट कचहरी पुलिस करा दो तो ये लोग कभी आवाज उठा नहीं सकता। लेकिन इनकी गलतफहमी हाइकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट ने दूर कर दिया। हमारे ऊपर लगे आरोप झूठ निकले और आज हम कोर्ट के आदेश से आपके सामने खड़े हैं। हेमंत सोरेन ने कहा कि यहां के नेताओं से राज्य नहीं संभल रहा है, तो छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, असम से नेताओं को बुलाकर यहां हिंदू-मुस्लिम-सिख-इसाई-अगड़ा-पिछड़ा करके जहर घोलने का काम कर रहा है।

# एकता-अखंडता के नुकसान के लिए कांग्रेस जिम्मेवार : बाबूलाल

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने हजारीबाग में कांग्रेस और सहयोगी दलों पर दागे सवाल

आजाद सिपाही संवाददाता

**हजारीबाग।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि इस देश की एकता और अखंडता को जो नुकसान हुआ है, इसके लिए कांग्रेस पार्टी जिम्मेवार है। सत्ता के लिए कांग्रेस पार्टी किसी भी हद तक जा सकती है। आज जम्मू-कश्मीर में विधानसभा चुनाव की घोषणा हो चुकी है। सत्ता के लिए बार-बार देश की एकता और सुरक्षा के साथ खेलने वाली कांग्रेस पार्टी ने जम्मू-कश्मीर चुनाव में नेशनल कांफ्रेंस के साथ गठबंधन किया है। बाबूलाल ने कहा कि लोकतंत्र में कोई भी दल किसी भी दल के साथ गठबंधन कर सकता है। इससे किसी को विरोध नहीं है। किसी को कोई आपत्ति नहीं है। लेकिन नेशनल कांफ्रेंस ने चुनाव को लेकर अपने घोषणा पत्र के माध्यम से जो वादा किया है, वह देश की अखंडता और एकता से जुड़ा मामला है। उन्होंने कहा इसलिए कांग्रेस पार्टी, राहुल गांधी सहित उनके सहयोगी दलों से सवाल है कि क्या वे नेशनल कांफ्रेंस के घोषणा पत्र के वादों का समर्थन करते हैं? बाबूलाल शनिवार को हजारीबाग में प्रेस कांफ्रेंस में बोल रहे थे।

**झामुमो को भी देना चाहिए जवाब:** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि नेशनल कांफ्रेंस के साथ कांग्रेस का गठबंधन है। कांग्रेस झारखंड में भी सत्ता में है। यहां झामुमो के साथ कांग्रेस की सरकार है। इसलिए कांग्रेस के साथ झामुमो को भी जवाब देना चाहिए कि ये नेशनल कांफ्रेंस के घोषणा पत्र के वादों का समर्थन करते हैं या नहीं ?

(शेष पेज 05 पर)



### भाजपा कार्यकाल में धारा 370 समाप्त हुई

बाबूलाल ने कहा कि भारतीय जनसंघ लगातार उस समय से विरोध करता था और कांग्रेस पार्टी कहती थी कि पंडित नेहरू का मानना है कि 370 अस्थायी धारा है। यह घिसते-घिसते समाप्त हो जायेगा। परिस्थितियां ऐसी हुई कि यह समाप्त होने की बजाय और मजबूत हो गया। भारतीय जनसंघ स्थापना काल से ही धारा 370, 35 ए, दो निशान, दो विधान दो प्रधान का विरोध करती रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने कार्यकाल में धारा 370 और 35ए को समाप्त करने का ऐतिहासिक फैसला लेकर जम्मू काश्मीर की तकदीर व तकदीर बदलने का काम किया है।

## भाजपा के 42 नेताओं पर लालपुर थाने में एफआइआर

रांची (आजाद सिपाही)। शुक्रवार को रांची के मोरहाबादी में भाजपा की युवा आक्रोश रैली में शामिल भाजपा के 42 बड़े नेताओं के विरुद्ध लालपुर थाने में नामजद प्राथमिकी दर्ज की गयी है। इस प्राथमिकी में बारह हजार अज्ञात नेताओं को भी शामिल किया गया है। एफआइआर में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा, केंद्रीय मंत्री संजय सेठ, सांसद दीपक प्रकाश, नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी, रांची के विधायक सीपी सिंह, हटिया के विधायक नवीन जयसवाल, भवनाथपुर के विधायक भानु प्रताप शाही, महानगर अध्यक्ष रमेश सिंह, हजारीबाग के पूर्व सांसद यदुनाथ पांडेय, भाजयुमो के शशांक राज समेत 51 नेताओं पर केस दर्ज किया गया है। दो हजार के करीब अज्ञात बीजेपी नेताओं को आरोपी बनाया गया है। आरोप है कि भाजपा के नेताओं ने पुलिस पर हमला करवाया, सरकारी काम में बाधा डाला, सड़क अवरुद्ध किया साथ ही आवागमन को ठप कर दिया। पथराव में लोअर बाजार थाना प्रभारी समेत कई पुलिसकर्मी घायल हो गये थे। बताते चलें कि शुक्रवार को मोरहाबादी रणक्षेत्र में बदल गया था। पुलिस ने लाठियां भाजी, आंसू गैस के गोले छोड़े और वाटर कैनन का भी प्रयोग किया था।

# अपमान में जाति का जिक्र होने पर एसटी-एससी एक्ट : सुप्रीम कोर्ट

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि अगर किसी अनुसूचित जाति-जनजाति के व्यक्ति को उसकी जाति का नाम लिए बगैर अपमानित किया गया है, तो यह मामला एसटी-एससी (अत्याचार निवारण) अधिनियम 1989 के तहत अपराध नहीं होगा। जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस मनोज मिश्रा की बेंच ने एक ऑनलाइन मलयालम न्यूज चैनल के एडिटर शाजन स्कारिया को अग्रिम जमानत देते हुए यह फैसला सुनाया। स्कारिया पर 1989 एक्ट की धारा 3(1)(फ) और 3(1)(व) के तहत केस दर्ज हुआ था। उन पर आरोप था कि उन्होंने एससी समुदाय से आने वाले कुन्नाथुनाड के सीपीएम विधायक पीवी श्रीनिजन को माफिया डॉन कहा था। इस मामले में ट्रायल कोर्ट और केरल हाइकोर्ट ने उन्हें गिरफ्तारी से पहले जमानत देने से इनकार कर दिया था।

SIKSHA 'O' ANUSANDHAN
(DEEMED TO BE UNIVERSITY)
Empowering students for a brighter future
CORE B.TECH PROGRAMMES
Civil Engineering
Electrical Engineering
Mechanical Engineering
APPROVAL & RECOGNITIONS
Approved by UGC & AICTE
Re-accredited by NAAC with A++ Grade
Granted with Category-1 Graded Autonomy by UGC
NBA Accredited Programmes
NIRF INDIA RANKINGS 2024
14th Best in University Category
26th Best in Engineering Category
INTERNATIONAL RANKINGS 2024
Ranked in QS World Rankings 2024
Ranked in Times World Rankings 2024
To apply for admission through JEE-Main, Please visit: www.soa.ac.in

कृष्ण जन्माष्टमी की आप सभी को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
समाज सेवा एकमात्र लक्ष्य
राज्य की समृद्धि का संकल्पः राजीव रंजन प्रसाद



राजीव रंजन प्रसाद
चेयरमैन
झारखंड गौ सेवा आयोग सह झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटि सदस्य

राजीव रंजन प्रसाद झारखंड के लिए जाना-माना चेहरा हैं। विशेषकर राजधानी रांची में राजनैतिक एवं सामाजिक कार्यकर्ता के रूप में जनमुद्दों को लेकर संवेदनशील एवं संघर्षरत रहे हैं। चाहे मुद्दा सड़क, बिजली-पानी, सफाई को लेकर हो या रांची के सौंदर्यीकरण को लेकर, इन्होंने मुखरता से अपनी बात रखी। कोरोना जैसी विभीषिका के समय भी रांचीवासियों के बीच साथ खड़े रहे। राजीव रंजन प्रसाद का एकमात्र लक्ष्य समाज की निस्वार्थ सेवा और संकल्प राज्य का समग्र समृद्धि है।

श्रीकृष्ण जन्मोत्सव 25 अगस्त को मोरहाबादी मैदान में, बाल गोपाल-राधा प्रतियोगिता होगी, भजनों की बहेगी गंगा

पहली बार लेजर शो से दिखेगा श्री कृष्ण लीला व रामायण का दृश्य, दही- हांडी के विजेता को मिलेगा एक लाख रुपए

रांची जिला श्रीकृष्ण जन्मोत्सव समिति के सौजन्य से इस वर्ष 25 अगस्त को मोरहाबादी में भव्य श्रीकृष्ण जन्मोत्सव मनाया जाएगा। 25 अगस्त को बाल गोपाल-राधा फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता होगी। वहीं, 25 अगस्त को भजन संध्या, श्रीकृष्ण पर आधारित नृत्य मंचन और महिला-पुरुष दही-हांडी प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। झारखंड व बाहर के कलाकारों द्वारा श्रीकृष्ण भजन संध्या का कार्यक्रम साथ-साथ चलता रहेगा। इस अवसर पर पूरे मोरहाबादी मैदान में आकर्षक विधुत सज्जा की जाएगी और श्रीकृष्ण का झूलन सजाया जाएगा। इस साल का मुख्य आकर्षण लेजर शो के द्वारा श्रीकृष्ण लीला व रामायण का दृश्य होगा। मैदान में लगे एलईडी स्क्रीन पर कार्यक्रम का सीधा प्रसारण किया जाएगा। समित समिति के मुख्य संरक्षक राजीव रंजन प्रसाद ने बताया कि बीते 8 वर्ष से यह कार्यक्रम धूमधाम से मनाया जा रहा है।



गौ माता की सेवा, हमारा दायित्व

गो सेवा आयोग के अध्यक्ष का संकल्प, राज्य की पहचान गो संरक्षक एवं गो संवर्धक राज्य के रूप में बने और राज्य की गौशालाएं आत्म निर्भर बनें। इसके लिए लगातार प्रयासरत हैं। रोजगार सृजन की दृष्टिकोण से गो सेवा आयोग की ओर से गोबर प्रसंस्करण के द्वारा राज्य की महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए जिलावार प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन हो रहा है। रांची से इसकी शुरुआत हो चुकी है। 5500 महिलाओं को प्रशिक्षित करने का लक्ष्य है। हमारी गो माता हमारा दायित्व कार्यक्रम के जरिये राज्यवासियों को गो सेवा से जोड़ने की शुरुआत की गई है।



सामाजिक कार्यों में बढ़-चढ़कर दे रहे हैं योगदान

शहर में आयोजित होने वाले सभी प्रकार के सामाजिक व धार्मिक अनुष्ठानों में बढ़चढ़ कर हिस्सेदारी निभाते आये हैं। कर्मा, सरहुल, जन्माष्टमी, दुर्गापूजा, छठ, चित्रगुप्त पूजा, ईद और क्रिसमस जैसे आयोजनों में लगातार लोगों के बीच रहकर उनसे जुड़े हुए हैं। राजीव रंजन प्रसाद की एक ही सोच समाज में एकता और सामाजिक सौहार्द्र बनी रहे।



पुरुष गोविंदाओं को इनाम
- प्रथम 1 लाख एक हजार
- द्वितीय पुरुस्कार 41 हजार,
- तृतीय 21 हजार

महिला गोविंदाओं को इनाम
- प्रथम 55 हजार
- द्वितीय 31 हजार
- तृतीय 11 हजार रुपये

गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष का प्रभार लेने के बाद से राज्य की पहचान "गौ संरक्षक एवं गौ संवर्धक" प्रदेश के रूप में बनाने के लिए प्रयासरत



USHA MARTIN UNIVERSITY
ISO 9001 : 2015 Certified, Member of Association of Indian Universities (AIU)
Recognized by University Grants Commission (UGC)
Approved by: PCI | BCI | JNC | AICTE
The Future Starts Here
Admission Open (2024-25)
Upto 3 CRORES Worth Scholarships for Meritorious & Deserving Students
EXCELLENT Internships & Placement Opportunities
World Class SPORTS FACILITIES
- BBA | MBA
- B.COM (Hons.) | Taxation
- BCA | MCA
- B.Tech (Mechanical, Mining, Computer Science, Civil)
- B.Tech (Lateral Entry)
- M.Tech (Mechanical, Mining, Computer Science, Civil)
- Polytechnic Diploma in Engineering (Mining, Civil, Electrical & Electronics, Computer Science, Mechanical) APPROVED BY AICTE
- BA (English) Hons.
- MA (Education) | MA (English)
- B.Sc in Mathematics & Computing
- B.Sc Agriculture (Hons.)
- M.Sc Agriculture
- D.Pharm | B.Pharm
- B.Sc Forensic Science
- Bachelor in Physiotherapy (BPT)
- B.Sc Medical Lab Technology (MLT)
- B.Sc Radiography & Imaging Technology
- B.Sc Operation Theatre Technology (OT)
- B.Sc (Nursing) | GNM
- B.B.A. LL.B (Integrated) | LL.M
- B.Sc. (Hons.) Criminology
- BJMC (Bachelor in Journalism & Mass Comm.)
- Diploma in Creative Writing
Scan for more information
100% PLACEMENT ASSISTANCE
PROGRAMMES with Super Specialization
B. TECH CSE: AI & ML, Data Science, Cyber Security
B. TECH - Mechanical: i) EV Design & Production ii) Embedded System
B. TECH - Civil: i) Highway & Mobility Design ii) High Rise Building Design
BBA/MBA: Business Intelligence & Data Analytics, Banking, Finance & Insurance
BCA/MCA: Blockchain, Mobile Computing, Cyber Security Data Science
OUR PLACEMENT ASSOCIATES
Ranked NO. 1 UNIVERSITY in Jharkhand by OPEN MAGAZINE
At Village Narayansoso, Near Angara Block Office, Ranchi-Purulia Highway, Ranchi
Ranchi : +91 9355 564 011
Patna : +91 9952 923 636
E-mail: admission@umu.ac.in
Website: www.umu.ac.in

FLORENCE GROUP OF INSTITUTIONS
(A Unit of :Haji Abdur Razzaque Educational Society)
ADMISSION OPEN
COLLEGE OF NURSING
2 YEARS M.Sc. Nursing
2 YEARS Post Basic B. Sc. Nursing
4 YEARS B.Sc. Nursing
3 YEARS GNM (General Nursing And Midwifery)
2 YEARS ANM (Auxiliary Nursing And Midwifery)
COLLEGE OF PARA MEDICAL SCIENCE
4 YEARS BMLT
2 YEARS DMLT
2 YEARS OT ASSISTANT
2 YEARS ECG
2 YEARS OPHTHALMIC ASST.
2 YEARS CRITICAL CARE (ICU)
2 YEARS RADIO-IMAGING
2 YEARS ANESTHESIA TECH.
1 YEARS DRESSERS
COLLEGE OF PHARMACY
2 YEARS D-PHARM
4 YEARS B-PHRRM
Separate Hostel For Boys & Girls
9031231082, 7903999411, 6205145470
E-mail: fsnirba@gmail.com
Website: www.florenceinstirba.com

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel



# आतंकियों का पनाहगाह बन रहा है झारखंड

## ■ अलकायदा सरगना की गिरफ्तारी के बाद सामने आया पूरा नेटवर्क

## ■ एनआइए और एटीएस की कार्रवाई से खुली घुसपैठ के खतरे की पोल

**आजाद सिपाही विशेष**

**खतरनाक आतंकी संगठन अलकायदा इंडियन सबकांटिनेंट मॉड्यूल के सरगना सहित पांच लोगों की झारखंड से और हथियार चलाने की ट्रेनिंग लेने गये झारखंड के छह लोगों की राजस्थान के भिवाड़ी से गिरफ्तारी के बाद से बांग्लादेशी घुसपैठियों के झारखंड में बसने का खतरा सामने आ गया है। इसके साथ ही यह राज भी खुल गया है कि आंतकी संगठन के लोग कितने प्रभावशाली तरीके से काम करते हैं, क्योंकि इस पूरे नेटवर्क का सरगना रांची का एक डॉक्टर है, जो यहां के एक प्रतिष्ठित अस्पताल में सेवाएं देता था। डॉ इश्तियाक नामक यह डॉक्टर न केवल अलकायदा मॉड्यूल का नेतृत्व कर रहा था, बल्कि उसकी देश के भीतर खिलाफत की घोषणा करने और गंभीर आतंकवादी गतिविधियों को अंजाम देने की मंशा थी। इस पूरे नेटवर्क के खुलासे के साथ अब यह बात साबित हो गया है कि झारखंड इन आतंकी संगठनों के निशाने पर है, क्योंकि यहां आसानी से घुसपैठ की जा सकती है। हालांकि यह पहली बार नहीं है, जब झारखंड में आतंकी संगठनों की मौजूदगी का पता चला है, लेकिन अब यह मुद्दा गंभीर होता जा रहा है। यह पुलिस व्यवस्था के खुफिया तंत्र की विफलता का भी प्रतीक है, क्योंकि यह पूरा नेटवर्क एक दिन में तो नहीं ही स्थापित हुआ है। इसलिए अब इस पूरे मुद्दे को राजनीतिक दृष्टि से नहीं, बल्कि प्रशासनिक और देश की सुरक्षा के नजरिये से देखना जरूरी हो गया है। इस समस्या को समय रहते सख्ती से कुचलने की भी जरूरत है, ताकि झारखंड समेत पूरे देश को खतरे से बचाया जा सके। क्या है इस पूरे आतंकी नेटवर्क की कहानी और क्या है इसके काम करने का तरीका, बता रहे हैं आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**



राकेश सिंह

रांची, हजारीबाग और लोहरदगा के 16 स्थानों पर एटीएस, एसटीफ और दिल्ली पुलिस के स्पेशल सेल के द्वारा की गयी छापामारी और अलकायदा के इंडियन मॉड्यूल का खुलासा किये जाने के बाद यह बात साफ हो गया है कि झारखंड आतंकी संगठनों का पनाहगाह बन गया है। यह आतंकी मॉड्यूल देश के भीतर खिलाफत की घोषणा करने और आतंकवादी गतिविधियों को अंजाम देने की साजिश में जुटा था। इसे लेकर ही आतंकियों की ट्रेनिंग भी राजस्थान के भिवाड़ी में करायी जा रही थी। जिन 16 लोगों की गिरफ्तारी हुई है, वे सभी झारखंड के हैं। इनका सरगना एक डॉक्टर है, जो रांची में रहता है और यहां के एक प्रतिष्ठित निजी अस्पताल में सेवाएं देता था। इसका नाम डॉ इश्तियाक अहमद है। झारखंड के डीजीपी अनुराग गुप्ता ने फिलहाल मामले की जांच चलने की बात कही है। जिन लोगों को गिरफ्तार किया गया है, उनमें डॉ इश्तियाक अहमद के अलावा मुफ्ती रहमतुल्ला, रिजवान बाबर, मोतीउर रहमान, फैजान और अन्य शामिल हैं। झारखंड में आतंकी संगठनों की मौजूदगी का यह पहला मामला नहीं है। वर्ष 2019 में ही अलकायदा के इंडियन मॉड्यूल की पहली गिरफ्तारी झारखंड के जमशेदपुर से हुई थी। दिल्ली पुलिस ने दावा किया है कि झारखंड में अल कायदा का यह मॉड्यूल कई जिलों में नेटवर्क खड़ा कर रहा है।

### कौन है डॉ इश्तियाक अहमद

इस पूरे नेटवर्क का मास्टरमाइंड डॉ इश्तियाक अहमद है। उसे रांची के बरियातू इलाके के एके रेसीडेंसी नामक अपार्टमेंट से गिरफ्तार किया गया। यहां से वह भारत में रहकर अलकायदा मॉड्यूल के जरिये देश के अंदर आतंकी गतिविधि को अंजाम देने के इरादे से संगठन को मजबूत करने को लेकर साजिशें रच रहा था। इसकी जानकारी मिलने के बाद सुरक्षा एजेंसियों के कान खड़े हुए। डॉ इश्तियाक रांची के मेडिका अस्पताल में बतौर रेडियोलॉजिस्ट काम कर रहा था। इससे पहले वह जमशेदपुर के मानगो थाना अंतर्गत आजाद नगर में रहते हुए वहां प्रैक्टिस करता था। चार वर्ष से वह परिवार के साथ बरियातू के फ्लैट में रह रहा था। डॉ इश्तियाक का हजारीबाग जिले में भी अपना क्लीनिक है। वहीं रांची के लेक व्यू हॉस्पिटल का रजिस्ट्रेशन भी इश्तियाक के नाम पर है।

### कई शहरों में हमले की साजिश रच रहा था

आतंकी संगठन अलकायदा इंडियन सब कांटिनेंट (एक्यूआइएस) के जिस मॉड्यूल का खुलासा किया गया है, उसने दिल्ली सहित देश के कई शहरों में आतंकी हमले का प्लान रचा था। डॉ इश्तियाक ने इस मॉड्यूल का विस्तार राजस्थान और उत्तर प्रदेश तक कर लिया था। वह अलकायदा इंडियन सब कांटिनेंट का विस्तार कर इससे युवाओं को जोड़ने, उन्हें कट्टरपंथी बनाने, भारत में शरिया कानून स्थापित करने और बांग्लादेश के खिलाफ युद्ध छेड़ने जैसे विषयों पर काम कर रहा था।



### झारखंड में आतंकियों का ट्रेनिंग सेंटर खोलना चाहता था इश्तियाक

डॉ इश्तियाक अहमद चान्हो जंगल में आतंक का ट्रेनिंग सेंटर खोलना चाहता था। इसके लिए उसने जमीन भी देख ली थी, जिसमें एक मदरसा संचालक मुफ्ती उसकी मदद कर रहा था। इस प्रशिक्षण केंद्र में आतंकियों को हथियार का प्रशिक्षण दिलाया जाना था। उसके लिए हथियारों का जुटान भी किया जा रहा था। डॉ इश्तियाक मुस्लिम युवाओं को बेहतर भविष्य का प्रलोभन देकर अपने जाल में फंसाता था। उसने दो दर्जन से अधिक युवाओं को राजस्थान के आतंकी प्रशिक्षण केंद्र में हथियार चालन का प्रशिक्षण दिलवाया था। उसने बताया है कि आतंकियों की बड़ी फौज तैयार कर देश के भीतर आतंक मचाने के लिए तैयारी चल रही थी। इसके लिए वह पढ़े-लिखे युवाओं को अपने संगठन से जोड़ने के लिए तरह-तरह के प्रलोभन दे रहा था।

### झारखंड के इन जिलों में आतंकियों के स्लीपर सेल सक्रिय

यह पहली बार नहीं है, जब झारखंड में आतंकी संगठनों से जुड़े लोग पकड़े गये हैं। दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने बीते साल अक्टूबर में आइएसआइएस के तीन आतंकियों को गिरफ्तार किया था, जिनमें से दो शाहनवाज आलम और रिजवान अशरफ झारखंड के रहने वाले हैं। इनमें से एक शाहनवाज आलम एनआइए का मोस्ट वांटेड था और उस पर तीन लाख रुपये का इनाम घोषित था। वह हजारीबाग शहर के पगमिल-पेलावल का रहने वाला है। एनआइए और एटीएस की जांच में पहले भी यह बात सामने आयी है कि झारखंड के रांची, जमशेदपुर, हजारीबाग, रामगढ़, लोहरदगा, पाकुड़, गढ़वा और गिरिडीह जिले में आतंकियों के स्लीपर सेल सक्रिय हैं।

### कैसे बना आतंकी संगठन एक्यूआइएस

अल-कायदा इन इंडियन सब-कांटिनेंट? (एक्यूआइएस) की शुरुआत 2014 में पूर्व अल-कायदा चीफ अयमान अल-जवाहिरी ने की थी। पाकिस्तान मूल का असीम उमर इसका शुरुआती सदस्य था। तब अल-जवाहिरी की तरफ से एक वीडियो भी सामने आया था, जिसमें उसने भारत के खिलाफ जम्मू-कश्मीर में आतंकी गतिविधियों की बात कही थी। अब इसकी अगुवाई ओसामा महमूद कर रहा है, जो पाकिस्तान मूल का बताया जाता है। अमेरिकी-अफगान मिलिट्री ऑपरेशन में उमर मारा गया था। इसके बाद 2019 में महमूद ने इसकी बागडोर अपने हाथ में ले ली थी। रिपोर्ट के मुताबिक, भारतीय उपमहाद्वीप में अल-कायदा के एक संगठन एक्यूआइएस (अल-कायदा इन इंडियन सब-कांटिनेंट) के दो सौ लड़ाके मौजूद हैं। इनका लीडर आतंकी ओसामा महमूद है। वहीं अफगानिस्तान में इस संगठन के चार सौ लड़ाके हैं। सयुक्त राष्ट्र के एक सदस्य देश ने दावा किया है कि एक्यूआइएस क्षेत्र में आइएसआइएस के खोरासान प्रांत (आइसिल-के) से जुड़ने के लिए तैयार है।

### भारत में आतंकी संगठन एक्यूआइएस कितना सक्रिय

दिल्ली में 2015 में तीन आतंकियों की गिरफ्तारी के बाद एक्यूआइएस की भारत में मौजूदगी का पहली बार पता चला था। दिल्ली पुलिस ने बाद में एक्यूआइएस के आतंकी मौलाना अब्दुल रहमान कासमी को गिरफ्तार किया था। पुलिस ने दावा किया कि इस आतंकी संगठन ने झारखंड के जंगलों में ट्रेनिंग कैंप बना रखे हैं। जुलाई 2021 में यूपी पुलिस ने अल कायदा से जुड़े आतंकी संगठन अंसार गजवत उल हिंद के 2 आतंकियों को गिरफ्तार किया था। भारत में अब एक्यूआइएस का कोई बेस नहीं है। पिछले साल लोहरदगा से आतंकी संगठन इस्लामिक स्टेट आफ इराक एंड सीरिया (आइएसआइएस) के आतंकी फैजान उर्फ फैज की गिरफ्तारी हुई थी। 19 साल का फैजान इंटरनेट मीडिया पर लोगों को दहशत फैलाने का प्रशिक्षण दे रहा था। उसके संपर्क आइएसआइएस के विदेशी संचालकों से थे। ये भारत में हिंसक कार्रवाई की योजना बना रहे थे और भारत को इस्लामिक राष्ट्र बनाने के लिए प्रयासरत थे।

### इंटरनेट से एक-दूसरे सेजुड़ते हैं

यह समस्या दिन ब दिन गंभीर होती जा रही है, क्योंकि वर्तमान में आतंकी संगठन ज्यादातर सोशल मीडिया का इस्तेमाल करते हैं और डिजिटल तरीके से ही एक दूसरे से जुड़ते हैं। इंटरनेट पर इनकी मॉनिटरिंग सुरक्षा एजेंसियों के लिए किसी बड़ी चुनौती से कम नहीं। आतंकी संगठन डार्क वेब का ज्यादा इस्तेमाल करते है, जहां पर कई तरह के अवरोध होते हैं। ये मैसेज के वक्त भी कोडिंग का इस्तेमाल करते हैं, जिस कारण काफी बारीकी से निगाह रखने पर ही इनके बारे में जानकारी मिल पाती है।

### घुसपैठ को रोकना झारखंड की बड़ी चुनौती

आतंकी संगठनों का हब बनने के लिए बांग्लादेशी घुसपैठ भी काफी हद तक जिम्मेदार है। इसे रोकना अब झारखंड के लिए बड़ी चुनौती बन गयी है, क्योंकि इनके जरिये भी आतंकी गतिविधियां बढ़ सकती हैं। जरूरी है कि इसे लेकर भी सख्त कार्रवाई की जाये।

---

## सांसद विजय हांसदा की पत्नी कैथरीन हेंब्रम का निधन, सीएम ने जताया शोक

कार्तिक कुमार

**पाकुड़ (आजाद सिपाही)।** राजमहल लोकसभा सीट से झामुमो के सांसद विजय हांसदा की पत्नी का निधन शुक्रवार रात को हो गया। घटना की जानकारी मिलने के साथ मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने भावुक पोस्ट सोशल मीडिया पर लिख दुख प्रकट किया है। मुख्यमंत्री ने लिखा है कि झारखंड मुक्ति मोर्चा के वरिष्ठ नेता और लोकसभा सांसद विजय हांसदा की धर्मपत्नी के निधन की खबर अत्यंत हृदय विदारक है। झामुमो परिवार के लिए अपूरणीय क्षति है। मरांग बुरु दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करें। जानकारी के अनुसार सांसद विजय हांसदा की पत्नी कैथरीन हेंब्रम (33) का शुक्रवार की रात दिल्ली एम्स में निधन हो गया। सांसद की शादी सात फरवरी 2020 को हुई थी। इसाई रीति रिवाज से शादी हुई थी। शादी के बाद सांसद की पत्नी गंभीर बीमारी से ग्रसित थीं। लंबे समय से इलाज चल रहा था। आखिरकार दुख को सहन को सहन नहीं कर पायीं और परिवार को छोड़ चल बसीं।



फाइल फोटो।

सांसद की पत्नी की मौत की खबर को सुनने के बाद से साहिबगंज झामुमो कार्यकर्ताओं में शोक की लहर है। शनिवार सुबह से सोशल मीडिया पर शोक प्रकट किया जा रहा है। सांसद को इस दुख की घड़ी में सांत्वना दी जा रही है। लगातार विजय हांसदा तीसरी बार राजमहल लोकसभा से सांसद बने हैं। सांसद विजय हांसदा का साहिबगंज जिले के बरहरवा प्रखंड में पैतृक आवास है।

## चचेरे भाई की हत्या के सजायाफ्ता की फांसी की सजा को हाइकोर्ट ने आजीवन कारावास में बदला

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** चाइबासा की निचली अदालत द्वारा 30 जनवरी 2024 को चचेरे भाई की हत्या मामले में सालुका हेंब्रम को सुनायी गयी फांसी की सजा को कंफर्म करने को लेकर राज्य सरकार की अपील एवं अपीलकर्ता सालुका हेंब्रम की अपील पर झारखंड हाइकोर्ट ने फैसला सुनाया है। हाइकोर्ट की खंडपीठ ने हत्या के दोषी सालुका हेंब्रम की फांसी की सजा को संशोधित करते हुए उसे आजीवन कारावास में बदल दिया। अपने आदेश में खंडपीठ ने कहा कि यह घटना नशे की हालत में की गयी थी, जो रेयरेस्ट का रेयर की श्रेणी में नहीं आता है। दरअसल, अपीलकर्ता सालुका हेंब्रम ने चाइबासा की निचली अदालत द्वारा दोषी करार दिये जाने और फांसी की सजा सुनाये जाने के आदेश को हाइकोर्ट में चुनौती दी थी।

## यूपी का मोस्टवांटेड अपराधी अंकित पाकुड़ से गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता

**पाकुड़।** यूपी का मोस्टवांटेड एक लाख का इनामी अपराधी झारखंड से गिरफ्तार हुआ है। यूपी एटीएस की टीम ने शनिवार को पाकुड़ नगर थाना क्षेत्र से अपराधी अंकित यादव को गिरफ्तार किया है। अपराधी अंकित यादव काफी दिनों से फरार चल रहा था। एटीएस की टीम को काफी दिनों से अंकित की तलाश थी। जानकारी के अनुसार, मोबाइल लोकेशन के आधार पर यूपी एटीएस की टीम पाकुड़ पहुंची और स्थानीय पुलिस के सहयोग से अंकित यादव को शहरी क्षेत्र के अन्नपूर्णा कॉलोनी से गिरफ्तार किया।



**वाराणसी में घर में घुसकर की थी अंधाधुंध फायरिंग :** यूपी के वाराणसी जिले के मिसिर पोखरा निवासी अंकित यादव ने विजय यादव नाम के शख्स के घर में घुसकर अंधाधुंध फायरिंग की थी। इस घटना में गोली लगने से कई लोग घायल हुए थे। शिकायत मिलने के बाद वाराणसी के दशाश्वमेघ थाना में कांड संख्या 49/24 और भादवी की धारा 147, 148, 149, 307, 323 और 7 सीएलए एक्ट के तहत 30 जून 2024 को प्राथमिकी दर्ज की गयी थी। वहीं घटना को अंजाम देने के बाद अंकित फरार हो गया था। उत्तर प्रदेश की पुलिस ने अंकित यादव पर एक लाख इनाम घोषित कर रखा था।

## नाबालिग से दुष्कर्म मामले में दोषी को 20 साल की सजा

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** नगड़ी थाना क्षेत्र में वर्ष 2019 में नाबालिग से रेप मामले के दोषी मार्टिन तिर्की को पोक्सो की विशेष अदालत ने 20 साल की सजा सुनायी है। साथ ही उस पर 10 हजार रुपये का जुर्माना भी



लगाया है। जुर्माना राशि नहीं देने पर उसे छह माह की अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। पूर्व में पोक्सो के विशेष न्यायाधीश आसिफ इकबाल की अदालत ने दोषी करार दिया था। मामले को लेकर पीड़िता के परिजन ने नगड़ी थाना में प्राथमिकी दर्ज करायी थी। अभियोजन पक्ष की ओर से मामले में आठ गवाही दर्ज कराया गया था।

## पिस्टल, जिंदा कारतूस और लाखों रुपये नगद बरामद

### अंतरराष्ट्रीय गांजा तस्कर के घर छापेमारी

आजाद सिपाही संवाददाता

**जामताड़ा।** बीते 16 मार्च को नारकोटिक्स विभाग के अधिकारियों ने गुवाहाटी में 1020 किलो गांजा के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया था। गिरफ्तार व्यक्ति की निशानदेही पर एनसीबी को उससे जुड़े एक सदस्य कालीपदो भंडारी के जामताड़ा में होने की सूचना मिली। शुक्रवार को एनसीबी गुवाहाटी और जामताड़ा पुलिस के संयुक्त अभियान में उक्त अभियुक्त के नाला थाना स्थित सूर्यापानी गांव में छापामारी की गयी जहां से 7.65 एमएम का पिस्टल, 9 जिंदा कारतूस, एक 5.5 एमएम एयर गन और 12 लाख 80 हजार रुपये नगद बरामद किये गये।

शनिवार को जिला पुलिस मुख्यालय में एक प्रेस वार्ता के दौरान पुलिस अधीक्षक अनिमेष नथानी ने इस बाबत खुलासा किया। एसपी ने बताया कि नारकोटिक्स विभाग की टीम दो दिन पूर्व ही नाल पहुंची थी और इस संदर्भ में हमें जानकारी उपलब्ध कराया गया। बताया कि नाला अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, नाल थाना प्रभारी



सहित सशस्त्र बल एनसीबी के साथ छापामारी अभियान में शामिल हुए। पूर्व में जानकारी मिली थी कि वांछित अभियुक्त कालीपदो भंडारी अपने घर में छुपा हुआ है परंतु जब पुलिस ने वहां पर रेड मारी तो वह घर से फरार हो चुका था। घर की तलाशी ली गयी तो पुलिस और एनसीबी की टीम को उक्त सारे सामग्री प्राप्त हुए। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि उक्त अपराधी के जिले में अपराधी के इतिहास की जांच की जा रही है साथ ही इससे जुड़े सभी संभावनाओं की तलाश की जा रही है उन्होंने बताया कि इतनी बड़ी मात्रा में गांजा बरामद होना कहना किसी कहीं न कहीं किसी अंतरराष्ट्रीय गिरोह की तरफ इशारा कर रहे हैं।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Channel
Subscribe NOW

वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 28.0 °c | 22.8 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | | 18.14 बजे |
| सूर्योदय (कल) : | | 05.28 बजे |



## मुख्यमंत्री ने झारखंड पुलिस नियमावली में बदलाव करने की घोषणा की

# महिला पुलिस अधिकारी भी थाना इंचार्ज बनेंगी: हेमंत

### राज्य स्तरीय महिला पुलिस सम्मेलन-2024 के समापन समारोह

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन शनिवार को शौर्य सभागार जैप-1, डोरंडा में आयोजित प्रथम राज्य स्तरीय महिला पुलिस सम्मेलन 2024 के समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित हुए। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि पहली बार राज्य स्तरीय महिला पुलिस सम्मेलन का आयोजन किया गया है। इस आयोजन से महिला पुलिस कर्मियों के बीच उत्साह, उमंग और उम्मीद जगी है। इस दो दिवसीय राज्य स्तरीय महिला पुलिस सम्मेलन में जिन विषयों पर चर्चा-परिचर्चा हुई है, इसका सकारात्मक प्रभाव आने वाले दिनों में महिला पुलिसिंग व्यवस्था पर दिखे यह हमसभी की संयुक्त जिम्मेदारी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस सम्मेलन के अवसर पर महिला पुलिस के हक-अधिकार, उचित मांगों, समस्याओं के निराकरण इत्यादि से संबंधित जो आवश्यक सुझाव राज्य सरकार तक पहुंची है, इन सुझावों पर यथोचित विचार किया जायेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य के भीतर स्थापित पुलिस थानों में महिला पुलिस पदाधिकारी भी थाना इंचार्ज बन सके इसके लिए राज्य सरकार शीघ्र नियम बनायेगी। निश्चित रूप से थानों में वरीय पदाधिकारी के रूप में महिला पुलिस जिम्मेदारी संभाले ऐसी व्यवस्था बनाने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में राज्य स्तरीय पुरुष पुलिस सम्मेलन का आयोजन हो इसके लिए भी कैलेंडर बनायें। मुख्यमंत्री ने कहा कि पुलिस विभाग के वरीय अधिकारी पुलिसिंग व्यवस्था सिस्टम के जड़ तक पहुंचकर उसे मजबूत करने का कार्य करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारे राज्य के पुलिसकर्मी क्षमतावान हैं फिर भी कुछ वादों का अनुसंधान इनकम टैक्स, ईडी, सीबीआई इत्यादि को सौंप दिया जाता है आखिर ऐसा क्यों? इन विषयों को गंभीरता से लेने की जरूरत है।

**कार्यपालिका एवं समाज के अंदर महिला पुलिस की भूमिका अहम**

: मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्तमान समय में पुरुष और महिलाएं सिर्फ पुलिस विभाग में ही नहीं बल्कि कई क्षेत्रों में कंधे से कंधे मिलाकर समाज को आगे बढ़ाने का कार्य कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि अभी भी महिला और पुरुष के बीच कुछ फासले हैं जिसे पाटने की जरूरत है। कार्यपालिका और समाज के अंदर महिला पुलिस की भूमिका अहम रहती है। कई संवेदनशील मामलों पर राज्य में कार्यरत महिला पुलिस कर्मियों की जिम्मेदारी बढ़ जाती है। अक्सर राज्य की पुलिस पर कई सवाल खड़ा होते हैं। कई सवाल गलत तो कई सवाल सही भी हो सकते हैं, यह मूल्यांकन का विषय है, इस पर गंभीरता से विचार करने की जरूरत है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमें एक ऐसी पुलिसिंग व्यवस्था खड़ी करनी है जिसमें राज्य की आम जनता का पुलिस पर भरोसा कायम रहे। मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन ने कहा कि हमारी पुलिस आमजनों के बीच ऐसा कार्य करे जिसका परिणाम हमेशा न्याय संगत रहे।

### सम्मेलन वर्ष में एक बार नहीं बल्कि 6 महीने में होना चाहिए

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य की महिला पुलिस बल के बेहतरी के लिए क्या करने की जरूरत है, इस पर बेहतर कार्ययोजना बनायी जाये। कुछ विषयों पर राज्य सरकार को नीति निर्धारण करने की आवश्यकता है तो कुछ चीजें पुलिस विभाग स्तर की हैं। महिला पुलिस के हित में पुलिस विभाग को भी आगे बढ़ने की जरूरत है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार हर विभाग में सकारात्मक बदलाव के साथ आगे बढ़ रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारा मानना है कि राज्य स्तरीय महिला पुलिस सम्मेलन वर्ष में एक बार नहीं बल्कि 6 महीने में एक बार होनी चाहिए। मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन ने कहा कि राज्य की पुलिसिंग व्यवस्था को आप इस कदर आगे बढ़ाएं कि राज्य के पुलिस बल में जहां आज महिला पुलिस की संख्या 5 से 6 प्रतिशत है, वहीं आने वाले समय में यह संख्या 50 प्रतिशत तक पहुंचे, इस निमित्त जो भी सहयोग राज्य सरकार की ओर से आपको चाहिए वो हमारी सरकार करेगी।

### मानसिकता और व्यवस्था में बदलाव लाया जा सकता है

हेमंत सोरेन ने कहा कि सामाजिक व्यवस्था सुधारना आपके हुनर और बेहतर कार्य शैली की बात है। कुछ चीजों को आसानी से सरलता पूर्वक सुधार किया जा सकता है। मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन ने कहा कि कई जगहों पर महिला समूहों की बड़ी संख्या है जैसे महिला कॉलेज, नर्सिंग कॉलेज, महिला से जुड़े शिक्षण संस्थानों के हॉस्टल्स इत्यादि। इन जगहों पर महिला पुलिस पदाधिकारियों का सीधा समन्वय होना चाहिए ताकि महिला से जुड़ी परेशानियों को जाना और समझा जा सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार का हमेशा प्रयास है कि हमारी पुलिस व्यवस्था पर कोई उंगली न उठा सके या नकारात्मक कमेंट की गुंजाइश कम रहे। समाज के अंदर बेहतर कार्यशैली का परिचय देते हुए रूढ़िवादी मानसिकता और व्यवस्था में बदलाव लाया जा सकता है।

### विशेष स्मारिका का विमोचन

इस अवसर पर मुख्यमंत्री और अन्य गणमान्य अतिथियों ने एक विशेष स्मारिका का विमोचन किया। कार्यक्रम में राज्य के विकास आयुक्त अविनाश कुमार, डीजीपी अनुराग गुप्ता, अपर पुलिस महानिदेशक सुमन गुप्ता सहित अन्य वरीय पुलिस पदाधिकारीगण तथा बड़ी संख्या में महिला पुलिस पदाधिकारी उपस्थित थे।

पूर्व मध्य रेल
ई—ऑक्शन सूचना
भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेल प्रबंधक (वाणिज्यिक), पूर्व मध्य रेल, धनबाद, अनुबंध प्रदान करने के लिए वेबसाइट www.IREPS.gov.in के माध्यम से IREPS पोर्टल पर ओपन ई—नीलामी आमंत्रित करते हैं। विवरण निम्नानुसार है:
1. क्रं. सं.: i, ई —नीलामी सूची : ii- बैटरी ओपरटेड कार्ट, ई—नीलामी सूची सं. iii- बीओसी—डीएचएन —24, ई.नीलामी प्रारंभ होने का निर्धारित दिन और समय का विवरण : iv, 05.09.2024, 15:00 बजे से। कार्य का विवरण एवं स्टेशन का नाम : v- धनबाद रेलवे स्टेशनों के PF-01 से सर्कुलेटिंग एरिया तक बैटरी ओपरेटेड कार्ट की बॉडी पर विज्ञापन के साथ भुगतान के आधार पर यात्रियों को ले जाने के लिए बैटरी ओपरेटेड कार्ट की आपूर्ति, संचालन एवं रखरखाव 03 वर्षों के लिए।
2. क्रं. सं.:i, ई —नीलामी सूची : ii- पे एंड यूज शौचालय, ई—नीलामी सूची सं. iii- पीएनयू—41—24, ई.नीलामी प्रारंभ होने का निर्धारित दिन और समय का विवरण : iv, 06.09.2024, 15:00 बजे से। कार्य का विवरण एवं स्टेशन का नाम : v- धनबाद मंडल के 12 स्टेशनों क्रमशः गढ़वा टाउन, तेलो, भंडारीदह, फुसरो, बेरमो, अमलो बी.एच. चौधरी बाँध, सरमाटांड, चौबे, चिचाकी, खलारी और मैक्लुस्कीगंज में 'पे एंड यूज' सिस्टम के तहत सर्कुलेटिंग एरिया में प्री—फैब्रिकेटेड शौचालय का संचालन एवं रखरखाव 03 वर्ष की अवधि के लिए।
सभी संभावित बोलीदाताओं को सलाह दी जाती है कि वे पूर्ण विवरण के लिए वेबसाइट www.ireps.gov.in देखें और उपयुक्त ई—नीलामी में कॉलम संख्या iv में दिए गए कार्यक्रम के अनुसार भाग लें। रेल प्रशासन के पास किसी/समस्त प्रपत्र को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित रहेगा।
मंडल रेल प्रबंधक (वाणिज्य)/
पूमरे/धनबाद
पीआर/00953/डीएचएन/वा./एन/24—25/44

# हेमंत सोरेन या तो माफी मांगें, या जनता को पांच साल का हिसाब दें : बाबूलाल

### रांची के एसपी राजनीतिक पूर्वाग्रह से ग्रसित, झामुमो कार्यकर्ता की तरह कर रहे काम

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने सीएम हेमंत सोरेन पर निशाना साधा है। उन्होंने एक्स पर पोस्ट कर कहा कि हेमंत सोरेन या तो माफी मांगे, या तो प्रदेश की जनता को 5 साल का हिसाब दें। बाबूलाल ने आगे लिखा है कि युवा आक्रोश रैली के जरिये प्रदेश में लाखों युवाओं-बेरोजगारों को नौकरी और रोजगार का हक दिलाने के लिए लड़ाई की शुरूआत की गयी। हेमंत सोरेन ने युवाओं को ना तो 5 लाख नौकरी दी, ना ही राजनीति से संन्यास लिया। युवाओं के आक्रोश को देखकर डर चुके हेमंत वादाखिलाफी के लिए युवाओं से माफी मांगे। एसपी का आपत्तिजनक बयान

बाबूलाल ने एक्स पर एक अन्य पोस्ट में लिखा कि रांची एसपी का बेहद आपत्तिजनक वक्तव्य संज्ञान में आया है। इनकी बातों को सुनकर लगता है कि ये राजनीतिक पूर्वाग्रह से ग्रसित हैं और अपनी जिम्मेदारियों को छोड़कर झामुमो कार्यकर्ता की तरह काम कर रहे हैं। तस्वीरों में साफ देखा जा सकता है कि हेमंत सोरेन की पत्थरबाज पुलिस ने निहत्थे महिलाओं और युवाओं पर अंधाधुंध पत्थर बरसा कर उन्हें गंभीर रूप से जख्मी करने और उकसाने का प्रयास किया। कल मेरे संबोधन के दौरान भी हेमंत सोरेन और इन जैसे अधिकारियों के इशारे पर ही निर्दोष, निहत्थे युवाओं पर आंसू गैस के गोले छोड़े गये। रांची एसपी दिमाग में यह बात घुसा लें कि भारत माता की जय बोलने वाला सच्चा देशभक्त होता है, कोई पत्थरबाज नहीं। पत्थरबाज है तो, वो है सत्ता के इशारे पर पत्थर फेंकने वाली हेमंत सोरेन की पुलिस।

### रांची में बंग्लादेशी मुसलमानों की घुसपैठ

मरांडी ने लिखा है कि रांची जिले में हो रहे आतंकी गतिविधियों, बांग्लादेशी मुसलमानों के घुसपैठ, आदिवासियों पर अत्याचार और निर्दोष लोगों की हत्याओं पर चुप रहने वाले एसपी का राजनीतिक कार्यकर्ता की तरह बयान देना स्पष्ट करता है कि हेमंत सोरेन ने युवाओं के आक्रोश को दबाने के लिए पूरी सरकारी मशीनरी झोंक दी।

### सत्ता तो आती-जाती रहती है

सत्ता तो आती-जाती रहती है। लेकिन महज सत्ताधारी लोगों के गुडबुक में शामिल होने के लिए ऐसे अधिकारियों के नैतिकता का पतन देखकर दुख होता है। डीजीपी से कहा है कि पूर्वाग्रह से ग्रसित संबंधित एसपी और तस्वीरों में दिख रहे पत्थरबाज पुलिसकर्मियों पर उचित कारवाई करें।

# सिस्टम में रहकर सिस्टम को सुधारना मैं सीख चुका हूं : चंपाई

आजाद सिपाही संवाददाता



**जमशेदपुर।** उन पांच महीनों में मैं सीख चुका हूं कि सिस्टम में रहकर कैसे सिस्टम को सुधारा जा सकता है। ये बातें शनिवार को सरायकेला में आयोजित सभा को संबोधित करते हुए चंपाई सोरेन ने कही। पूर्व सीएम ने आगे कहा कि झारखंड अलग होने के 24 साल बाद अब मैं नये अध्याय की शुरुआत कर रहा हूं। लेकिन, अब हम राज्य को एक अलग पहचान देने का काम करेंगे, जिसमे सभी को सम्मान के साथ जीने का मौका मिलेगा। अब कभी किसी की आवाज को दबने नहीं दिया जायेगा। मजदूरों और किसानों के हक में काम होगा। चंपाई सोरेन ने आगे कहा कि इन सबके बीच मेरे छोटे-छोटे बच्चे कब बड़े हो गये, ये भी मैं नहीं जानता हूं, क्योंकि उस वक्त हम दिनभर आंदोलन करते और रात में जंगल में ही सो जाया करते थे। लेकिन अब संगठन बनायेंगे या फिर कोई अच्छा दोस्त मिलेगा, तो उसके साथ चलेंगे। अब सब कुछ जनता की भावना के अनुरूप करेंगे। किसी के भी साथ पक्षपात नहीं किया जायेगा। चंपाई ने कहा कि बहुत कम समय में लोग पहुंच रहे है और मेरा साथ दे रहे हैं, जिसके लिए मैं सभी का आभारी हूं।

चंपाई ने कहा, यहां जो भीड़ मेरे समर्थन में जुट रही है, राजनीतिक स्तर पर उसकी चर्चा हर जगह है। आगे कहा कि जब मैं दिल्ली में था, तब एक पोस्ट करके अपनी भावना को पूरे प्रदेश की जनता को मैंने बताया था। जिसमे मैंने साफ कहा था कि जिस संगठन का निर्माण मैंने किया। इसे खून पसीने से सीचने का काम किया। उसे कभी किसी तरह का नुकसान नहीं पहुंचाऊंगा। उन्होंने आगे कहा कि पहले मैंने सोचा था कि राजनीति से सन्यास ले लूंगा, लेकिन फिर जनता से मिल रहे आपार प्यार ने मुझे आगे बढ़ने पर मजबूर कर दिया। सरायकेला के साथ-साथ पूरे प्रदेश में जनता का प्यार और समर्थन मिल रहा है, जो मुझे आगे बढ़ने के लिए प्रेरित कर रहा है।

### राशिफल

ज्योतिर्विद शैलेंद्र | 9905199063

**मेष** आर्थिक मामलों में विशेषकर शेयर बाजार संबंधी कार्यों में आपके निर्णय गलत साबित हो सकते हैं।

**वृष** छात्र वर्ग को इस समय कड़ी मेहनत करने की जरूरत है। पारिवारिक सुख के लिए समय उत्तम है।

**मिथुन** बाईं आंख में दर्द, गलत व्यक्तियों की संगत, नशे के कारण मुश्किल स्थिति में फंस सकते हैं।

**कर्क** यह समय आपके लिए मिश्रित फलदायी रहेगा। व्यवहार और स्वभाव में उग्रता बढ़ेगी।

**सिंह** बुरी संगत में पड़ने की संभावनाएं अधिक हैं, संभलने का प्रयास करें।बचत पर विशेष ध्यान दें वाणी में मधुरता रहेगी।

**कन्या** प्रिंटिंग, कृषि संबंधित क्षेत्रों, स्थायी संपत्ति के क्षेत्रों में लाभ होने की संभावना है।

**तुला** व्यवसायिक मामलों में आर्थिक नुकसान न हो, इस बात का विशेष ध्यान रखें।

**वृश्चिक** आपकी तर्क शक्ति भी काफी अच्छी रहेगी और इससे लाभ होने की संभावना है।

**धनु** आपको उपचार के लिए बड़े स्तर पर धन खर्च करना पड़ सकता है। ससुराल पक्ष की तरफ से लाभ की संभावना।

**मकर** प्रेम संबंधों के लिए समय काफी अनुकूल है। इसके पश्चात आप धार्मिक साहित्य की तरफ झुकेंगे।

**कुंभ** आपका मन दुखी हो सकता है। सैर सपाटे में अधिक व्यस्त रहेंगे और खर्च बढ़ेगा। नौकरीपेशा प्रगतिकारक है।

**मीन** अधिकारियों के साथ मतभेद हो सकते हैं। प्रिय पात्र के साथ अनबन होने की संभावना है।

# भाजपा प्रदेश प्रभारी सांसद डॉ लक्ष्मीकांत वाजपेयी के पत्र पर रेल मंत्री ने दी स्वीकृति

### रांची-वाराणसी वंदे भारत ट्रेन का पारसनाथ स्टेशन पर होगा ठहराव

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** रांची-वाराणसी वंदे भारत ट्रेन का ठहराव अब झारखंड के गिरिडीह जिला स्थित पवित्र तीर्थ स्थल पारसनाथ स्टेशन पर होगा।

विगत 13 जुलाई को पत्र लिखकर जन आकांक्षाओं को देखते हुए भाजपा प्रदेश प्रभारी डॉ लक्ष्मीकांत वाजपेयी ने भारत सरकार के रेल मंत्री श्री अश्विनी वैष्णव से झारखंड के गिरिडीह जिला स्थित पवित्र तीर्थ स्थल से जुड़ा पारसनाथ स्टेशन पर रांची वाराणसी वंदे भारत ट्रेन के ठहराव का आग्रह किया था।

डॉ लक्ष्मीकांत वाजपेयी के पत्र पर संज्ञान लेते हुए रेल मंत्री ने उपर्युक्त ट्रेन के ठहराव की स्वीकृति प्रदान की है, जिसकी विधिवत सूचना भी रेल मंत्री ने डॉ वाजपेयी को दी है।

डॉ वाजपेयी ने इस कार्य के लिए रेल मंत्री का झारखंड की जनता की ओर से आभार प्रकट किया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत सरकार जनकल्याण को समर्पित है।

# ग्राम के पारंपरिक पदाधिकारियों की सम्मान राशि बढ़ी, आदेश जारी

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** राज्य के पारंपरिक ग्राम प्रधानों की सम्मान राशि बढ़ गयी है। मंत्रिपरिषद के फैसले के बाद राजस्व, निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग ने इस संबंध में संकल्प जारी कर दिया है। इसके तहत अब लगभग दोगुना सम्मान राशि इन्हें मिलेगी। पहले जहां मानकी, परगनैत को 3000 रुपये प्रतिमाह देय था अब उन्हें 6000 रुपये, मुंडा एवं ग्राम प्रधान को 2000 रुपये से बढ़ाकर 4000 रुपये, डाकुवा, पराणिक, जोगमांझी, कुड़ाम, नायकी, गौड़ेत, मूल रैयत, ग्रामीण दिउरी पुजारी, पड़हा राजा, ग्रामसभा का प्रधान, घटवाल एवं ताकेदार को 1000 रुपये के स्थान पर अब दो हजार रुपये प्रतिमाह दिया जायेगा। कार्यरत पदों की संख्या के आधार पर वर्तमान एवं सम्मान राशि वितरण में वार्षिक खर्च 44.79 करोड़ रुपये आयेगा।

# जलवायु परिवर्तन और बढ़ते प्रदूषण को नहीं रोका गया तो डायनासोर की तरह समाप्त हो जायेगा मानव जीवन : डॉ कौशल

### थाइलैंड के उप प्रधानमंत्री ने ट्री मैन डॉ कौशल को एशिया अचीवर समिट और भारत के गौरव अवार्ड से सम्मानित किया

आजाद सिपाही संवाददाता




**रांची।** थाईलैंड के बैंकॉक स्थित हॉलिडे इन में आयोजित इंटरनेशनल सेमिनार इंडो थाई फ्रेंडशिप एशिया समिट को वहां के पूर्व उप प्रधानमंत्री कॉर्न देमोरेंसी और पलामू के लाल ट्री मैन ऑफ झारखंड डॉ कौशल किशोर जायसवाल विश्व व्यापी पर्यावरण संरक्षण अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पर्यावरण धर्मगुरु और वनराखी मूवमेंट के प्रणेता ने संयुक्त रूप से उद्घाटन किया। इसके बाद उप प्रधानमंत्री ने डॉ कौशल के द्वारा पर्यावरण के क्षेत्र में उल्लेखनीय व उत्कृष्ट कार्य करने के लिए उन्हें एशिया एचीवर्स व भारत गौरव अवार्ड देकर सम्मानित किया। सम्मान ग्रहण करने के बाद इंटरनेशनल मंच के माध्यम से अपने 26 मिनट के संबोधन के दौरान डॉ कौशल ने कहा कि दुनिया में बढ़ते प्रदूषण और बदलते जलवायु परिवर्तन को अगर समय रहते नहीं रोका गया तो डायनासोर की तरह मानव का जीवन भी समाप्त होने में देर नहीं लगेगा। उन्होंने उस मंच के माध्यम से दुनिया के तमाम लोगों से जलवायु परिवर्तन व पर्यावरण प्रदूषण की विभीषिका से बचने के लिए अपने धर्मों के साथ पर्यावरण धर्म के आठ मूल ज्ञान मंत्रों को अपने जीवन के दिनचर्या में शामिल करने की अपील की।

उन्होंने कहा कि स्वयं और आने वाली पीढ़ी को सुरक्षित करने के लिए पर्यावरण धर्म को अपनाना ही विकल्प है। इंटरनेशनल सेमिनार में जुटे कई महारथियों ने अपने संबोधन में पर्यावरणविद डॉ कौशल के इस अपील की न सिर्फ समर्थन और सराहना की।

रॉंची विश्वविद्यालय
(NAAC Accredited B++)
www.ranchiuniversity.ac.in



श्री संतोष गंगवार
माननीय राज्यपाल, झारखण्ड

डॉ. अजीत कुमार सिन्हा
कुलपति, रांची विश्वविद्यालय, रांची

आज और कल की आवश्यकताओं को साधने हेतु आयोजित हमारे नानाविध रोजगार-परक व भविष्योन्मुखी कोर्स

1. M.B.A.
2. M.C.A.
3. M.Sc. in Electronics & Communication
4. M.Sc. in Biotechnology
5. M.A. in Public Administration
6. M.A. in Journalism & Mass Comm.
7. L.L.M
8. Human Rights Education
9. M.A. in Rural Development
10. M.A. in Jyotir Vigyan
11. M.A. in Archeology & Musiology
12. M.Sc. in Yogic Science
13. M.A./M.Sc. in Clinical Psychology
14. M.Sc. Environmental Science
15. M.A. in Fashion Design & Management Course
16. Performing M.A. in Fine Arts.- Music,Dance,Theatre & Fine Arts
17. M.A. in Clinical Psychology
18. Post Graduate Diploma in Medicinal Plant
19. Post Graduate Diploma in Guidance and Counselling Course
20. P.G. Diploma Course in Yogic Sc.
21. Forestry, Wild Life and Climate Change
22. Institute of Foreign Language Studies
23. Geology- Geo- Informatics, Gemology, Mineral Exploration, Global Sustainability & Climate Change
24. Radio Khanchi- 90.4 FM- (Radio Jockey) Copy Writer, Sound Producer, Radio Management.
25. Cyber Security
26. M.A. in Film Making & Production

विश्वविद्यालय के यशस्वी अंगीभूत कॉलेज

1. Ranchi Women's College, Ranchi
2 Marwari College, Ranchi
3. Doranda College, Ranchi
4. J.N. College, Dhurwa, Ranchi
5. S.S. Memorial College, Ranchi
6. R.L.S.Y. College, Ranchi
7. K.C.B. College, Bero
8. Birsa College, Khunti
9. Mandar College, Mandar
10. B.S. College, Lohardaga
11. Simdega College, Simdega
12. K.O. College, Gumla
13. B.N.J. College, Sisai, Gumla
14. P.P.K. College, Bundu, Ranchi
15. Degree Standard Women's College, Khunti
16. Women's College, Lohardaga
17. Model Degree College, Ghaghra, Gumla
18. Model Degree College, Bano, Simdega
19. Women's College, Simdega

हमारे ख्याति प्राप्त अल्पसंख्यक महाविद्यालय

1. संत जेवियर्स कॉलेज, रांची 2. निर्मला कॉलेज, रांची 3. गोस्सनर कॉलेज, रांची 4. योगोदा सत्संग कॉलेज, रांची 5. मौलाना आजाद कॉलेज, रांची

तकनीकी एवं व्यावसायिक शिक्षा में दक्ष एवं प्रवीण बनाने को तत्पर हमारी प्रतिष्ठित इकाईयाँ

1. RINPAS, Kanke
2. Central Tasar Institute, Nagri
3. Chotanagpur Law College, Namkum.
4. CIP Kanke
5. S.K. Bage College, Kolebira, Gumla
6. P.V.A.E. College, Chainpur, Gumla
7. S.G. Memorial College, Pandra, Ranchi
8. Tana Bhagat College, Ghaghra, Gumla
9. Silli College, Silli, Ranchi
10. Dumri College, Dumri, Gumla
11. St. Paul's College, Ranchi
12. Basia College, Basia
13. U.K.S. Dakra, Ranchi
14. St. Xaviers College, Simdega
15. RTC College, Dardag, Ormanjhi
St. Joshep's College, Torpa

उच्च कोटि के शिक्षकों को गढ़ते 29 बी.एड. कॉलेज

उच्च कोटि के नर्सों को तैयार करते 28 नर्सिंग कॉलेज

Memo No. - RU/DSW/734/2024 Dated : 13.08.2024

आजाद सिपाही
रांची, रविवार, 25 अगस्त, 2024
www.azadsipahi.in


## 62 हजार पारा शिक्षकों में शिक्षा मंत्री के बयान पर आक्रोश: वीरेंद्र राय

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** झारखंड के पारा शिक्षक संप्रति सहायक अध्यापक विगत 22वर्षों से लगातार सुदूरवर्ती ग्रामीण क्षेत्रों, जंगल क्षेत्र नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में शिक्षा बच्चों को ईमानदारी से दे रहे हैं। जिला अध्यक्ष वीरेंद्र कुमार राय ने शिक्षा मंत्री से कहा कि सिर्फ मिडिया में ब्यान बाजी न कर मंत्री जी धरातल पर उतारें। क्योंकि उनके पास शिक्षा विभाग का मंत्रालय है। आकलन बिभागीय परीक्षा लिया गया है। पूर्व शिक्षा मंत्री जगरन्नाथ महतो के पहल पर आकलन परीक्षा लिया गया और यह कैबिनेट से पारित है। पूर्व मंत्री वेतनमान देने के लिए यह नियमावली बनायी थी। पूर्व के रघुवर दास जी के सरकार मे भी इस पर ड्राफ्ट तैयार किया गया था कि टेट पास और आकलन पास को वेतनमान दिया जायेगा। लेकिन वर्तमान सरकार उस ड्राफ्ट को बदल दिया है। यदि सरकार वेतनमान नहीं देती है तो वेतनमान समतुल्य मानदेय जो नियमावली में है उसे लागू करें। मुख्यमंत्री जी चुनाव मे हर मंच पर बोले थे कि मेरी सरकार बनी तो तीन महीने में वेतनमान लागू करेंगे। सिर्फ चुनाव जीतने का तरीका बनाकर रख दिये है। आने वाला चुनाव में हमलोगों ने भी सरकार का प्रतिकार करेंगे।

## 30 से 15 सितंबर तक 'आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार' कार्यक्रम

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** मुख्य सचिव झारखंड सरकार के प्राप्त मार्गदर्शन के आलोक में कोडरमा जिले के सभी प्रखंडों के पंचायतों, ग्रामों में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। उक्त कार्यक्रम के आलोक में उपायुक्त मेघा भारद्वाज ने आदेश जारी कर पदाधिकारियों को शिविर लगाने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिये हैं। उन्होंने कहा है कि आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत सभी योग्य लाभुकों को राज्य सरकार की महत्वकांक्षी योजनाओं से आच्छादित करेंगे। इसके लिए जिला व प्रखंड स्तरीय पदाधिकारियों को सभी आवश्यक तैयारी पूर्ण करने का निर्देश दिया गया है। उपायुक्त मेघा भारद्वाज ने बताया कि आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत शिविर के माध्यम से आमजनों को राज्य सरकार की महत्वकांक्षी योजनाओं का लाभ दिया जायेगा। शिविर के माध्यम से आमजनों को राज्य सरकार की योजनाओ यथा झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना, अबुआ स्वास्थ्य सुरक्षा योजना, अबुआ आवास योजना, मुख्यमंत्री पशुधन योजना, बिरसा हरित ग्राम योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, सर्वजन पेंशन योजना, सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, हरा राशन कार्ड, बिरसा सिंचाई कूप संवर्धन योजना, मुख्यमंत्री स्वरोजगार सृजन योजना, गुरूजी स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड समेत योजनाओं का लाभ दिया जायेगा।

## डीएवी स्कूल में कृष्ण जन्माष्टमी की रही धूम



**झुमरीतिलैया (आजाद सिपाही)।** डीएवी कोडरमा की प्रातः कालीन सभा में जन्माष्टमी के अवसर पर अनेक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बॉसुरी की मधुर धुन पर नन्हें कान्हा, नन्हीं राधा और नन्हीं-नन्हीं गोपियों ने मनमोहक नृत्य किया। माथे पर मोर पंख, हाथ में बॉसुरी, कमर में करधनी और पीले वस्त्र पहने नन्हें दर्शित, दक्ष हर्षित, निहाल बड़े प्यारे नजर आ रहे थे तो वही सुंदर लहंगे पहनी और हाथों में लाल चूड़ियां पहनी हुईं राशिका, मायरा, एलिजा और अर्शिया सभी के मन को भा रहीं थी। आकृति और सभ्यता के समूह ने 'मैया यशोदा यह तेरा कन्हैया' गाने पर नृत्य कर सभी का मन मोह लिया। 'मीठे रस भरी राधा रानी लागे' गाने पर अभया और उनके समूह ने नृत्य कर पूरे वातावरण को भक्तिमय कर दिया। 'अधरम मधुरम' पर एकल नृत्य कर अनन्या गुप्ता ने सभी को भाव विभोर कर दिया। कृष्ण लीला पर कविता कक्षा सातवीं की छात्रा आराध्या ने गाया। कृष्ण जन्मोत्सव का सुंदर गीत नायसा निर्मल और पलक ने गाया। मंच संचालन अमीषा सिंह ने किया। विद्यालय के प्राचार्य कृष्ण कुमार सिंह ने कहा कि कृष्ण जन्माष्टमी भगवान कृष्ण के जन्म के उपलक्ष्य में मनाया जाता है। यह पर्व पूर्ण आस्था और श्रद्धा के साथ मनाया जाता है।

## फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम



**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** बड़कागांव सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सा प्रभारी डॉक्टर अविनाश कुमार के नेतृत्व में फलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के तहत 10 अगस्त से 25 अगस्त तक चलाया गया। प्रखंड के सभी गांव में घर-घर जाकर दवाइयां खिलायी गयी। दवाइयां स्वास्थ्य विभाग के कर्मियों द्वारा खिलाया गया। इसके तहत 23 अगस्त को प्रखंड के बैंक ऑफ इंडिया, भारतीय स्टेट बैंक, बैंक ऑफ बड़ौदा, झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक, आइसीआइसीआइ बैंक, आइडीबीआई बैंक, एचडीएफसी बैंक, कर्मियों और 24 अगस्त को बड़कागांव थाना के कर्मी, ब्लॉक अधिकारीयों कर्मचारियों को फलेरिया की दवा खिलायी गयी। दवा खिलाने में तरुण कुमार शर्मा मलेरिया पर्यवेक्षक, नीतीश रंजन, कमलेश कुमार, सोनम कुमारी, पूनम कुमारी, हरिशंकर कुमार, रितेश सिंह, पिरामल फाउंडेशन के के सहयोग से 2 साल से ऊपर के सभी व्यक्तियों को फलेरिया की दवा खिलाया गया। इस अवसर पर बैंक ऑफ इंडिया के मुख्य शाखा प्रबंधक शशि भूषण मुंडा, क्रेडिट मैनेजर सतीश रजक, सेवा प्रशासनिक हिमांशु शेखर, विनोद राणा, अभिषेक पांडे, घनश्याम पासवान, रघुनंदन साव, सुरक्षा पदाधिकारी शंकर पांडे, अतेशिया टुडू, अजय कुमार, अरविंद कुमार, रवि कुमार सहित अन्य लोग शामिल थे।

## भाजयुमो ने किया पुतला दहन



**मरकच्चो (आजाद सिपाही)।** भारतीय जनता युवा मोर्चा ने शुक्रवार 23 अगस्त को झारखंड की राजधानी रांची में हेमंत सोरेन सरकार के खिलाफ युवा आक्रोश रैली निकाली गयी थी। इस रैली में आई भीड़ को रोकने के लिए पुलिस ने कई जगहों पर बल का प्रयोग किया। पुलिस ने कहीं पर वाटर कैनन तो आंसू गैस के गोले छोड़े, तो कहीं पर लाठीचार्ज भी किया गया। इससे बीजेपी भड़की हुई है। इसी को लेकर भारतीय जनता पार्टी मरकच्चो के द्वारा मरकच्चो थाना के ब्लॉक चौक पर शनिवार शाम को झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का पुतला दहन किया गया व नारे लगाये गये। इस मौके पर भाजपा नेता बेदु साव, जिला महामंत्री बिजय यादव, मंडल अध्यक्ष सुनील यादव, मुखिया रणजीत सिंह, रविंद्र पांडे, प्रयाग महतो, सदानन्द वर्मा, सतीश सिंह, अनेश्वर सिंह, बसन्त साव, पवन सिंह, अर्जुन यादव, हरिहर सिंह, सकलदेव यादव, यमुना यादव, मुकेश ठाकुर, समेत दर्जनों भाजपाई उपस्थित थे।

# स्कूल रास्ते को लेकर पथराव छह बच्चे और एक ग्रामीण घायल

**स्कूल रास्ता बंद होने पर रोड़ में बैठे बच्चे की प्रार्थना**

**खबर छापने पर पत्रकार को मिली धमकी**

आजाद सिपाही संवाददाता

**बरकट्ठा।** प्रखंड क्षेत्र के ग्राम कोनहारा कला स्थित नव सृजित प्राथमिक विद्यालय कोनहारा कला के स्कूल का रास्ता बंद होने से रास्ता रोकने वाला इसरैल मियां पिता रहीम मियां और ग्रामीणों के बीच झड़प में छह स्कूली बच्चे और एक ग्रामीण घायल हो गये। घायलों में छात्र अरुण कुमार, फरीद रजा, तनवीर आलम, सौरव कुमार, शिवानी कुमारी, तनवीर आलम और ग्रामीण अमन पांडेय शामिल हैं। सभी घायलों का उपचार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बरकट्ठा में किया गया। इस बाबत बच्चों के अभिभावकों ने बरकट्ठा थाना में आवेदन देते हुए बताया कि स्कूल के रास्ते में गांव के इसरैल मियां पिता रहीम मियां ने ईट गिराकर रास्ते को बंद कर दिया गया। जिसके बाद स्कूली बच्चों ने वहीं रोड़ पर बैठकर रास्ता रोके जाने को लेकर विरोध करने लगे। वहीं ग्रामीणों और अभिभावकों रास्ते पर रखे ईंट हटाने की मांग करने लगे इसी बीच इसरैल मियां और उनके परिजनों ने पत्थराव करना शुरू कर दिया। सुचना मिलते ही पुलिस प्रशासन मौके पर पहुंचकर मामले को शांत कराया। आक्रोशित ग्रामीणों ने रास्ते में रखे ईंट को हटाया जिसके बाद बच्चे विद्यालय पहुंचे।





**खबर छापने पर पत्रकार को मिली जान से मारने की धमकी:** स्कूल रास्ता मामला को लेकर खबर छापने पर एक दैनिक अखबार के संवाददाता और उनके परिजनों के साथ गाली-गलौच और जान से मारने की धमकी दी गयी है। इस बाबत स्थानीय पत्रकार ईश्वर यादव ने बरकट्ठा थाना में आवेदन देते हुए जान माल की सुरक्षा की गुहार लगायी है।

### क्या है मामला

ग्रामीणों के मुताबिक गांव के लोग अपनी रैयती जमीन थोड़ी-थोड़ी छोड़कर और लगभग पांच फीट गैरमजरुवा जमीन को मिलाकर 15 फीट जमीन स्कूल रास्ता के लिए रखा गया था। लेकिन विवाद को समाप्त करने को लेकर 2021 में निवर्तमान मुखिया मुंशी पासवान की अध्यक्षता में बैठक कर रास्ता बंद करने वाले इसरैल मियां को उनके कुल रकवा से चार फीट जमीन अधिक दिया गया। और 11 फिट का रास्ता स्कूल के लिए रखा गया। सहमति के बाद इसरैल मियां ने अपने और ग्रामीणों द्वारा छोड़े गये जमीन पर घर बनाने के बाद स्कूल रास्ता को अपना बताकर ईंट गिरा दिया और रास्ते को बंद कर दिया।

# अवैध वसूली के खिलाफ ट्रैक्टर मालिक हड़ताल पर

**एंट्री के नाम पर हर महीने वसूला जाता है निश्चित रकम**

आजाद सिपाही संवाददाता

**दारु/हजारीबाग।** दारु थाना क्षेत्र में बालू के उठाव का मामला काफी गरमाया हुआ है। नदी घाटों से बालू निकालने के एवज मे दारु थाना पुलिस द्वारा एंट्री के नाम पर हर महीने एक निश्चित रकम तीन से चार हजार प्रतिमाह लेने का आरोप ट्रेक्टर मालिक लगा रहे है। ट्रेक्टर मालिकों का कहना है कि एंट्री की रकम नहीं देने पर उनकी गाडी पकड़ ली जाती है उसके बाद छोड़ने के एवज मे 30 से 50 हजार रुपये की मांग की जाती है पैसा नहीं देने पर उनपर मुकदमा दर्ज कर दिया जाता है। थाना में एंट्री यदि दिया गया है तो अंचलाधिकारी जांच करने निकलते है और पकड़े जाने पर मोटी रकम लेकर तब छोड़ते है। गुरुवार और शुक्रवार को कवालू से दो और हरली से एक ट्रेक्टर अंचलाधिकारी नवीन भूषण कुल्लू ने पकड़ा जिन्हे मोटी रकम लेकर मौके से ही छोड़ दिया गया। इस तरह प्रशासन की दोहरी मार के कारण वे सभी त्रस्त है और वे हड़ताल पर जाने को मजबूर है। दारु आंचल अंतर्गत लगभग 200 ट्रेक्टर शनिवार से खड़े हो गये जिस कारण ट्रेक्टर चालक और मजदूरों के बीच आने वाले दिनों में भुखमरी की स्तिथि पैदा हो सकती है। इस बारे मे अंचलाधिकारी नवीन भूषण कुल्लू ने कहा कि सरकार के द्वारा बालू की ढुलाई वर्तमान में बंद है। अगर कोई ट्रेक्टर मालिक बालू का अवैध ढुलाई करता है तो एनजीटी के तहत पकड़कर मामला दर्ज कर दिया जायेगा। दारु थाना प्रभारी शाफिक खान ने कहा कि आरोप निराधार है कोई दिन में बालू लेकर चलेगा तो उसे पकड़ा ही जायेगा।



## ट्रक से 50 पशु बरामद

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** कोडरमा एसपी अनुदीप सिंह को मिली सूचना पर पशुओं की तस्करी कर ले जा रहे ट्रक को जब्त किया गया है। सूचना थी कि कोडरमा थाना क्षेत्र के रास्ते अवैध रूप से एक ट्रक में पशुओं की तस्करी कर ले जाया जा रहा है। इसके सत्यापन और आवश्यक कार्रवाई हेतु कोडरमा थाना प्रभारी सुजित कुमार को दी गयी। निर्देश के आलोक में उनके नेतृत्व में एक छापेमारी टीम का गठन किया गया। गठित टीम द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए थाना अंतर्गत बाघीटाड चेक नाका के पास एक ट्रक में लदे 50 भैस जब्त कर, 2 अभियुक्तों को भी गिरफ्तार किया गया। ट्रक मे बिहार से पशु लोड करके बंगाल की तरफ जा रहे थे। इसमे गिरफ्तार में बलेश्वर प्रसाद उम्र 35 वर्ष पिता गुरु चरण प्रसाद ग्राम बैकटपुर थाना खुसरूपुर जिला पटना और मवेशी मलिक वीरेंद्र प्रसाद उम्र 40 वर्ष पिता देवनारायण प्रसाद ग्राम परवलपुर थाना हिल्स जिला नालंदा बिहार के नाम शामिल है।

## ऑपरेशन थिएटर के मॉनिटर की हुई चोरी

**झुमरीतिलैया (आजाद सिपाही)।** तिलैया थाना क्षेत्र के रांची-पटना रोड में स्थित डॉक्टर प्रीति रानी तारा मेमोरियल हॉस्पिटल के संचालक डॉक्टर परिमल तारा ने तिलैया थाना में आवेदन देकर अस्पताल में चोरी होने की शिकायत दर्ज कराया है। डॉक्टर परिमल तारा ने बताया कि 23 अगस्त को एक मरीज का ऑपरेशन करने के लिए जब वह ऑपरेशन थिएटर में गये तो ऑपरेशन थिएटर का मॉनिटर गायब पाया। इसके बाद जब उन्होंने सीसीटीवी फुटेज को चेक किया तो अस्पताल में पूर्व में कार्य कर चुके स्टाफ समीर अहमद के द्वारा दिन में करीब 10 बजे चोरी की घटना को अंजाम देते हुए पाया गया। उन्होंने बताया कि समीर अहमद को अस्पताल में गड़बड़ी करने के मामले में कुछ दिन पहले निकाल दिया गया था। इसके बाद उ घटना को अंजाम दिया है। घटना में अस्पताल के स्टाफ समीम और अर्जुन का भी हाथ होने की आशंका है। उन्होंने मामले की जांच करने एवं घटना को अंजाम देने वाले आरोपियों पर कार्रवाई की मांग की है।

# केरेडारी में अवैध बालू का भंडारण जारी

आजाद सिपाही संवाददाता

**केरेडारी।** राज्य में एनजीटी के तहत अवैध बालू के भंडारण पर रोक के बावजूद केरेडारी प्रखंड क्षेत्र में नदियों से बालू का अवैध उठाव व भंडारण थम नहीं रहा है। अवैध बालू का भंडारण केरेडारी के कई कंपनियों में बालू का स्टॉक यार्ड बना दिया गया है। वहीं केरेडारी सीओ व स्थानीय पुलिस प्रशासन द्वारा नदियों से बालू का अवैध उठाव पर रोक लगाने और अवैध भंडारण बंद करने की कार्रवाई भी लगातार की जा रही है बावजूद इसके बालू का अवैध भंडारण नहीं रूक रही है बता दें कि केरेडारी के मनातू नवाखाप, पचड़ा, गेरूवा नदी, पतरा नदी से बालू का अवैध उठाव निरंतर जारी है। बालू के अवैध उठाव से केरेडारी के कई छोटी नदियों के किनारे मिट्टी का कटाव बढ़ गया है जिससे पेड़ पौधे भी नष्ट हो रहे हैं। ट्रेक्टर मालिक अवैध तरीके से बालू उठाव कर एनटीपीसी के सिकरी साइट कार्यालय में बिल्डिंग का काम कर रहे यूनिवर्सल कंपनी में सैकड़ों ट्रैक्टर बालू का भंडारण किया है जिसके बाद एल एंड टी के पांडु स्थिति बैचिंग प्लांट व चट्टीबारितु में राय कंट्रक्शन द्वारा भी लगभग सैकड़ों ट्रेक्टर बालू का अवैध भंडारण किया गया है। जल स्त्रोतों के संरक्षण के लिए खनन विभाग ने 10 जून से 15 अक्टूबर तक बालू के अवैध उठाव, उत्खनन और परिवहन पर रोक लगा दी है। इसके बाद भी बालू माफियाओं की सक्रियता नहीं थम रही है। केरेडारी के दर्जनों नदियों से प्रतिदिन सैकड़ों ट्रैक्टर बालू का उठाव कर उसे खपाया जा रहा है या फिर अवैध रूप से भंडारण किया जा रहा है। इस संबंध में केरेडारी सीओ रामरतन कुमार वर्णवाल से पूछे जाने पर बताया कि कुछ जगहों पर बालू स्टॉक की सूचना है हमने इसकी सूचना डीएमओ को भी दे दिया है।



# भाजपा कार्यकर्ताओं ने सरकार का पुतला जलाया

आजाद सिपाही संवाददाता

**हजारीबाग।** भारतीय जनता युवा मोर्चा झारखंड के कार्यकर्ताओं ने भाजयुमो के आक्रोश रैली पर पुलिसिया कारवाई के विरोध में शनिवार शाम भाजयुमो जिला अध्यक्ष राजकरण पांडे के नेतृत्व में झंडा चौक में मुख्यमंत्री का पुतला दहन किया गया। इस विरोध प्रदर्शन में बड़ी संख्या में पार्टी के वरिष्ठ नेता और कार्यकर्ता शामिल हुए। उन्होंने राज्य सरकार और पुलिस प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और दोषी पुलिसकर्मियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। मौके पर उपस्थित भाजपा नेताओं ने कहा, हम इस घटना की कठोर शब्दों में निंदा करते हैं, यह हमारे लोकतांत्रिक अधिकारों पर हमला है। हम हेमंत सोरेन सरकार को चेतावनी देते हैं कि जब तक सरकार दोषी पुलिसकर्मियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई नहीं करती है और उनका इलाज का खर्च वहन नहीं करती है, तब तक हमारा आंदोलन जारी रहेगा। भारतीय जनता पार्टी और युवा मोर्चा कार्यकर्त्ता सभी नागरिकों से अपील करती है कि वे इस बर्बरता के खिलाफ एकजुट होकर सरकार के खिलाफ आवाज उठायें क्योंकि यह लड़ाई केवल भारतीय जनता युवा मोर्चा की नहीं है, बल्कि हर उस नागरिक की है जो लोकतांत्रिक मूल्यों में विश्वास रखता है। इस कार्यक्रम में मुख्य रुप से जिला महामंत्री सुनील मेहता,सुमन कुमार ,बटेश्वर प्रसाद मेहता, भैया अभिमन्यु प्रसाद, दिनेश सिंह राठौड़, दामोदर सिंह, दीपक मेहता, सुमित लाहिरी, अनिल मिश्रा, जयनारायण कुशवाहा, कृष्णा मेहता,विवेक बरियार, पंकज मेहता, रणधीर पांडे, विक्रम सिंह, इन्द्रनारायण कुशवाहा,शिबू मेहता, कुलदीप कृष्णा, टोनी जैन, तरुण कुमार, सोनू कुमार, रविंद्र कुमार जैन आदि उपस्थिति थे ।



### भाजपा कार्यकर्ताओं ने किया विरोध प्रदर्शन



**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी के निर्देशानुसार बडकागांव पश्चिमी मंडल अध्यक्ष आदित्य साहू सोनी और बडकागांव पूर्वी मंडल अध्यक्ष खेमलाल महतो के नेतृत्व में झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का पुतला दहन बडकागांव थाना के पास किया गया। इस पुतला दहन कार्यक्रम भाजपा कार्यकर्ता मौजूद होकर हेमंत सोरेन के खिलाफ अपना विरोध प्रदर्शन किया। बताते चले की भारतीय जनता युवा मोर्चा द्वारा 23 अगस्त को आक्रोश रैली में पुलिस प्रशासन द्वारा भाजपा कार्यकर्ताओं पर आंसू की गोले, लाठी चार्ज पानी की फुहार से बर्बरतापूर्ण कार्रवाई के विरुद्ध में बड़कागांव में हेमंत सोरेन का पुतला दहन किया गया। मौके पर उपस्थित दोनों मंडल के मंडल अध्यक्षों ने एक स्वर में कहा कि हेमंत सोरेन अपनी तानाशाही दिखाकर सभी भाजपा के कार्यकर्ताओं पर सख्त कार्रवाई है जिसे हम लोग कड़े शब्दों में विरोध करते हैं। मौके पर पश्चिमी भाजपा मंडल अध्यक्ष आदित्य साहु सोनी, पूर्वी भाजपा मंडल अध्यक्ष खेमलाल महतो, महामंत्री नरसिंह प्रसाद, युवा मोर्चा अध्यक्ष राजेश यादव, किशोर राणा, उदय महतो, सत्यजित विद्यालंकार, अनुज यादव, रंजित कुमार, सत्यदेव कुमार, कैलाश राणा, रंजीत कुमार, किशोर राणा, धनेश, जयकिशन कुमार, रवि कुमार सहित अन्य लोग शामिल थे।

## आपके सुख-दुख में सदैव रहूंगा साथ: प्रदीप प्रसाद



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** समाजसेवी सह भाजपा नेता प्रदीप प्रसाद ने शनिवार को कटकमदाग प्रखंड क्षेत्र का दौरा कर ग्रामीणों की समस्याओं से रूबरू हुए। उन्होंने ग्राम सलगावां के शिव मंदिर प्रांगण में ग्रामीणों के साथ बैठक की। बैठक के दौरान ग्रामीणों ने उनके द्वारा विगत कई वर्षो से किये जा रहे समाजिक कार्यों की सराहना की। कई ग्रामीणों ने उनके द्वारा सदर अस्पताल में उपलब्ध कराये गये रक्त, एंटी-रेबीज सहित अन्य चिकित्सीय सुविधाओं के प्रति अभार जताया। ग्रामीणों ने अगामी विधान सभा चुनाव में उम्मीदवार बनने पर पुरा समर्थन का भरोषा जताया। मौके पर भाजपा नेता प्रदीप प्रसाद ने कहा कि मैं पिछले 14-15 वर्षो से जनता की सेवा में जुटा हूं। मैंने पिछले 2014 में स्वतंत्र रूप से सदर विधानसभा का चुनाव लड़ा। जिसमें जनता का जो समर्थन, आशीर्वाद और प्यार मिला उसे मैं कभी भूल नहीं सकता हूं। मैं जनता की हर समस्याओं का समाधान का प्रयास के साथ-साथ उनके हर सुख-दु:ख में सदैव साथ रहने का वादा करता हूं। बैठक को पंसस प्रतिनिधि गंगा साव, कार्तिक शर्मा, महेश प्रसाद, लखन कुशवाहा सहित अन्य संबोधित कर शिव मंदिर जिर्णोद्धार कार्य में सहयोग की अपेक्षा जतायी। बैठक में प्रखंड उप प्रमुख विमल गुप्ता, प्रखंड मुखिया संघ के अध्यक्ष राजेश गुप्ता, ढेंगुरा के पूर्व मुखिया कामेश्वर दास, राजेश ठाकुर, शशि शर्मा, नरेश प्रसाद, अनिल प्रसाद, गिरजा शर्मा आदि उपस्थित थे।

## सरकार का तानाशाही रवैया अब युवा को स्वीकार नहीं: अमित सिन्हा



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** युवा आक्रोश रैली में भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ शामिल हुए भाजपा नेता अमित सिन्हा ने कहा की सरकार की तानासाही रवैया अब युवा को स्वीकार नहीं है। युवा देश का भविष्य है और जिस प्रकार वर्तमान सरकार ने युवाओ को छलने का काम किया है उनके विरोध में शुक्रवार को जो युवाओं का गुस्सा देखने को मिला इससे ये तय है की इस बार वर्तमान सरकार को उखाड़ फेकने में कोई कसर नहीं छोड़ने वाली। युवाओ को जहा भी जगह मिला वही भाजपा कार्यकर्ता शामिल हुए, रास्ते में रोकने का विरोध करना शुरू कर दिया। युवाओ का गुस्सा उफान पर है। आक्रोश रैली से ये साबित हो गया की वर्तमान सरकार ने झारखंड के युवाओं को उनके हक की नौकरी, उनके हक का रोजगार और पिछले 5 सालों से हो रही उनके साथ हों रही नाइंसाफी का न्याय दिलाने के लिए हेमंत सरकार के खिलाफ निर्णायक लड़ाई का आगाज हो चुका है। यह बात भाजपा नेता अमित सिन्हा ने युवा आक्रोश रैली में शामिल होने के बाद कही।

## एसआइएस भर्ती शिविर का आयोजन

**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** सिक्योरिटी स्किल काउंसिल ऑफ इंडिया और सिक्योरिटी एंड इंटेलिजेंस सर्विस इंडिया लिमिटेड द्वारा हजारीबाग जिला में बेरोजगार युवकों को रोजगार देने का काम कर रही हैं। उक्त संस्था द्वारा बीते 16 अगस्त से आगामी 31 अगस्त 2024 तक एसआइएस भर्ती शिविर का आयोजन किया जा रहा है। भर्ती शिविर में 800 सुरक्षा जवान, 200 सुरक्षा सुपरवाइजर और 200 कैश कस्टडियन का चयन किया जायेगा। सभी चयनित उम्मीदवारों को सेंट्रल ट्रेनिंग एकेडमी गढ़वा में एक माह का प्रशिक्षण प्रदान किया जायेगा। जिसमें पीटी ड्रिल, औद्योगिक सुरक्षा, वीआइपी सुरक्षा, प्राथमिक उपचार, फायर फाइटिंग, कंप्यूटर बैंक सिक्योरिटी, भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग की सुरक्षा, सरकारी कार्यालयों की सुरक्षा इत्यादि का प्रशिक्षण प्रदान करके सिक्योरिटी इंटेलिजेंस सर्विस इंडिया लिमिटेड में 5000 कार्य स्थलों पर नौकरी उपलब्ध करायी जायेगी।

## रस्सी से झूलता मिला युवक का शव

**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** बड़कागांव थाना क्षेत्र अंतर्गत ढेंगा देवी मंडप के पास ओएनजीसी के पुराना क्वार्टर में कदमाडीह निवासी नेतलाल सिंह के 35 वर्षीय पुत्र मुकेश कुमार सिंह का आज करीब 3 बजे एक रस्सी से झूलता हुआ शव देखा गया। चरवाहों ने देखा और हो हल्ला किया। उसके बाद गांव वालों ने पहचान की। बताया जाता है कि मुकेश कुमार को तीन दिन पहले देखा गया उसके बाद से वह गायब था। बताया जाता है कि मुकेश को नशा का लत था। इस संबंध में बड़कागांव पुलिस को सूचना दी गयी पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर हजारीबाग पोस्टमार्टम के लिए भेजा। शव की स्थिति को देखते हुए कई तरह की चर्चाएं हो रही है। बताया जाता है कि मुकेश के माथा के पीछे से चोट लगा हुआ है। नया लेलुन के रस्सी से चार-पांच गांठ लगा हुआ था। पुलिस मामले की छानबीन में जुट गयी।

## डिग्री कॉलेज में किया गया पौधरोपण



**चंदवारा (आजाद सिपाही)।** चंदवारा स्थित डिग्री कॉलेज बरही, हजारीबाग में पौधरोपण कार्यक्रम पखवाड़ा के तीसरे दिन मुख्य अतिथि के रूप में चंदवारा पश्चिमी मुखिया संतोष कुमार कुशवाहा समेत चंदवारा के गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति में नवनिर्मित कॉलेज परिसर में नव नामांकित छात्र-छात्राओं के द्वारा पौधरोपण कार्यक्रम का संपादन किया गया। पर्यावरण संरक्षण और सामाजिक जागरूकता के आवाहन के साथ प्राचार्य डॉ जयप्रकाश आनंद ने सबों का महाविद्यालय परिसर में अभिनंदन और स्वागत किया। प्राचार्य ने लोगों को अवगत कराते हुए कहा कि आइडीएफसी फर्स्ट भारत प्राइवेट लिमिटेड के सौजन्य से 500 पौधरोपण का लक्ष्य रखा गया है। पौधरोपण न केवल वायु प्रदूषण, जल प्रदूषण व भूमि कटाव को रोकता है बल्कि हरे भरे महाविद्यालय परिसर में पंछी जब कलरव करते हैं तो मन प्रफुल्लित हो उठता है ओर यह विद्यार्थियों के लिए भी एक सुखद एहसास और यादगार क्षण के रूप में उपलब्ध होता है। ज्ञात हो की चंदवारा अवस्थित डिग्री कॉलेज बरही, हजारीबाग में चांसलर पोर्टल द्वारा नामांकन की द्वितीय फेज में नामांकन हेतु दस दिनों के लिए चांसलर पोर्टल दोबारा खोल दिया गया है। पौधरोपण कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं समेत कई अन्य मौजूद रहे।

## विद्यालय से चेकबुक समेत कागजात की चोरी

**जयनगर (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के डीएवी पब्लिक स्कूल आल्हो, स्कूल कार्यालय से बैंक पासबुक, चेकबुक सहित अन्य आवश्यक कागजात की चोरी हो गया। विगत रात्रि को बैंक पासबुक, चेकबुक सहित अन्य आवश्यक कागजात की चोरी हो गयी है। बैंक पासबुक और चेकबुक विद्यालय के संचालक राजकुमार यादव के नाम से अंकित है।

## पेज 01 का शेष

### आर्थिक सुरक्षा देना हमारी प्राथमिकता

मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड एक पिछड़ा राज्य है। आज भी यहां की एक बड़ी आबादी गरीबी की जिंदगी व्यतीत कर रही है। ऐसे में अभाव और वंचित समाज के लोगों को आर्थिक सुरक्षा देना सरकार की प्राथमिकताओं में शामिल है। इसी बात को ध्यान में रखकर हमारी सरकार ने सर्वजन पेंशन योजना को लागू किया है। किसानों के दो लाख रुपये तक के लोन को माफ करने का निर्णय भी हमने लिया है। गरीबों को हर राशन कार्ड, महिलाओं को सम्मान राशि देने समेत ऐसी कई और भी योजनाएं हैं, जिनके माध्यम से हम लोगों को आर्थिक सुरक्षा देने का प्रयास कर रहे हैं।

### योजनाओं से जुड़ कर किसान बढ़ायें आय

मुख्यमंत्री ने कहा कि आज मौसम में जिस तरह का बदलाव देखने को मिल रहा है। ऐसे में किसानों को पारंपरिक कृषि के साथ अन्य माध्यमों से भी आय बढ़ाने की दिशा में सरकार निरंतर प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि बिरसा हरित ग्राम योजना के माध्यम से किसान फलदार वृक्ष लगाकर और मुख्यमंत्री पशुधन योजना से जुड़कर अपनी आय में बढ़ोतरी कर सकते हैं। इसके अलावा किसानों को खाद- बीज और अन्य जरूरतों को पूरा कराने का काम राज्य सरकार कर रही है।

### प्रवासियों का भी रखा जा रहा ख्याल

मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड से बड़ी संख्या में किसान-मजदूर और अन्य लोग दूसरे प्रदेशों और विदेशों में रोजगार के लिए पलायन करते हैं। ऐसे में दूसरे राज्य और देशों में रहने वाले झारखंड के लोगों के हितों का भी सरकार पूरा ख्याल रख रही है। वहां उनके साथ अगर किसी प्रकार की घटना या हादसा होता है तो सरकार हर स्तर पर उनकी सहायता तथा मदद देने के लिए तत्पर है। हमारी कोशिश इस राज्य के अंदर और राज्य के बाहर रहने वाले सभी झारखंड वासियों का ख्याल रखना है।

### युवाओं के लिए खुल चुके हैं नौकरी के द्वार

हेमंत ने कहा कि राज्य में युवाओं को सरकारी नौकरी देने का दरवाजा खुला हुआ है। इंजीनियर, डॉक्टर, कृषि पदाधिकारी, खेल पदाधिकारी, पशुपालन अधिकारी जैसे अनेक हजारों पदों पर बहाली हो चुकी है। वहीं, सहायक आचार्य, उत्पाद सिपाही और आरक्षी समेत दर्जनों विभागों में खाली पड़े हजारों पदों के लिए पूरी तेजी के साथ नियुक्ति प्रक्रियाएं चल रही है। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि यहां के जो बच्चे डॉक्टर, इंजीनियर और अफसर बनना चाहते हैं, उन्हें भी सरकार आर्थिक सहायता दे रही है। गुरुजी क्रेडिट कार्ड योजना के माध्यम से यहां के बच्चों को उच्च शिक्षा के लिए 15 लाख रुपये तक का शिक्षा लोन सरकार अपनी गारंटी पर दे रही है। हमारा संकल्प आने वाली पीढ़ी को बेहतर मार्गदर्शन देना है।

### उत्तरी छोटानागपुर में 94 प्रतिशत उपलब्धि

उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल के 7 जिलों में झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के तहत 15 लाख 29 हजार 883 लाभुकों के आवेदनों को स्वीकृति दी जा चुकी है। इस योजना की सफलता का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि कुल लक्ष्य का 93.63 प्रतिशत उपलब्धि हासिल कर लिया गया है। मुख्यमंत्री ने आयोजित प्रमंडल स्तरीय कार्यक्रम में 13 लाख 94 हजार 82 लाभुकों के खाते में डीबीटी के माध्यम से सम्मान राशि हस्तांतरित किया। कार्यक्रम में मंत्री सत्यानंद भोक्ता, बेबी देवी और मंत्री दीपिका पांडेय सिंह, विधायक मथुरा प्रसाद महतो, उमा शंकर अकेला, विनोद सिंह, कल्पना सोरेन, सुदिव्य कुमार सोनू, जयमंगल सिंह, अम्बा प्रसाद और विधायक लंबोदर महतो के अलावा पूर्व विधायक ममता देवी, फागु बेसरा, महिला, बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग के सचिव मनोज कुमार, प्रमंडलीय आयुक्त सुमन कैथरीन किस्पोट्टा तथा हजारीबाग की उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक समेत अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

## पेज 01 का शेष

### घोषणा पत्र का किया जिक्र

बाबूलाल ने कहा कि क्या कांग्रेस और राहुल गांधी नेशनल कांफ्रेंस के जम्मू-कश्मीर में फिर से अलग झंडे के वादे का, धारा 370 और आर्टिकल 35 ए को वापस लाकर जम्मू-कश्मीर को फिर से अशांति और आतंकवाद के युग में धकेलने के जेकेएनसी के निर्णय का, कश्मीर के युवाओं के बदले पाकिस्तान के साथ वार्ता करके फिर से अलगाववाद को बढ़ावा देने का, आतंकवाद और पत्थरबाजी की घटनाओं में शामिल लोगों के परिजनों को फिर से सरकारी नौकरी में बहाल कर- के आतंकवाद, दहशतगर्दी और बंद के दौर को फिर से लाने का, जम्मू-कश्मीर की अर्थव्यवस्था को एक बार फिर से भ्रष्टाचार की आग में झोंक कर पाकिस्तान समर्थित गिने चुने परिवारों के हाथों में सौपने का समर्थन करते हैं? उन्होंने कहा कि क्या कांग्रेस चाहती है कि शंकराचार्य पर्वत, तख्त-ए-सुलिमान और हरि पर्वत, कोह-ए-मारन के नाम से जाने जायें। क्या कांग्रेस समर्थन करती है? क्या कांग्रेस पार्टी जेकेएनसी के जम्मू और घाटी के बीच भेदभाव की राजनीति का समर्थन करती है? क्या कांग्रेस और राहुल गाँधी कश्मीर को ऑटोनॉमी देने की खङठउ की विभाजनकारी सोच और नीतियों का समर्थन करते हैं?

### कांग्रेस का चेहरा सामने आया

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि इस गठबंधन से कांग्रेस पार्टी का आरक्षण विरोधी चेहरा सामने आया है। क्या कांग्रेस दलितों, गुज्जर, बकरवाल और पहाड़ियों के आरक्षण को समाप्त कर फिर से उनके साथ अन्याय करने के नेशनल कांफ्रेंस के वादे के साथ है? बताना चाहिए। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की देश विरोधी और गलत नीतियों की कीमत देश को लंबे समय तक यानि आज भी हम सबों को चुकानी पड़ रही है। देश 1947 में आजाद हुआ उसके बाद पाकिस्तान की सेना ने जम्मू काश्मीर में हमला किया। उसके बाद जम्मू काश्मीर की स्थिति के बारें में सभी को पता है। काश्मीर का एक हिस्सा जिसको पीओके कहते हैं, पाकिस्तान ने अपनी तरफ कर रखा है शेष जो भारत के हिस्सों में भी था उस पर भी 370 लगा दिया गया था। 1953 तक वहां के मुख्यमंत्री भी प्रधानमंत्री कहलाते थे। और उनका झंडा भी अलग ही होता था। यानि देश के अंदर दो प्रधान और दो निशान थे। भारत का कानून भी यहां लागू नहीं होता था, यहां अलग से कानून था। उस समय भारतीय जनसंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने विरोध किया था। इसी कारण उन्होंने मंत्रिमंडल से इस्तीफा देकर जनसंघ पार्टी की स्थापना की। उस वक्त दो प्रधान थे वह तो हट गया। परमिट से जाने वाला सिस्टम भी उनके बलिदान के बाद समाप्त हो गयी, लेकिन 370 और 35 ए, विधान भी पूर्ण रूप से लागू नहीं था ये चल रहा था।

## कुजू में सांसद खेल महोत्सव आज

**कुजू (आजाद सिपाही)।** पब्लिक हाई स्कूल कुजू के मैदान में नौ दिवसीय सांसद खेल महोत्सव के तहत नमो फुटबॉल टूर्नामेंट का शुभारंभ आगामी 25 अगस्त को किया जायेगा। जिसकी तैयारी पूरी कर ली गयी है। आयोजित खेल महोत्सव में मुख्य रूप से हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल शामिल होंगे। उक्त आशय की जानकारी खेल महोत्सव के अध्यक्ष अशोक कुमार ने दी।

# संजय बेदिया हत्याकांड से इलाके में सनसनी एसपी समेत अन्य अधिकारियों ने की जांच

**मृतक की पत्नी ने कहा : संजय घर का एकमात्र कमाऊ था**





आजाद सिपाही संवाददाता

**कुजू।** सांडी-तिलैया गोलीकांड मामले में रामगढ़ एसपी अजय कुमार ने शनिवार को घटनास्थल का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने वीडियोग्राफी भी की। साथ ही, वार्ड पार्षद प्रतिनिधि रामसहाय बेदिया समेत ग्रामीणों से घटना के संबंध में कई महत्वपूर्ण जानकारियां प्राप्त किया। एसपी अजय कुमार ग्रामीणों से मृतक संजय बेदिया से जुड़े गतिविधि के संबंध में जानकारी प्राप्त किया। साथ ही, कहा कि किसी प्रकार की जानकारी अगर आपके पास है तो बेहिचक संपर्क करें। जिससे मामले का उदभेदन करने में सहायक होगा। वहीं, मौजूद अधिकारियों को भी इस मामले में गंभीरता पूर्वक जांच करने का निर्देश दिया। तत्पश्चात कुजू ओपी में पुलिस अधिकारियों के साथ बैठक की। मौके पर एसडीपीओ परमेश्वर प्रसाद, इंस्पेक्टर सुरेश लिंडा, मांडू थाना प्रभारी रंजीत यादव, कुजू ओपी के अनि रौशन कुमार समेत सदलबल शामिल रहे। मालूम हो कि बीती रात बाइक सवार अपराधियों ने पलंबर मिस्त्री संजय बेदिया को गोली मारकर हत्या कर दी थीं।

**मृतक के शव का इंतेजार कर रहे थे ग्रामीण, पत्नी समेत परिजनों का था रो-रो कर बुराहाल:** तिलैया बस्ती (सांडी) मे पहली बार गोली का शिकार हुए संजय बेदिया के मौत के बाद ग्रामीण काफी दहशत के साथ काफी आक्रोश में है। वहीं, ग्रामीण महिलाओं व पुरूषों से पूछे जाने पर संजय को मिलनसार और सामाजिक सेवा कार्य में जुटे होने की बात ही। इधर, संजय बेदिया की पत्नी मोनिता ने बताया कि मेरे इलाज के लिए ओरमांझी में मेरी फुआ के पास ले गये थे। इस दौरान उन्होंने मीटिंग में जाने की बात कह कर जल्दीबाजी में निकले थे। इधर, पत्नी ने बताया कि संजय घर का एकलौता कमाने वाला था। अब हमलोगों का परवरिश कैसे होगा। संजय अपने पीछे दो छोटे छोटे बच्चे समेत दो बहन और बुजुर्ग पिता को छोड़ गया है। वही, गांव वाले मृतक का शव का इंतजार कर रहे थे।

**पिता ने कुजू ओपी में अज्ञात अपराधकर्मियों के खिलाफ दिया आवेदन :** मामले को लेकर पिता शिवनंदन बेदिया ने कुजू ओपी में अज्ञात अपराधियों के खिलाफ आवेदन दिया है। जिसमें उन्होंने संजय बेदिया को गोली मारने की बात कही है। उन्होंने पुलिस से दोषियो के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

# लाइब्रेरियन की बहाली करें, वरना होगा आंदोलन: संघ

**रामगढ़ कॉलेज में झारखंड प्रशिक्षित लायब्रेरियन संघ ने भरी हुंकार**



आजाद सिपाही संवाददाता

**रजरप्पा।** रामगढ़ महाविद्यालय में शनिवार को झारखंड प्रशिक्षित लायब्रेरियन संघ की राज्य स्तरीय बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता संघ के संगठन मंत्री पिंकू साव और संचालन सचिव सन्निदेवल महतो ने किया। यहां मुख्य रूप से संघ के संरक्षक अंजनी कुमार और अध्यक्ष याकूब अंसारी मौजूद थे। वक्ताओं ने कहा कि झारखंड बने चौबीस साल बीत गये लेकिन शिक्षण संस्थानों में लायब्रेरियन की नियुक्ति नहीं की गयी है। जिससे करीब बीस हजार छात्र नियुक्ति से वंचित है। राज्य के कई विश्विद्यालय में लाइब्रेरी साइंस की पढ़ाई हो रही है। महंगे फी चुकता कर छात्र शिक्षा ग्रहण करते है। इन छात्रों का भविष्य अंधकार हो गया है। राज्य के शिक्षण संस्थान लायब्रेरी विहीन है। जबकि लायब्रेरी शिक्षण संस्थान का हृदय माना गया है। इन सस्थानो में चतुर्थवर्गीय कर्मचारी से काम लिया जा रहा है। राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मिलकर सेकड़ो छात्र ज्ञापन देंगे। साथ ही नियुक्ति प्रक्रिया शुरू करने की मांग करेंगे। वही बीस हजार छात्र सरकार को पोस्टकार्ड भेजेंगे। जिसमें बहाली की मांग की जायेगी। मौके पर सरिता देवी, नमिता देवी, सौरभ श्रीवास्तव, गोबिंद गुप्ता, लालकेश्वर महतो, आरसी मलिक, मनोज कुमार, टेकलाल महतो, पंकज प्रसाद, लक्ष्मी कुमारी, कंचन कुमारी, अंजली कुमारी, पूजा कुमारी, रामदेव कुमार, अजित झा, अनीश कुमार, लव कुमार आदि थे।

# अधिवक्ता संघ के भवन निर्माण का भूमि पूजन

**झारखंड उच्च न्यायालय के जस्टिस सह चतरा जोनल जज न्यायमूर्ति ने जिले के विश्व प्रसिद्ध मां भद्रकाली मंदिर में पूजा-अर्चना किया**



आजाद सिपाही संवाददाता

**चतरा।** झारखंड उच्च न्यायालय के जस्टिस सह चतरा जोनल जज न्यायमूर्ति एस के पाठक अपने पूरे परिवार के साथ जिले के विश्व प्रसिद्ध मां भद्रकाली मंदिर में पूजा अर्चना किया। इसके पश्चात स्थानीय व्यवहार न्यायालय परिसर के सामने जिला अधिवक्ता संघ के बार भवन निर्माण के लिए भूमि पूजन किया। इस मौके पर झारखंड स्टेट बार काउंसिल के अध्यक्ष राजेंद्र कृष्णन भी मौजूद थे। भूमि पूजन कार्यक्रम में शामिल होने आए न्यायमूर्ति एस एन पाठक का जिला अधिवक्ता संघ के पदाधिकारी और व्यवहार न्यायालय के अधिवक्ताओं ने जोरदार स्वागत किया। जिला अधिवक्ता संघ के सचिव मुरली मनोहर मिश्र ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि जस्टिस एस एन पाठक के अथक प्रयास से यह शुभ घड़ी जिला अधिवक्ता संघ को प्राप्त हुई है। जस्टिस एसएन पाठक ने सभा को संबोधित करते हुए इस बात पर विशेष जोर दिया की बार भवन में महिला अधिवक्ताओं के लिए अलग से महिला प्रसाधन की व्यवस्था के साथ सामुदायिक हाल की व्यवस्था करने पर जोर दिया तथा संघ में महिलाओं की 50% भागीदारी सुनिश्चित करना अनिवार्य बताया। इस मौके पर अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष रमेश कुमार जायसवाल, प्रधान जिला और सत्र न्यायाधीश शंभू लाल साव, पुलिस अधीक्षक विकास कुमार पांडेय, अपर समाहर्ता अरविन्द कुमार, एसडीओ सिमरिया सन्नी राज, एसडीओ सदर सुरेंद्र उरांव, व्यवहार न्यायालय के सभी न्यायिक पदाधिकारी के अलावे अधिवक्ता संघ के पूर्व अध्यक्ष शक्ति कुमार सिंह, पूर्व सचिव सुबोध कुमार मिश्रा, वरिष्ठ अधिवक्ता निर्मल दांगी, पूर्व उपाध्यक्ष दुखी प्रसाद, सीताराम यादव, डॉक्टर नंदकिशोर प्रसाद, मुकेश कुमार सिंह, राजीव कुमार श्रीवास्तव, मुरारी प्रसाद सिंह, विभा कुमारी, राधेश्याम प्रसाद यादव, अरविंद कुमार सिंह, संतन, नागेंद्र प्रसाद सिंह, अमित कुमार सिन्हा, अलख कुमार सिंह समेत काफी संख्या में अधिवक्ता मौजूद थे। अधिवक्ताओं द्वारा जस्टिस एस एन पाठक और बार काउंसिल के अध्यक्ष राजेंद्र कृष्णन और सभी पदाधिकारियों को शाल, मां भद्रकाली की प्रतिमा और बुके देकर स्वागत किया गया। भूमि पूजन कार्यक्रम के पश्चात बार भवन के प्रांगण में जस्टिस एस एन पाठक एवं राजेंद्र कृष्णन तथा जस्टिस मैडम डी एन पाठक तथा अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष रमेश कुमार जायसवाल द्वारा पौधा रोपण भी किया गया।

# झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा ने किया धरना-प्रदर्शन

**जबरन होल्डिंग टैक्स वसूलना बंद करें नगर परिषद: पंकज**




आजाद सिपाही संवाददाता

**रामगढ़।** झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा इकाई रामगढ़ के बैनर तले शनिवार को विभिन्न जन कल्याणकारी मांगों को लेकर और भ्रष्टाचार पर लगाम लगाने हेतु नगर परिषद कार्यालय रामगढ़ के समक्ष एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष देवानन्द महतो ने की। साथ ही संचालन संजीव साहू ने किया। कार्यक्रम का नेतृत्व कुशवहा पंकज महतो ने किया।

धरना प्रदर्शन में मुख्य रूप से केन्द्रीय पदाधिकारी, जिलाध्यक्ष, जिला पदाधिकारी, जिला मीडिया प्रभारी, प्रखंड कोर कमेटी सदस्य, पंचायत पदाधिकारी और सक्रिय सदस्य उपस्थित थे। धरना प्रदर्शन में जिला उपाध्यक्ष पंकज महतो का महत्वपूर्ण योगदान रहा। जिला उपाध्यक पंकज महतो ने कहा कि धरना प्रदर्शन के माध्यम से रामगढ़ नगर परिषद व्यवहार न्यायालय रामगढ़ के समीप निर्मित दुकान बनकर तैयार है। लेकिन अभी तक आवंटन की प्रक्रिया शुरू नहीं की गयी है। जितने लोग पूर्व में झोपड़ीनुमा दुकान चलाकर जीविकोपार्जन चलाते थे, उनके समक्ष रोजी-रोटी की समस्या उत्पन्न हो रही है। नवनिर्मित दुकानों का आवंटन शीघ्र, होल्डिंग टैक्स को कम करने, फसल बीमा का लाभ देने तथा आम जनों तक की सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य एक दिवसीय धरना प्रदर्शन का आयोजन किया गया।

धरना प्रदर्शन मे मुख्य रूप से पनेश्वर कुमार, सुधीर अकेला, लीलावती महतो, रूपा महतो, रोमा निगम, अनुपम देवी, गुड्डी देवी, भारती कुशवाहा, देवानन्द महतो, संतोष महतो, पंकज महतो, जिला मीडिया प्रभारी रमेश कुमार महतो, गिरी शंकर महतो, तनवीर आलम, मुश्लिम अंसारी, ओम प्रकाश महतो, प्रकाश प्रभाकर, लालू प्रसाद, मोहमद मुजाहिद, लक्ष्मन महतो, दिपेन्द्र महतो, कुणाल कुशवाहा, आनंद कुश वहा,भावनी महतो, कमल नाथ प्रसाद, रन विजय महतो, कौलेशवर महतो, बिनोद महतो, पिंटू महतो, संजय महतो, रोहित महतो, सुरेन्द्र महतो, अनिता देवी, सरिता देवी, अनिता देवी, कांति देवी, मुनिया देवी, मंजरी देवी, मेयर चो देवी, काजल देवी, सुनीता देवी, रानी देवी के अलावा हजारों लोग उपस्थित थे।

## पानी आपूर्ति नहीं होने पर सीसीएल का उत्पादन और ट्रांसपोर्टिंग ठप करेगी आजसू



**उरीमारी (आजाद सिपाही)।** बरका सयाल सीसीएल के कॉलोनियों में पानी आपूर्ति विगत कई दिनों से बाधित है जिसकी जानकारी होने पर आजसू पार्टी के केंद्रीय महासचिव सह बड़कागांव विधानसभा प्रभारी रोशनलाल चौधरी ने शनिवार को महाप्रबंधक बरका सयाल से मुलाकात कर छतिग्रस्त पाइपलाइन स्थल का भी निरीक्षण किया। मौके पर रोशनलाल चौधरी ने कहा की जल्द से जल्द पाइप मरम्मत कर जलापूर्ति सुचारू रूप से चालू नहीं हुई तो आंदोलनात्मक कदम उठाया जायेगा जरूरत पड़ी तो सीसीएल की ट्रांसपोर्टिंग और उत्पादन ठप कर दी जायेगी। पानी आपूर्ति को लेकर सीसीएल प्रबंधन गंभीर नहीं है। क्षेत्र की जनता पानी के लिए त्राहिमाम कर रही है। लेकिन सीसीएल को सामाजिक सरोकार से कोई मतलब नहीं है। मामले पर स्थानीय विधायक सिर्फ फोटो बाजी कर अपनी राजनीति चमकाने का काम कर रही है। पिछले कई दिनों से विधायक छतिग्रस्त पाइप के पास जाकर फोटो खिंचवा रहीं है लेकिन पानी की आपूर्ति अभी तक सुचारू रूप से चालू नहीं हो पायी है। आजसू पार्टी सीसीएल प्रबंधन को चेतावनी देती है की जल्द से जल्द पानी की आपूर्ति सुचारू रूप से नही हुई तो आजसू कार्यकर्ता सड़क पर उतर कर सीसीएल का उत्पादन और ट्रांसपोर्टिंग ठप कर देंगे। जिसकी सारी जवाबदेही सीसीएल प्रबंधन की होगी। मौके पर एजेकेएसएस के केंद्रीय महामंत्री आजसू पार्टी के केंद्रीय सचिव सतीश सिन्हा, चंदन कुमार, अशोक पाठक, राजू कुमार, मुन्ना श्रीवास्तव, विक्रांत साहू, धीरज चौधरी, राजेश पटेल, संजय मिश्रा, राकेश विश्वकर्मा सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद थे।

## डीएवी आरा कुजू में स्पोर्ट्स का शुभारंभ



**कुजू (आजाद सिपाही)।** डीएवी पब्लिक स्कूल, आरा( कुजू) में दो दिवसीय डीएवी स्पॉट्स राज्य स्तरीय नेट बॉल और स्कवाश खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ बतौर मुख्य अतिथि सीसीएल कुजू जीएम सह अध्यक्ष राजीव कुमार सिन्हा ने दीप प्रज्वलित और खेल प्रतीक झंडा फहराकर किया। इस अवसर पर श्री सिन्हा ने कहा कि खिलाड़ियों को खेल में अनुशासन का पालन करना चाहिए। शिक्षा और स्वास्थ्य का सामंजस्य बनाते हुए समाज का विकास करे। डीएवी जोन डी के असिस्टेंट रिजनल ऑफिसर डॉ सुजीत कुमार शर्मा ने कहा कि शारीरिक और मानसिक विकास के लिए खेल-कूद जरुरी है। इससे पूर्व, विद्यालय प्राचार्य आलोक कुमार ने आगत अतिथियों का स्वागत बुके भेंटकर किया। वही, बच्चो ने स्वागत गान और नागपुरी नृत्य की प्रस्तुति की। आयोजित नेट बॉल प्रतियोगिता में डीएवी आरा कुजू, डीएवी रजरप्पा, डीएवी बारियातु, रांची और सीएफआर आई डीएवी, धनबाद के 178 खिलाड़ियों ने भाग लिया। मैच रेफरी के रूप में राजेंद्र प्रसाद, अजय कुमार चौहान, सचिन कुमार, लालु तिर्की और श्रद्धा तिर्की शामिल रहे। इधर, नेट बॉल अंडर 17 (बालक वर्ग) में विजेता डीएवी आरा कुजू और उपविजेता डीएवी रजरप्पा रहा। जबकि नेट बॉल अंडर 17 (बालिका वर्ग ) में विजेता डीएवी आरा कुजू, जबकि उपविजेता में डीएवी रजरप्पा रहा। मौके पर मुख्य रूप से प्राचार्य निशिकांत कर, मो. मुस्तफा माजिद, मनीष कुमार सिन्हा, मनोरंजन देबनाथ, डीएवी, बीके. बनर्जी, शकुंतला गिरी, तरुण कुमार मिश्रा मौजूद रहे। जबकि मैच की रनिंग कमेंट्री विद्यालय के शिक्षक अशोक कुमार तिवारी, सुनील कुमार झा और वृजेश कुमार सिंह ने की।कार्यक्रम का संचालन रश्मि झा ने किया। इस अवसर पर विद्यालय परिवार के सभी सदस्य उपस्थित रहे।

## सांसद ने टोल प्लाजा अधिकारियों संग बैठक कर दिये आवश्यक निर्देश



**रजरप्पा (आजाद सिपाही)।** रजरप्पा भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय भारत सरकार क्षेत्रीय कार्यालय रांची (झारखंड)में गिरिडीह के सांसद चन्द्रप्रकाश चौधरी सभी क्षेत्रीय अधिकारियों के साथ बैठक कर रामगढ़ विधानसभा अन्तर्गत विभिन्न मुद्दों पर चर्चा किए और जल्द पूरा करने का आवश्यक दिशा-निर्देश दिये, जिसमें मुख्य रूप से 1.चुटुपालु घाटी में रोड में एक भी स्ट्रीट लाइट नहीं जलता है उसे सोलर सिस्टम से जलाने का निर्देश दिये। 2.चुटुपालु घाटी रोड में लगाये गये अलाइनमेंट लाइट को सही किया जाय क्यूंकि हर दिन वहां जगह-जगह पर कई तरह की सड़क दुर्घटना होती रहती है। 3.गोला से सोसो टोल प्लाजा के दोनों छोर पर साथ टोल स्थल की सड़क काफी खराब है जिसे अभिलम्ब मरम्मत किया जाय 4. गोला से जैनामोड़ के बीच दो टोल प्लाजा है जिसकी दूरी महज 60 के अंदर है,अधिकारियों ने सभी बिंदुओं पर ध्यान देते हुए जल्द पूरा करने की बात कहें, उक्त महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तृत रूप से सांसद अधिकारीयों के समक्ष रखी गयी।


**शपथ पत्र**

समक्ष कार्यपालक दंडाधिकारी, गढ़वा- मैं महतो ममता, पति अविनाश कुमार उम्र करीब 25 वर्ष, निवासी गैस गोदाम रोड, ओबरा, सोनभद्र, उत्तर प्रदेश, 23121. वर्तमान पता पिता-कुलदीप महतो, ग्राम-पतहरिया, पो०-बंका, थाना-मेराल, जिला-गढ़वा शपथपूर्वक निम्नांकित बयान करती हूँ- 1. यह कि मेरा आधार सं0-3794 6718 2122 है जिसमें मेरा नाम महतो ममता अंकित है। 2. यह कि मेरा पैन सं० - GGNPM5192J है जिसमें मेरा नाम महतो ममता अंकित है। 3. यह कि दसवीं कक्षा के अंक पत्र में मेरा नाम ममता कुमारी अंकित है। 4. यह कि मैं महतो ममता एवं ममता कुमारी दोनों नाम से जानी जाती हूँ तथा दोनों नाम मेरा ही है।
5. यह कि उपरोक्त सभी बातें मेरी जानकारी में सही व सत्य है।
6. यह कि इस शपथपत्र का निष्पादन मैं अपने दोनों नामों महतो ममता एवं ममता कुमारी होने के समर्थन में कर रही हूं।



OFFICE OF THE PRINCIPAL
**PANCH PARGANA KISAN COLLEGE, BUNDU**
(A Constitute Unit Of Ranchi University, Ranchi)
BUNDU (JHARKHAND

**CORRIGENDUM**

Regarding Tender Notice vide letter no. G/PPK/110/24, Panch Pargana Kisan College, Bundu regarding the purchase of Desktop, Printer, UPS & CCTV it is to notify that the previous purchase tender date has been changed from 24/08/2024 to 27/08/024.

On 27/08/2024, the tender can be purchased till 12 Noon and submitted till 3 PM. It will open at 4PM.

Ref. No.G/PPK/116/24
Date 24/8/24

(Mukul Kumar)
Principal
P.P.K. College, Bundu

# बांग्लादेश में बाढ़ के लिए भारत दोषी नहीं

राजनीतिक अस्थिरता से उबरने की कोशिश करते बांग्लादेश में अचानक आयी बाढ़ की समस्या ने ऐसे हालात पैदा कर दिये कि भारत के साथ एक अप्रत्याशित और अनावश्यक कूटनीतिक विवाद पैदा हो गया। बाढ़ का दोष भारत पर मढ़े जाने से यह स्थिति बनी थी, लेकिन अच्छी बात यह रही कि दोनों पक्षों ने धैर्य और समझदारी का परिचय देते हुए मामले को बेकाबू होने से रोक लिया।

**फेक न्यूज:** बांग्लादेश के लिए यह उथलपुथल का समय है। इसी महीने की पांच तारीख को आरक्षणविरोधी आंदोलन के बेकाबू होने के बाद तत्कालीन प्रधानमंत्री शेख हसीना को इस्तीफा देकर देश छोड़ देना पड़ा। ऐसी अनिश्चितता की स्थिति में अफवाहों और फेक नैरेटिव का जोर हो जाना कोई हैरत की बात नहीं है। यही हुआ, जब भारी बारिश के चलते आयी बाढ़ में बांग्लादेश के आठ जिले डूब गये। सोशल मीडिया पर यह अफवाह चल गयी कि बाढ़ भारत के पानी छोड़ने की वजह से आयी है।

**सलाहकार का बयान:** मामला गंभीर तब हुआ, जब मौजूदा अंतरिम सरकार के एक सलाहकार ने सार्वजनिक तौर पर कह दिया कि यह बाढ़ भारत द्वारा त्रिपुरा में गुमटी नदी का डंबूर डैम बिना पूर्वसूचना के खोल दिये जाने की वजह से आयी है। चूंकि यह बयान अंतरिम सरकार के मुखिया मोहम्मद यूनुस से मीटिंग के बाद दिया गया था, इसलिए इसे हलके में नहीं लिया जा सकता था।

> **बांग्लादेश में आयी बाढ़ के लिए भारत को दोषी ठहराया गया। एक सरकारी सलाहकार ने त्रिपुरा में डैम खोले जाने का आरोप लगाया। भारत ने इसे नकारा और साझा समस्या बताया। अंततः दोनों देशों ने समझदारी से विवाद को हल किया और बाढ़ जैसी समस्याओं से निपटने के लिए नया मैकेनिज्म विकसित करने का प्रस्ताव रखा।**

**संयत रुख:** भारत ने भी इसे गंभीरता से लिया, लेकिन विदेश मंत्रालय ने औपचारिक बयान में इतना ही कहा कि यह आरोप तथ्य के अनुरूप नहीं है। तथ्य यह है कि सीमा के दोनों तरफ 21 अगस्त से ही भारी बारिश हो रही थी। इस वजह से बाढ़ आयी और बाढ़ ने दोनों तरफ नुकसान पहुंचाया। त्रिपुरा में भी बाढ़ से 22 लोगों की मौत और 65 हजार से अधिक लोगों के विस्थापित होने की खबर है। भारत ने इसे साझा समस्या बताया।

**दो स्तरों पर प्रयास:** इसके साथ ही अनौपचारिक तौर पर यह स्पष्ट करने में कोई कमी नहीं रखी गयी कि ऐसा गैरजिम्मेदार रवैया रिश्ते सुधारने में कोई मदद नहीं करेगा। यह भी कि ऐसे गलत नैरेटिव को आधिकारिक समर्थन तो कतई नहीं दिया जाना चाहिए। दोनों स्तरों पर किये गये इन प्रयासों का ही परिणाम था कि ढाका में भारत के उच्चायुक्त से मुलाकात के दौरान अंतरिम सरकार के मुखिया मोहम्मह यूनुस ने बाढ़ जैसी समस्याओं से निपटने के लिए नया मैकेनिज्म डेवलप करने का प्रस्ताव रखा, जिससे पूरे मामले को अलग मोड़ मिल गया। अभी भी अल्पसंख्यकों की सुरक्षा जैसे कुछ मसले हैं, जिन पर दोनों देशों की अलग समझ है, लेकिन इस प्रकरण ने साबित किया है कि दोनों पक्ष बातचीत से असहमति और गलतफहमी दूर करते हुए आगे बढ़ सकते हैं।

अभिमत
आजाद सिपाही

स्कूली बच्चों में पिछले कुछ समय से हिंसक प्रवृत्ति तेजी से बढ़ रही है, जो समाज के लिए खतरे की घंटी से कम नहीं है। मनोविज्ञानी यह मानते हैं कि मोबाइल पर पबजी जैसे खतरनाक गेम और वेब सीरीज बच्चों को हिंसक बना रही है। यह समस्या अब विकराल रूप ले चुकी है और समय रहते इस पर नियंत्रण की जरूरत है। यह एक सामाजिक समस्या है, जिस पर उसी अनुरूप विचार करना होगा।

# चिंताजनक है भारतीय बच्चों में बढ़ रही हिंसक प्रवृत्ति

**ललित सिंह**




**भारतीय** बच्चों में बढ़ रही हिंसक प्रवृत्ति चिंताजनक है। पिछले कुछ समय से स्कूली बच्चों में बढ़ती हिंसा की प्रवृत्ति निश्चित रूप से डरावनी एवं खौफनाक है। चिंता का बड़ा कारण इसलिए भी है क्योंकि जिस उम्र में बच्चों के मानसिक और सामाजिक विकास की नींव रखी जाती है, उसी उम्र में कई बच्चों में आक्रामकता घर करने लगी है और उनका व्यवहार हिंसक होता जा रहा है। जिस उम्र में बच्चों को पढ़ाई-लिखाई और खेलकूद में व्यस्त रहना चाहिए, उसमें उनमें बढ़ती आक्रामकता, हिंसा एवं क्रूरता एक अस्वाभाविक और परेशान करने वाली बात है। कई घटनाओं में स्कूल में पढ़ने वाले किसी बच्चे ने अपने सहपाठी पर चाकू या किसी घातक हथियार से हमला कर दिया और उसकी जान ले ली। अमेरिका की तर्ज पर भारत के बच्चों में हिंसक मानसिकता का पनपना हमारी शिक्षा, पारिवारिक एवं सामाजिक संरचना पर कई सवाल खड़े करती है। यह दुष्प्रवृत्ति बच्चों के शैक्षणिक प्रदर्शन पर तो नकारात्मक प्रभाव डाल ही रही है, इसे भविष्य में समाज की शांति के लिए बड़ा खतरा भी मानना चाहिए। राजस्थान के उदयपुर के स्कूल में दो छात्रों के आपसी विवाद में चाकू मारने से एक छात्र की मौत भी बच्चों में पनप रहे इसी हिंसक बर्ताव का घिनौना एवं घातक रूप है।

> पारिवारिक एवं सामाजिक उदासीनता एवं संवादहीनता से ऐसे बच्चों के पास सही जीने का शिष्ट एवं अहिंसक सलीका नहीं होता।

बड़ा सवाल है कि जिन वजहों से बच्चों के भीतर आक्रामकता एवं हिंसा पैदा हो रही है, उससे निपटने के लिए क्या किया जा रहा है! पाठ्यक्रमों का स्वरूप, पढ़ाई-लिखाई के तौर-तरीके, बच्चों के साथ घर से लेकर स्कूलों में हो रहा व्यवहार, उनकी रोजमर्रा की गतिविधियों का दायरा, संगति, सोशल मीडिया या टीवी से लेकर उसकी सोच-समझ को प्रभावित करने वाले अन्य कारकों से तैयार होने वाली उनकी मनःस्थितियों के बारे में सरकार, समाजकर्मी एवं अभिभावक क्या समाधान खोज रहे हैं। बच्चों के व्यवहार और उनके भीतर घर करती प्रवृत्तियों पर मनोवैज्ञानिक पहलू से विचार किए बिना समस्या को कैसे दूर किया जा सकेगा? बच्चों के बस्ते की औचक जांच की व्यवस्था की अपनी अहमियत हो सकती है। मगर जरूरत इस बात की है कि बच्चों के भीतर बढ़ती हिंसा और आक्रामकता के कारणों को दूर करने को लेकर गंभीर काम किया जाए। उदयपुर की घटना के पूरे मामले की पुलिस अपने तरीके से जांच करेगी, लेकिन किशोर अवस्था में ऐसी घटना को अंजाम देने के पीछे बच्चे की मानसिकता का पता लगाना भी ज्यादा जरूरी है। तहकीकात स्कूल की व्यवस्थाओं की भी होनी चाहिए कि आखिर बच्चा स्कूल में हथियार लेकर कैसे आ गया? इसमें दो राय नहीं कि किशोरवय में राह भटकने का खतरा ज्यादा रहता है। उम्र के इस पड़ाव पर उनको सही राह दिखाने की जिम्मेदारी परिजन और शिक्षक की ही होती है। आज दोनों ही कहीं न कहीं अपनी जिम्मेदारी से दूर होते नजर आ रहे हैं। स्कूल में केवल किताबी ज्ञान पर ज्यादा जोर दिया जा रहा है। वहीं अर्थप्रधान दुनिया में माता-पिता के पास बच्चों के साथ बिताने के लिए समय ही नहीं बच पा रहा।

'मन जो चाहे वही करो' की मानसिकता वहां पनपती है जहां इंसानी रिश्तों के मूल्य समाप्त हो चुके होते हैं, जहां व्यक्तिवादी व्यवस्था में बच्चे बड़े होते-होते स्वछन्द हो जाते हैं। ह्यमूड ठीक नहींह्न की स्थिति में घटना सिर्फ घटना होती है, वह न सुख देती है और न दुःख। ऐसी स्थिति में बच्चे अपनी अनंत शक्तियों को बौना बना देता है। यह दकियानूसी ढंग है भीतर की अस्तव्यस्तता को प्रकट करने का। पारिवारिक एवं सामाजिक उदासीनता एवं संवादहीनता से ऐसे बच्चों के पास सही जीने का शिष्ट एवं अहिंसक सलीका नहीं होता। वक्त की पहचान नहीं होती। ऐसे बच्चों में मान-मयार्दा, शिष्टाचार, संबंधों की आत्मीयता, शांतिपूर्ण सहजीवन आदि का कोई खास ख्याल नहीं रहता। भौतिक सुख-सुविधाएं ही जीवन का अंतिम लक्ष्य बन जाता है। भारतीय बच्चों में इस तरह का एकाकीपन उनमें गहरी हताशा, तीव्र आक्रोश और विषैले प्रतिशोध का भाव भर रहा है। वे मानसिक तौर पर बीमार बन रहे हैं और अपने पास उपलब्ध खतरनाक एवं घातक हथियारों का इस्तेमाल कर हत्याकांड कर बैठते हैं। शिक्षकों और परिजनों से संवादहीनता के चलते बच्चों ने मोबाइल फोन और सोशल मीडिया को संवाद का जरिया बना लिया है। कई बार टीवी पर हिंसक कार्यक्रम देखने आदि से बच्चों में हिंसक व्यवहार बढ़ जाता है। घर में लगातार बंदूकें, चाकू आदि देखते रहने से भी बच्चों का व्यवहार हिंसक हो जाता है। वैसे भी अगर बच्चों को किसी भी बात के लिए मना नहीं करेंगें, टोकेंगें नहीं तो उन्हें अच्छे-बुरे की पहचान कैसे होगी। एक ऑनलाइन सर्वे में माता-पिता ने कहा था कि बच्चों को गलत काम की सजा भी मिलनी चाहिए, वरना उनके मन में किसी भी बात के लिए डर नहीं रहेगा और हो सकता है वे ऐसे अपराधों को भी अंजाम देने लगें, जिनके परिणामों के बारे में उन्हें पता नहीं।

स्कूली बच्चों में पिछले कुछ समय से हिंसक प्रवृत्ति तेजी से बढ़ रही है, जो समाज के लिए खतरे की घंटी से कम नहीं है। मनोविज्ञानी यह मानते हैं कि मोबाइल पर पबजी जैसे खतरनाक गेम और वेब सीरीज बच्चों को हिंसक बना रही है। लेकिन, इसके पीछे न सिर्फ स्कूल का वातावरण, बल्कि लाड-प्यार में अंधे अभिभावकों का रवैया भी कम जिम्मेदार नहीं है। बच्चों में हिंसक व्यवहार के संकेत, जैसे गलत भाषा का प्रयोग करना, समझाने पर भी गुस्सा करना, कोई भी बात समझाने पर चीजें फैंकने लगना, मां-बाप को ही मारने दौडना, लोगों के बारे में गलत बोलना, गलत आदतों में पडना, भाई-बहन के लिए स्नेह न रखना, लड़ाकू प्रवृत्ति का होना, हमेशा उदास रहना, संवेदनहीन और चिड़चिड़े रहना, बार-बार जोश में आना आपको नजर आ सकते हैं। एकल परिवारों में माता-पिता इतने व्यस्त होते हैं कि उनके पास बच्चों से बात करने का ज्यादा समय नहीं होता। वे अक्सर इस बात पर भी नजर नहीं रख पाते कि बच्चे क्या कर रहे हैं, क्या खेल रहे हैं, उनके दोस्त कौन-कौन से हैं। दोस्त उन्हें चिढ़ाते भी हैं कि अरे! तुम्हारे माता-पिता कैसे हैं, जो तुम्हें ऑनलाइन खेल भी नहीं खेलने देते। इससे बच्चों में हीनता और अपने घर वालों के प्रति नफरत का भाव पैदा होता है, जो अपराध के रूप में बाहर निकलता है। फिजिकल, ओरल या सैक्सुअल रूप में गलत व्यवहार, घरेलू वातावरण न मिलना, माता-पिता द्वारा बच्चों की अनदेखी, दर्दनाक घटना होने या फिर स्ट्रैस होना, बच्चों को धमकाना, फैमिली प्रॉब्लम, नशीली चीजों का सेवन, शराब और अन्य गलत चीजों के सेवन से बच्चों में आक्रामकता बढ़ सकती है और वे हिंसक हो सकते हैं।

ऑस्ट्रिया के क्लागेनफर्ट विश्वविद्यालय की ओर से किशोरों पर किए गए अध्ययन में पता चला है कि दुनिया भर में 35.8 प्रतिशत से ज्यादा किशोर मानसिक तनाव, अनिद्रा, अकारण भय, पारिवारिक अथवा सामाजिक हिंसा, चिड़चिड़ापन अथवा अन्य कारणों से जूझ रहे हैं। एकाकीपन बढ़ने से वे ज्यादा आक्रामक और विध्वंसक सोच की तरफ बढ़ने लगे हैं। घर में बच्चों के लिए स्वस्थ, सुरक्षित, और प्रेमपूर्ण वातावरण बनाने के साथ अभिभावकों को अपने बच्चों की ऑनलाइन गतिविधियों पर नजर रखनी चाहिए। स्कूलों में काउंसलर और मानसिक स्वास्थ्य परामर्शदाता की व्यवस्था होनी चाहिए, जो बच्चों की मानसिक समस्याओं को समझें और उनका समाधान कर सकें। सबसे बड़ी बात यह कि शिक्षकों को बच्चों के आचरण और उनकी समस्याओं के प्रति संवेदनशील बनाने के लिए प्रशिक्षण देना होगा। ऐसा करने पर वे बच्चों के चाल-चलन की बारीकी से निगरानी कर सकेंगे। बच्चों के व्यवहार और उनके भीतर घर करती प्रवृत्तियों पर मनोवैज्ञानिक पहलू से विचार किए बिना समस्या को कैसे दूर किया जा सकेगा?

बच्चों से जुड़ी हिंसा की इन वीभत्स एवं त्रासद घटनाओं से जिन्दगी इतनी सहम गयी है कि गलत धारणाओं को मिटाने के लिये इस तरह की विकृत सोच एवं तथाकथित विकास से जुड़े शत्रु को पीठ के पीछे नहीं, सामने रखना होगा। सोचना होगा कि खुशहाली का पैमाना सिर्फ आर्थिक सम्पन्नता, शक्ति एवं सत्ता नहीं हो सकता। हमें मानवीय मूल्यों के लिहाज से भी विकास की परख करनी होगी। बच्चों के भीतर हिंसा मनोरंजन की जगह ले रही है। इसी का नतीजा है कि छोटे-छोटे स्कूली बच्चे भी अपने किसी सहपाठी से रंजिश के चलते उस पर गोली चलाते देखे गये हैं।

**(ये लेखक के अपने विचार हैं।)**

## देश-विदेश की खबरें

# 2027 में लांच होगा चंद्रयान-4: सोमनाथ

> चांद से मिट्टी और चट्टान के नमूने लायेंगे
>
> 2028 में भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन का काम शुरू होगा

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**नयी दिल्ली।** भारत 2027 में चंद्रयान-4 की लांचिंग करेगा। यह बात इसरो चीफ डॉ एस सोमनाथ ने नेशनल स्पेस डे (23 अगस्त) के मौके पर कही। उन्होंने बताया कि चंद्रयान-4 का डिजाइन फाइनल हो चुका है। मिशन को सरकार से मंजूरी मिलने का इंतजार है। चंद्रयान-4 चांद की सतह से तीन से पांच किलो मिट्टी और चट्टान के नमूनों को पृथ्वी पर लायेगा। इस स्पेसक्राफ्ट में पांच अलग-अलग मॉड्यूल होंगे, जबकि 2023 में चंद्रमा पर भेजे गये चंद्रयान-3 में प्रोपल्शन मॉड्यूल (इंजन), लैंडर और रोवर तीन मॉड्यूल थे। इसरो चीफ ने यह भी बताया कि भारतीय स्पेस स्टेशन का पहला मॉड्यूल 2028 में लांच किया जायेगा, जिसमें केवल रोबोट भेजे जायेंगे। इस स्टेशन में कुल पांच मॉड्यूल बारी-बारी से अंतरिक्ष में भेजे जायेंगे। उन्होंने कहा कि चंद्रयान-3 की सफलता से इसरो के वैज्ञानिक खासे उत्साहित हैं और वे चंद्रयान-4 अभियान पर काम करने में जुटे हुए हैं। इसरो प्रमुख ने कहा कि भारत सरकार से अनुमति मिलते ही इस अभियान के ऑपरेशनल पहलू पर काम शुरू कर दिया जायेगा। भारत अब अंतरिक्ष के क्षेत्र में परचम लहरायेगा।

### पहला रियूजेबल भारतीय हाइब्रिड रॉकेट लांच



**चेन्नई (आजाद सिपाही)।** भारत ने अपना पहला रियूजेबल हाइब्रिड रॉकेट रूमी-1 शनिवार को लांच किया। चेन्नई के थिरुविदंधई से मोबाइल लांचर के जरिये रॉकेट की लांचिंग हुई। रॉकेट को तमिलनाडु स्थित स्टार्टअप स्पेस जोन इंडिया और मार्टिन ग्रुप ने मिलकर बनाया है। हाइब्रिड रॉकेट रूमी-1 के जरिये 3 क्यूब सैटेलाइट और 50 पीको सैटेलाइट को सबऑर्बिटल ट्रैजेक्टरी में भेजा गया। ये सैटेलाइट ग्लोबल वार्मिंग और क्लाइमेट चेंज से जुड़े रिसर्च के लिए डाटा इकट्ठा करेंगे। रूमी-1 रॉकेट जेनेरिक फ्यूल बेस्ड हाइब्रिड मोटर और इलेक्ट्रिकली ट्रिगर पैराशूट सिस्टम से लैस है। रॉकेट को फ्लेक्सिबिलिटी और रियूजेबल पर फोकस करते हुए खास तरह से डिजाइन किया गया है।

# आबादी के हिसाब से बनायी जाये नीति: राहुल गांधी

**प्रयागराज (आजाद सिपाही)।** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने शनिवार को कहा कि देश की आबादी के हिसाब से नीतियां बनायी जायें, तभी लोगों का भला हो सकता है। वह इलाहाबाद मेडिकल एसोसिएशन के कनवेंशन सेंटर में आयोजित संविधान सम्मान सम्मेलन में बोल रहे थे। राहुल गांधी ने कहा कि यदि आबादी के हिसाब से नीतियां नहीं बनायी जाती हैं, तो जरूरतमंदों को इसका कोई लाभ नहीं मिलेगा और पॉलिसी बनाने का कोई मतलब नहीं है। देश की 70 फीसदी आबादी के हिसाब से नीतियां नहीं बनायी जा रही हैं। केंद्र सरकार की नीतियां सिर्फ चुनिंदा पूजीपतियों और 30 फीसदी लोगों के लिए हैं।

# भारत चाहे, तो रुक सकती है जंग: जेलेंस्की

## अगर भारत रूस से तेल नहीं खरीदे, तो युद्धविराम के लिए मजबूर होंगे पुतिन

**एजेंसी**



**कीव।** यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने कहा है कि अगर भारत और वहां के लोग रूस के प्रति अपना रवैया बदल लें, तो यह जंग खत्म हो सकती है और पुतिन खुद ही यह फैसला लेंगे। भारत का रूस की अर्थव्यवस्था में बड़ा योगदान है। पीएम मोदी के साथ द्विपक्षीय बैठक के बाद जेलेंस्की ने कहा, हमने भारत के रूस से तेल खरीदने के मुद्दे पर चर्चा की। जंग की वजह से दुनिया में रूस पर व्यापार से जुड़ी कई तरह की पाबंदियां लगी हुई हैं। लेकिन इस बीच भारत के दरवाजे खुले हैं। अगर भारत रूस से तेल आयात करना बंद कर देगा, तो यह पुतिन के लिए बड़ी चुनौती होगी। जेलेंस्की ने कहा, युद्ध के बीच भारत और चीन से आ रहे अरबों रुपये ने पुतिन की मदद की है। हमें रूस को हथियार बनाने के लिए पैसे देना बंद करना होगा। यूक्रेनी राष्ट्रपति ने कहा कि पुतिन भारत के पीएम मोदी का सम्मान नहीं करते हैं। इसी वजह से उन्होंने मोदी की रूस यात्रा के दौरान यूक्रेन के अस्पताल पर हमला किया। रूस-यूक्रेन जंग से जुड़े यूएन प्रस्ताव पर भारत के रुख को लेकर जेलेंस्की ने कहा, मैं खुश नहीं हूं कि हमें भारत का साथ नहीं मिला।

## नीति आयोग के वर्किंग पेपर से खुलासा

# 10 पेशों में सिर्फ सांसदों-विधायकों का वेतन बढ़ा

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**नयी दिल्ली।** नीति आयोग के जुलाई में प्रकाशित वर्किंग पेपर से खुलासा हुआ है कि देश में साल 2018 से 2023 के बीच के छह साल में सिर्फ सांसदों-विधायकों के वेतन और भत्ते ही बढ़े हैं। इसमें कहा गया है कि सांसदों-विधायकों को पीरियोडिक लेबर फोर्स सर्वे के 10 विभिन्न पेशों की पहली श्रेणी में रखा गया है, जिनमें विधायी पेशेवरों के अलावा सीनियर ऑफिसर और मैनेजर शामिल हैं। आयोग का यह वर्किंग पेपर विकसित भारत के लिए जॉब क्रिएटर्स को आगे लाने और प्रगति के इंजनों को सशक्त बनाने पर केंद्रित है। इसमें इपीएफओ और अन्य आंकड़ों के आधार पर मूल्यांकन अवधि में वेतन और भत्ते में हुई वृद्धि को भी आंका गया है। जनप्रतिनिधियों के अलावा प्लांट-मशीन वकरों की श्रेणी में भी वेतन-भत्ते बढ़े हैं। पेपर के अनुसार 2018 से 2023 के बीच सबसे बड़ा आश्चर्य यह रहा कि औपचारिक रोजगार दोगुना होने के बावजूद वेतनभोगी वर्करों की मांग उनकी सप्लाई के मुकाबले घटी है। यह निष्कर्ष इपीएफओ के आंकड़ों के आधार पर निकाला गया है। सभी प्रकार के वास्तविक वेतन एवं वेतनभोगी वर्करों में कमी के पैटर्न के बारे में वर्किंग पेपर ने कहा है कि ग्लोबल सप्लाई में बाधा और कमोडिटी प्राइस में उथल-पुथल इसके प्रमुख कारण हो सकते हैं।

दूसरी ओर, कैजुअल वर्करों के वास्तविक वेतन में हर श्रेणी में बढ़ोतरी हुई है। इनमें भी क्लर्क और पेशेवरों के वेतन-भत्ते अपवाद हैं।

# कोलकाता रेप-मर्डर केस, सात आरोपियों का पॉलीग्राफी टेस्ट

> पूर्व प्रिंसिपल के खिलाफ वित्तीय अनियमितता का केस दर्ज

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**कोलकाता/नयी दिल्ली।** कोलकाता रेप-मर्डर केस के सात आरोपियों का शनिवार को पॉलीग्राफी टेस्ट हुआ। मुख्य आरोपी संजय रॉय से जेल में, जबकि पूर्व प्रिंसिपल संदीप घोष, चार फेलो डॉक्टर और एक वॉलंटियर से सीबीआइ दफ्तर में पूछताछ की गयी। पॉलीग्राफी टेस्ट दिल्ली की सेंट्रल फॉरेंसिक टीम ने की। इधर, कलकत्ता हाइकोर्ट के आदेश के बाद सीबीआइ ने आरजी कर मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल के पूर्व प्रिंसिपल संदीप घोष के खिलाफ एफआइआर दर्ज की है। घोष के खिलाफ भ्रष्टाचार की जांच चल रही है। सीबीआइ ने एफआइआर की कॉपी अलीपुर सीबीआइ कोर्ट को सौंप दी है। नौ अगस्त को आरजी कर हॉस्पिटल में एक ट्रेनी डॉक्टर की रेप के बाद हत्या कर दी गयी थी। सुबह उनका अर्धनग्न शव मिला था। इसके बाद देशभर में डॉक्टरों ने विरोध प्रदर्शन किया। कोलकाता के डॉक्टर आज लगातार 16वें दिन हड़ताल पर रहे। बाकी संगठनों ने हड़ताल खत्म कर दी है।

# पीएम मोदी आज जलगांव में 11 लाख नयी 'लखपति दीदी' को करेंगे सम्मानित

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रविवार को महाराष्ट्र के जलगांव में उन 11 लाख नयी 'लखपति दीदी' को सम्मानित करेंगे, जिन्होंने उनके तीसरे कार्यकाल के दौरान इस मुकाम को हासिल किया है। शनिवार को जारी एक बयान में कहा गया कि मोदी ढाई हजार करोड़ रुपये के एक कोष का भी एलान करेंगे, जिससे करीब 48 लाख सदस्यों वाले 4.3 लाख स्वयं सहायता समूहों को लाभ मिलेगा। इसके अलावा प्रधानमंत्री पांच हजार करोड़ रुपये के बैंक ऋण वितरित करेंगे, जिससे 2.35 लाख स्वयं सहायता समूहों के 25.8 लाख सदस्यों को लाभ मिलेगा। बयान में कहा गया कि 'लखपति दीदी' योजना की शुरुआत के बाद से एक करोड़ महिलाएं इस श्रेणी में शामिल हो चुकी हैं। सरकार का लक्ष्य तीन करोड़ लखपति दीदी बनाने का है। योजना एक स्वयं सहायता समूह की सदस्य को सालाना एक लाख रुपये कमाने का लक्ष्य देती है। पीएम मोदी राजस्थान का भी दौरा करेंगे, जहां वे जोधपुर में राजस्थान हाइकोर्ट के एक समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। मोदी हाइकोर्ट संग्रहालय का उद्घाटन भी करेंगे। पीएम मोदी के दौरे को लेकर स्थानीय प्रशासन और भाजपा इकाइयों में खासा उत्साह है।

## श्रीराधावंशीधर जी का नूतन वस्त्र बंशीधर नगर पहुंचा

बंशीधर नगर (आजाद सिपाही)। उत्तर प्रदेश के अयोध्या में विराजमान श्री रामलला के वस्त्र की डिजाईन करने वाले ख्यातिप्राप्त वस्त्र डिजाईनर मनीष त्रिपाठी के द्वारा तैयार श्रीराधाबंशीधर जी का नूतन वस्त्र शनिवार को दिल्ली से साढ़े 11 बजे दिन में झारखंड स्वर्ण जयंती एक्सप्रेस से श्री बंशीधर नगर पहुंचा। झारखंड स्वर्ण जयंती एक्सप्रेस के नगर ऊंटारी रेलवे स्टेशन पर पहुंचने पर श्री बंशीधर नगर के एसडीओ प्रभाकर मिर्धा, श्री वंशीधर मंदिर के प्रधान ट्रस्टी राजेश प्रताप देव व ट्रस्ट के सहयोगियों, प्रशासन व पुलिस अधिकारियों, रेल कर्मियों, रेल पुलिस कर्मियों, चेंबर ऑफ कॉमर्स नगर ऊंटारी के पदाधिकारियों समेत बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने वस्त्र की आगवानी की।

# भाजपा ने सरकार का पुतला फूंका

आजाद सिपाही संवाददाता



गढ़वा। भारतीय जनता पार्टी नगर मंडल गढ़वा के नेतृत्व में रांची में भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ हुए ज्यादती के विरोध में सरकार का पुतला दहन किया गया। इस अवसर पर काली मंदिर चीनीया मोड़ से चलकर रंका मोड़ पर भाजपा प्रदेश नेतृत्व के आह्वान पर हेमंत सोरेन सरकार का पुतला दहन का कार्यक्रम किया गया। मौके पर वक्ताओं ने कहा कि शुक्रवार को रांची के मोराबादी मैदान में युवा आक्रोश रैली के दौरान रांची पुलिस के द्वारा बर्बरता पूर्वक भाजपा कार्यकर्ता युवकों पर आंसू गैस छोड़ा गया गोली चालन और पानी की बौछार का कार्य किया गया। जगह जगह कटीले तार लगाकर कार्यक्रम को बाधित करने का कार्य किया गया। पूरे प्रदेश से जनता को रांची जाने से रोका गया। भाजपा जिलाध्यक्ष ठाकुर प्रसाद महतो के द्वारा कहा गया कि यह सरकार पूरी तरह फेल है। आक्रोश रैली से सरकार घबरायी हुई थी। युवाओं का आक्रोश देखकर सरकार के हाथ पाव फुल रहे थे।

आने वाला विधानसभा चुनाव में जनता वोट का चोट देकर इस सरकार को उखाड़ फेंकने का कार्य करेगी। भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष उमेश कश्यप ने कहा सरकार अंतिम सय्या पर लेटी हुई है। जुमलेबाजी से अब आम जनता इस सरकार के झूठे मुगालते में फँसने वाली नहीं है। हेमंत सोरेन का झूठ सभी लोग जान चुके है। उसी झूठ का परदाफास सभी युवा पूरे प्रदेश के साथ ही गोलबंद होकर इस सरकार का पुरजोर विरोध किया है। आने वाला समय में इस सरकार का चुनाव में जमानत जब्त होगा। कार्यक्रम में जिला महामंत्री संतोष दुबे, उपाध्यक्ष राजीव राज तिवारी, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सूरज गुप्ता, रिंकू तिवारी, भाजयुमो जिलाध्यक्ष मुन्ना तिवारी, ओबीसी मोर्चा जिलाध्यक्ष मनीष गुप्ता, कैलास कश्यप, चंदन कश्यप, विनय चौबे, ब्रजेश उपाध्याय, जयंत पांडे, रितेश दुबे, रवींद्र जायसवाल, मंडल अध्यक्ष चंद्रवंशी शनि चंद्रवंशी विनोद चंद्रवंशी गोवावल मण्डल अध्यक्ष परिचित तिवारी लक्ष्मी पांडेय, बुद्धी नारायण चौधरी सहित काफी संख्या में भाजपा नेता और कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# बाल विकास के लिपिक भी अब हड़ताल पर जाने की तैयारी में

**सावित्रीबाई फुले जैसी कई महत्वाकांक्षी योजनाएं और कार्य होंगे प्रभावित**

आजाद सिपाही संवाददाता



गढ़वा। समाहरणालय संवर्ग के लिपिकों की हड़ताल अभी समाप्त ही हुआ है कि अब बाल विकास विभाग के लिपिक भी हड़ताल में जाने की तैयारी में हैं। गुरुवार और शुक्रवार को बाल विकास अंतर्गत कार्यरत लिपिक भी अपनी मांगों को लेकर विरोध प्रदर्शन करते हुए काला बिल्ला लगाकर अपने कार्यालय कार्यों का निष्पादन किये। जिला समाज कल्याण कार्यालय, गढ़वा में कार्यरत सभी तीनों लिपिक प्रभात लकड़ा सुदीप परिया और मनोज कुमार को काला बिल्ला लगाकर कार्य करते हुए देखा गया। वहीं शनिवार को ये सभी कर्मी प्रथम पाली में कलमबद हड़ताल पर रहे। संघ के कार्यकारी अध्यक्ष मनोज कुमार के द्वारा बताया गया कि हमारे संघ के द्वारा विगत कुछ वर्षों से आईसीडीएस लिपको के लिए पूर्व की नियमावली 2006 को संशोधित करते हुए प्रोन्नति देने हेतु बार-बार पत्र के माध्यम से अनुरोध किया जाता रहा है। परंतु इस संदर्भ में अब तक विभाग के तरफ से कोई पहल नहीं किया गया है। सुदीप परहिया ने बताया कि झारखंड राज्य गठन के बाद से न तो आईसीडीएस में लिपिको की नियुक्ति की गयी है और न ही हमलोगों को प्रोन्नति दी जा रही है। हमारी प्रमुख मांगों में न्यूनतम वेतनमान 1900 से बढ़कर 2400 ग्रेड पे करना, 2 वर्षों के उपरांत सेवा संपुष्टि तथा नियमित पदोन्नति प्रदान करना आईसीडीएस के लिपिक के लिए एक स्पष्ट नियमावली तथा सिमित परीक्षा के माध्यम से हम सभी लिपिकों को सीडीपीओ के पद पर पदोन्नति हेतु पद आरक्षित करने के लिए अनुरोध किया गया है। इन्होंने बताया कि हमारी मांग पूरा नहीं होने पर 1 सितंबर से आंदोलनरत सभी कर्मचारी हड़ताल पर चले जायेंगे।

## व्यक्ति को किसी भी परिस्थिति में अपना व्यवहार नहीं बदलना चाहिए : अलखनाथ पांडेय



गढ़वा (आजाद सिपाही)। जन्माष्टमी के अवसर पर आरके पब्लिक स्कूल के जुनियर विंग्स में जन्माष्टमी धूमधाम से मनायी गयी। इस मौके पर उपस्थित स्कूल के निदेशक सह शिक्षाविद् अलखनाथ पांडेय ने सभी को जन्माष्टमी की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए भगवान श्री कृष्ण के द्वारा भगवत गीता में कही गयी बातों को आत्मसात करने को कहा। उन्होंने कहा कि भगवत गीता से हमें सत्य वचन बोलने और किसी भी परिस्थिति में गलत का साथ नहीं देने का ज्ञान लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि व्यक्ति को किसी भी परिस्थिति में अपना आपा या अपना व्यवहार नहीं बदलना चाहिए। जो व्यक्ति सुख एवं दुख में एक समान व्यवहार रखता है और अपने काम को पूर्ण करता है। फल की चिंता किए बिना कर्मों को पूरा करता है। उन्होंने आगे कहा कि भगवान श्री कृष्ण ने संसार को भगवत गीता के रुप में बहुत बडा ज्ञान दिया, जिससे हमें भी बहुत कुछ सीखा। इसके बाद बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए, जिसमें मैया यशोदा, राधा कृष्ण की जोड़ी अलौकिक आदि गाने पर नृत्य प्रस्तुत किया गया। इस मौके पर विद्यालय के प्रशासक प्रमोद कुमार झा. शिक्षिका अनीता सिन्हा, अभिलाषा, नीतू सिंह, जागृति चौबे, आरती शुक्ला, अर्चना, प्राची आदि सभी शिक्षक और शिक्षिका उपस्थित थे।

# अपराधियों ने सीएसपी संचालक से लूटे पौने दो लाख रुपये और समान

आजाद सिपाही संवाददाता




रमना। प्रखंड मुख्यालय भगत सिंह चौक स्थित ग्राहक सेवा केंद्र संचालक कुंदन महतो से सरेआम हथियार के बल पर एक लाख 75 हजार रुपये, एक मोबाइल फोन, एक मंत्रा व मोटर सायकल का चाभी कि लूटने का मामला प्रकाश में आया है। घटना शुक्रवार के रात्रि लगभग सात बजे की बताई जा रही है। खबर के मुताबिक प्रतिदिन कि तरह शुक्रवार को ग्राहक सेवा केंद्र संचालक मेराल थाना के बंका गांव निवासी कुंदन महतो पिता स्व.अजय महतो शाम सात बजे अपने दुकान बंद कर अपने घर के लिए निकला था। इसी क्रम में पहले से ही घात लगा कर बैठे लुटेरों नें मुख्य सड़क एनएच-75 सड़क कबीसा गांव स्थित यात्री शेड के पास हथियार के बल पर रोक कर करीब एक लाख 75 हजार रुपए, एंड्रॉयड़ मोबाइल फोन, फिंगर प्रिंट डिवाइस और मोटर साइकिल का चाभी लूट कर बड़े ही आसानी से भाग निकले। चुकी इस समय सड़क काफी व्यस्त रहता है लेकिन तेज वारिश होने के कारण सड़क सुनसान था जिसका लाभ लुटेरों नें उठाया। घटना कि सुचना पाकर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सतेन्द्र नारायण सिंह,पुलिस निरिक्षक रतन कुमार सिंह व थाना प्रभारी असफाक आलम पहुंच कर घटना की जानकारी लेते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिया। इस सम्बन्ध में थाना प्रभारी असफाक आलम ने बताया कि उक्त मामले को लेकर प्राथमिकी दर्ज कर ली गयी है, जल्द ही अपराधी गिरफ्त में होंगे। काफी दिनों के बाद इस तरह के सड़क लुटेरे के सक्रिय होने जाने के बाद लोगो में भय का माहौल बन गया है।

# एआइएमआइएम पार्टी का गठन, रमेश अध्यक्ष और बिंदु चौधरी महासचिव बने

आजाद सिपाही संवाददाता



गढ़वा। डंडा प्रखंड के शिव मंदिर के सामने अशोक चौधरी के आवास पर एआइएमआइएम की बैठक आयोजित की गयी। जिसमें सर्वसम्मति से रमेश चौधरी को अध्यक्ष बनाया गया। जबकि बिंदु चौधरी को महासचिव बनाया गया। चयनित लोगों को पलामू प्रमंडल प्रभारी सह गढ़वा विधानसभा प्रत्याशी डॉ एमएन खान ने पार्टी का पट्टा पहनाकर स्वागत किया। साथ ही कहा कि इन लोगों को अध्यक्ष और महासचिव बनने से पार्टी को एक नयी ऊर्जा मिलेगी। इस अवसर पर जिला संरक्षक अब्दुल सकुर अंसारी, जिला प्रवक्ता अब्दुल रहमान अंसारी, जिला उपाध्यक्ष गोपाल चौधरी, जिला सचिव अशोक चौधरी, गढ़वा प्रखंड सोशल मीडिया प्रभारी दाऊद इब्राहिम, फैज किंग आदि उपस्थित थे। मौके पर एआइएमआइएम के पलामू प्रमंडल प्रभारी सह गढ़वा रंका विधान सभा क्षेत्र के विधायक प्रत्याशी डॉक्टर एम एन खान ने कहा कि एआइएमआइएम से लोग लगातार जुड़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि एआइएमआइएम के नीति और सिद्धांतो से लोग काफी प्रभावित हो रहे हैं। जिसका नतीजा है कि काफी संख्या में लोग एआइएमआइएम से जुड़ रहे हैं।

## एक दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन



बंशीधर नगर (आजाद सिपाही)। स्थानीय 10+2 उच्च विद्यालय नगर ऊंटारी के प्रशाल में नगर ऊंटारी स्थित सभी प्रा विद्यालय, उत्क्रमित प्रा विद्यालय, सभी म विद्यालय, उच्च विद्यालयके प्रधानाध्यापक की यू डाइस का एक दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। अविनाश कुमार सहाय ने कहा कि सभी विद्यालय व उच्च विद्यालय के द्वारा 5 बच्चों का पंजीकरण कराने का आदेश विभागीय आदेश दिया गया है इसलिए 15 सितंबर तक सभी विद्यालय के प्राधानाध्यापक पंजीकरण करा लें। सिंहा ने कहा कि पंजीकृत कराने में कोई परेशानी होती है, तो बीआरसी कौडिनेटर मुकेश कुमार से मिल कर पंजीकरण करा लें। इस मौके परबीआरपी प्रकाश कुमार सिंह सीआरपी संजय कुमार सिंह, शोभा कुमारी, बीरेंद्र प्रजापति, शक्तिदास सिन्हा प्रधानाध्यापक राजनाथ राम, अखिलेश प्रसाद सहित सभी प्राधानधयापक उपस्थित थे।

## 25 से 27 तक चलाया जायेगा पल्स पोलियो अभियान

भवनाथपुर (आजाद सिपाही)। आगामी 25 से 27 अगस्त तक होने वाले पल्स पोलियो अभियान की सफल संचालन को लेकर प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डा. दिनेश कुमार ने स्थानीय सीएचसी परिसर में सभी सुपर वाईजर के साथ समीक्षा बैठक किया। बैठक में सभी सुपरवाइजर को 0 से 5 वर्ष तक के सभी बच्चों को पल्स पोलियों का दवा पिलाने के लिए निर्देश दिया गया। मौके पर उन्होंने बताया कि प्रखंड के सभी बूथों पर 25 अगस्त को सुबह आठ बजे से शाम चार बजे तक दवा पिलायी जायेगी, साथ ही 26 और 27 अगस्त को घर-घर जाकर बच्चों को दवा की खुराक दी जायेगी। बैठक में जिला कुष्ठ परामर्शी डॉ. भरत भूषण, एनसीडी काउंसलर राजकुमार वर्मा, प्रखंड लेखा प्रबंधक प्रदीप कुमार पाठक, सीएचओ, बीटीटी सहिया साथी, एएनएम और अन्य कर्मचारी उपस्थित थे।

# छह माह पहले हुआ टेंडर, निर्माण कार्य शुरू करने का ग्रामीणों ने किया विरोध, काम बंद

**गुणवत्तापूर्वक काम नहीं होने के कारण स्थानीय लोगों ने करवाया काम बंद,कहा एस्टीमेट के अनुसार कार्य होना चाहिए**

आजाद सिपाही संवाददाता



मझिआंव। नगर पंचायत मझिआंव के तत्कालीन कार्यपाक पदाधिकारी द्वारा विगत 2 फरवरी को अखबार के माध्यम से अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रित की गई थी। जिसमें कुल 5 कार्यों के लिए संवेदकों को निमंत्रित किया गया था। जिसके बाद 3 फरवरी को टेंडर बांट दिया गया। निविदा के निमंत्रण में अति अल्पकालीन निविदा के अनुसार हर कार्य की अवधि भी प्रकाशित की गई थी। जिसमें 30 से 45 दिन के अंदर सभी 5 कार्यों को पूर्ण करने के निर्देश थे। वहीं जिसके 6 माह बीत जाने के बाद कार्य नंबर 4 के टेंडर में दिन शनिवार 24 अगस्त की सुबह अनुसुइया देवी कंस्ट्रक्शन कंपनी के संवेदक गौरव दुबे द्वारा वार्ड नंबर 7 में ब्लॉक मेन रोड से अवधेश चौधरी के घर तक 7 लाख 13 हजार 2 सौ 8 रुपये की लागत से बनने वाले पीसीसी पथ में निर्माण कार्य शुरू किया गया। शुरूआत में ही गुणवत्ता पूर्व के कार्य नहीं होने के बाद स्थानीय ग्रामीणों द्वारा कार्य यह बोल कर रोक दिया गया। वहीं संवेदक द्वारा नाली आधे रोड से बनाया जा रहा था जिसको लेकर भी नागरिकों द्वारा सवाल खड़ा किया गया, और इस पर सवाल खड़ा किया गया। वहीं नाराज कुछ ग्रामीणों ने काम के गुणवत्ता पर भी सवाल उठाया। इधर इस संबंध में नगर पंचायत के जूनियर इंजिनर संदीप यादव से पुछे जाने पर उन्होंने कहा कि मुझे नहीं मालूम है कि वार्ड 7 में किस संवेदक के द्वारा काम किया जा रहा है। वहीं कार्यपालक पदाधिकारी सुशील कुमार ने इस विषय पर पूछे जाने पर उन्होंने बताया कि ग्रामीणों के द्वारा बेवजह कार्य में बाधा उत्पन्न किया जा रहा था। नाली नहीं बनाने दिया जा रहा था। 2 दिन बाद इंजीनियर के उपस्थिति में कार्य सुरु किया जायेगा।

# अनंत प्रताप देव ने विभिन्न गांवों में चलाया जनसंपर्क अभियान

**पूर्व विधायक ने ग्रामीणों से मिलकर उनकी विभिन्न समस्याओं को सुना तथा निवारण करने के लिए ग्रामीणों को भरोसा दिया**

आजाद सिपाही संवाददाता



डंडई। पूर्व विधायक सह झारखंड मुक्ति मोर्चा नेता अनंत प्रताप देव उर्फ छोटे राजा ने शुक्रवार को डंडई प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न गांव में ग्रामीणों से मिलकर जनसंपर्क अभियान चलाया। इस दौरान लवाही, रारो, बालेखाड़, पचौर जैसी गांवों में जाकर ग्रामीणों से मिलकर उनकी विभिन्न समस्याओं को सुना तथा समस्याओं को सुनकर उनका निवारण करने के लिए ग्रामीणों को भरोसा दिया। इस दौरान श्री देव ने कहा आज भी इन गांवों में बुनियादी जरूरतों का घोर अभाव है। देव ने ग्रामीणो से कहा की वह क्षेत्र की जनता से मिलकर उनकी समस्याओं को प्रमुखता से जानने की कोशिश की है, उन्होंने कहा कि इसबार भवनाथपुर विधानसभा क्षेत्र की जनता ने परिवर्तन करने के लिए मन बना लिया है।


**Government of Jharkhand**
**Urban Development and Housing Department**
**Nagar Panchayat Bundu**

**e-Procurment Notice (Tenders Notice call)**
**Short Notice**

| S.l. | Tender id | Name of work | Amount | Earnest Money | Tender Fee | Completion Of Work |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | UDD/NIT/BNP/HT/02/2024-25 | Rejuvenation of Hapa Talab (Ward 08 Under Bundu Nagar Panchayat, Jharkhand | 94,88,000.00 | 1,90,000.00 | 10,000.00 | 06 Months |

| | | |
|---|---|---|
| 5 | Date Of Publication Of Tender On Website | 24-08-2024 AT 10:00 AM |
| 6 | Mode Of Submission Of Bids | E-Tendering .....http//:Jharkhandtenders.gov.In |
| 7 | Date Start Of Submission Of Bids | 24-08-2024 AT 10:00 AM |
| 8 | Last Date/Time Of Submission Of Bids | 09-09-2024 AT 02:00 PM |
| 9 | Date Of Bid Opening | 10-09-2024 AT 03:00 PM |
| 10 | Last Date/Time Of Submission Cost of BOQ, Earnest Money And Tender Document | 09-09-2024 AT 02:00 PM |
| 11 | Name & Address Of Office Inviting Tender | NAGAR PANCHAYAT BUNDU |

NOTE :- Only E-Tender will be accepted. Further details can be seen on website http://jharkhandtenders.gov.in& Notice Board office of the Nagar Panchayat Bundu.

Executive Officer
Nagar Panchayat Bundu

PR 333714 (Urban Development)24-25*D


# क्षेत्र की सभी समस्याओं को दूर करना मेरा कर्तव्य है : मंत्री

आजाद सिपाही संवाददाता



गढ़वा। गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल और स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर में शनिवार को मेराल प्रखंड में पढ़ुआ और लोवादाग पंचायत के लगभग एक दर्जन गांवों में जन संवाद का आयोजन किया। विभिन्न गांवों में आयोजित जनसंवाद में मंत्री प्रखंड के पदाधिकारियों के साथ पहुंचे और ग्रामीणों की समस्या से रू-ब-रू हुए। मौके पर कई समस्याओं का निदान किया गया। साथ ही शेष समस्याओं का यथाशीघ्र निदान के लिए मंत्री ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिया। इस दौरान पढ़ुआ पंचायत के ग्राम पढ़ुआ में बाजार के समीप, ग्राम सिकनी में आंगनबाड़ी के समीप, ग्राम पतहरिया में सुदामा गुप्ता के घर के समीप, ग्राम रजबंधा में पहाड़ के समीप मुखलाल प्रजापति के घर के पास, पंचायत लोवादाग के ग्राम भंडार में दुर्गा मंडप के समीप, ग्राम अधौरा में दुर्गा मंडप के समीप, ग्राम बंका में आंगनबाड़ी के समीप ग्राम अधौरी में दुर्गा मंडप और मदरसा के समीप तथा ग्राम लोआदाग में स्कूल के समीप जन संवाद का आयोजन किया गया।

मौके पर मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि गढ़वा का कोई भी गांव बिजली, सड़क, पानी आदि मूलभूत सुविधाओं से वंचित नहीं रहेगा। प्रत्येक गांव और प्रत्येक टोला को सारी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में काफी तेजी से काम हो रहा है। उन्होंने कहा कि राज्य में हेमंत सरकार हर क्षेत्र में ऐतिहासिक कार्य कर रही है। केंद्र के असहयोग के बावजूद राज्य सरकार सभी गरीबों को अबुआ आवास राज्य के पैसे से दे रही है। सरकार ने सभी किसानों का दो लाख रुपये तक का कृषि ऋण माफ कर दिया है। साथ ही सभी लोगों को 200 यूनिट बिजली फ्री दी जा रही है। मंत्री ने कहा कि राज्य की आधी आबादी सभी बहन, बेटियों को अब प्रति माह एक हजार रुपए निश्चित रूप से मिलेगा। जबकि 50 वर्ष से ऊपर की सभी महिलाओं को एवं अनुसूचित जाति, जनजाति के लोगों को पेंशन भी मिलना प्रारंभ हो गया है। मौके पर मुख्य रूप से झामुमो जिला अध्यक्ष तनवीर आलम, सचिव मनोज ठाकुर, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष रेखा चौबे, दिलीप गुप्ता, अंकित पांडेय, संजय सोनी, मंजय वियार, मुखिया आशीष महतो, बीडीसी दिनेश गुप्ता, प्रताप सिंह, एस कुमार प्रजापति, बलराम सिंह, जितेंद्र सिंह, सत्येंद्र वियार, हेमंत सिंह, हरिहर बैठा, उमेश, पिंटू, दिलजान, बलेंद्र सिंह सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## झामुमो में 300 से अधिक लोग हुए शामिल



गढ़वा (आजाद सिपाही)। गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल और स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर के कार्यों से प्रभावित होकर 300 से अधिक लोगों ने भाजपा, राजद, बसपा आदि दलों को छोड़कर झारखंड मुक्ति मोर्चा का दामन थाम लिया है। मंत्री श्री ठाकुर का क्षेत्र भ्रमण के दौरान लोगों को पार्टी में शामिल होने का सिलसिला जारी है। क्षेत्र भ्रमण के दौरान सभी ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। मंत्री ने सभी को माला व पार्टी का पट्टा पहनाकर पार्टी में शामिल किया। इस दौरान सभी ने गढ़वा के विकास यात्रा में कदम से कदम मिलाकर साथ चलने का संकल्प लिया। मौके पर मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि आज के समय में पूरा गढ़वा झामुमो मय हो गया है। झारखंड सरकार के कार्यों से प्रभावित होकर प्रत्येक गांव से लोग पार्टी में शामिल हो रहे हैं। सभी लोग पार्टी के साथ जुड़ कर गढ़वा की विकास यात्रा को आगे बढ़ाने में अपनी भूमिका निभायेंगे। झारखंड मुक्ति मोर्चा संपूर्ण झारखंड वासियों की अपनी पार्टी है।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, राँची**

**अल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण सूचना**

ई– निविदा सूचना संख्या – RDD/SD/RANCHI/11/2024-25 E-tender

1.कार्य की विस्तृत विवरणी:

| क्र० सं० | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (लाख में) | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | राँची जिला के तमाड़ विधानसभा अंतर्गत बुण्डू प्रखंड के रेलाडीह पंचायत अंतर्गत ग्राम रेलाडीह से उप बेड़ा टुंगरी टोला के बीच रायसा नदी पर बुरू घाट में पुलिया निर्माण। | 494.383 | 9,89,000 | 10,000 | 18 माह |

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि – 03.09.2024
3. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय – दिनांक 04.09.2024 से दिनांक 10.09.2024 को अपराह्न 5:00 बजे तक
4. ई–निविदा खोलने का स्थान – कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, राँची।
5. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय – 12.09.2024 अपराह्न 2:00 बजे
6. ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, राँची।
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 7903003903
8. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तद्नुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
10. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है, तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल,राँची

PR 333716 Rural Development(24-25).D

आजाद सिपाही
रांची, रविवार, 25 अगस्त, 2024
www.azadsipahi.in
08

## झारखंड राज्य स्तरीय लोहरदगा ओपन एक्वेटिक मीट 20 24 का हुआ भव्य आयोजन

# जमशेदपुर के दीपांशु और रांची की आतिशी ने जीता व्यक्तिगत खिताब

**मंत्री डॉ इरफान अंसारी, डॉ रामेश्वर उरांव, मनिका विधायक रामचंद्र सिंह, पूर्व सांसद धीरज प्रसाद साहू, डीसी और एसपी ने खिलाड़ियों सम्मानित किया**

**40 बालिकायें और 70 बालक तैराकों ने भाग लिया**



आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा।** लोहरदगा जिला स्विमिंग एसोसिएशन के तत्वावधान और एफडी एंटरप्राइजेज द्वारा प्रायोजित झारखंड राज्य लोहरदगा ओपन एक्वेटिक मीट 2024 का व्यक्तिगत चैंपियनशिप बालक वर्ग में जमशेदपुर के दीपांशु सिंह और बालिका वर्ग में रांची की आतिशी कुमार ने जीत लिया। वाटर पोलो में के रोमांचक मुकाबले में निर्धारित समय और अतिरिक्त समय में रांची और रामगढ़ की टीम दो-दो की बराबरी पर थी बाद में पेनल्टी शूटआउट का सहारा लिया गया। इसमें रांची की टीम ने रामगढ़ को 5 - 4 से हराकर ट्राफी पर कब्जा जमाया। अतिथियों ने हाल ही में देहरादून में संपन्न हुए राष्ट्रीय तैराकी प्रतियोगिता में रजत पदक जीतने वाले लोहरदगा के उमेश पासवान और क्रिकेट में विजी ट्रॉफी खेलने वाले ऋषभ खत्री और यूनिवर्सिटी खेलने वाले अमित कुमार को सम्मानित किया। प्रतियोगिता में रांची, जमशेदपुर, हजारीबाग, रामगढ़, सरायकेला खरसावां, धनबाद, बोकारो, लोहरदगा के करीब 40 बालिकाएं और 70 बालक तैराकों ने भाग लिया। मुख्य रूप से प्रतियोगिता में बालक बालिकाओं के लिए 300 मीटर फ्रीस्टाइल तैराकी प्रतियोगिता 50 गुना 4 मी इंडिविजुअल, मिडले 50 मी, ब्रेस्ट स्ट्रोक 50 मी, बैक स्ट्रोक 50 मीटर, बटरफ्लाई 50.4 मीटर, फ्री स्टाइल रिले 50. 4 इंडिविजुअल रिले, वाटर पोलो, बोट रेस, ट्यूब रेस आदि प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मंत्री डॉ इरफान अंसारी, वित्त मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव, मनिका के विधायक रामचंद्र सिंह, पूर्व सांसद धीरज प्रसाद साहू, जिप अध्यक्ष रीना कुमारी, एसपी हारिस बिन जमां, डीडीसी दिलीप प्रताप सिंह शेखावत, सिविल एसडीओ अमित, सचिव दीपक मुखर्जी, सरोज समेत शहर के प्रबुद्ध नागरिक मौजूद थे।

### प्रतियोगिता के इस प्रकार रहे परिणाम

इंडिविजुअल चैंपियनशिप (ब्वॉयज) दीपांशु सिंह (जमशेदपुर), गर्ल्स में रांची की आतिशी कुमारी। **बटरफ्लाई गर्ल्स (50 मीटर):** पहला स्थान मोनिका कुमारी(53 सेकंड), दूसरा स्थान आरती कच्छप(54 सेकंड), तीसरा स्थान प्रथमी(55 सेकंड)। **ब्रेथ स्ट्रोक गर्ल्स(50 मीटर):** प्रथम स्थान प्रिया उरांव(54 सेकंड), दूसरा स्थान नैना कुमारी(56 सेकंड), तीसरा स्थान अंशु(57 सेकंड)। **बैक स्ट्रोक 50 मीटर ब्वॉयज:** प्रथम स्थान अनूप मुंडा(00.46), दूसरा स्थान लखींद्र सिंह मुंडा (00.53), तीसरा स्थान अनमोल उरांव (00.58) **बटरफ्लाई ब्वॉयज (50 मीटर):** प्रथम स्थान दीपांशु (00.50 सेकंड), द्वितीय स्थान राहुल नायक (00.51 सेकंड), तीसरा स्थान अमन जायसवाल 00.54 सेकंड)।

### तैराकी खेल को बढ़ावा दिया जायेगा : मंत्री इरफान

लोहरदगा। ग्रामीण विकास मंत्री डॉ इरफान अंसारी ने कहा कि लोहरदगा में इतने बड़े पैमाने पर तैराकी प्रतियोगिता का आयोजन किया जाता है। यह हमें पता नहीं था, जितने इवेंट एक स्थान पर आयोजित किया गया है। वह अपने आप में एक रिकॉर्ड है। बड़ा तालाब शनिवार को झारखंड के तैराकी फील्ड का न केवल रिकॉर्ड बनाया गया, बल्कि तैराकी में एक साथ ओलंपिक का भी आनंद करवा दिया।

### लोहरदगा में तैराकी का इतिहास छह दशक पुराना : धीरज साहू

पूर्व सांसद और लोहरदगा जिला स्विमिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष धीरज प्रसाद साहू ने कहा कि लोहरदगा में तैराकी का इतिहास छह दशक पुराना है। यहां के कई तैराक नेशनल लेवल में अपनी प्रतिभाओं का लोहा बनवाया है। हम खेल को बढ़ावा देने के लिए हर संभव सहयोग करेंगे। उन्होंने बताया कि **दिसंबर या जनवरी में लोहरदगा में बड़ा क्रिकेट टूर्नामेंट करवाया जायेगा।** इसमें हरभजन सिंह अतिथि के रूप में शामिल होंगे। उनसे इस बाबत सहमति मिल गयी है, यही नहीं लोहरदगा शूटिंग रेंज में जसपाल राणा और भारत की ओलंपिक में पदक जीतने वाली मनु भाकर भी लोहरदगा आने पर सहमति दे है। कार्यक्रम को अन्य अतिथियों ने भी संबोधित किया।

### झारखंड के लिए मील का पत्थर साबित होगा : मंत्री रामेश्वर उरांव

मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव ने कहा की लोहरदगा खेल और खेल की विविधता के लिए जाना जाता है। निश्चित रूप से यह आयोजन झारखंड के लिए मील का पत्थर साबित होगा।

# कुदाल के वार से पति की मौत, पत्नी गंभीर, रिम्स में भर्ती

आजाद सिपाही संवाददाता





**घाटशिला।** पूर्वी सिंहभूम जिला के कोवाली थाना क्षेत्र के जामदा पंचायत अंतर्गत देवली गांव में अज्ञात अपराधियों ने कुदाल से मारकर एक व्यक्ति की हत्या कर दी। इस हमले में मृतक की पत्नी भी गंभीर रूप से घायल है।

घटना के संबंध में मिली जानकारी अनुसार देवली गांव का 30 वर्षीय युवक नरेश सरदार अपनी पत्नी विदेशी सरदार और अपने छोटे- छोटे दो बच्चों संदीप सरदार और राज सरदार के साथ कमरे में सोया हुआ था। मध्य रात्रि में तीन से चार की संख्या में अज्ञात हमलावरों ने घर मे घुसकर पति और पत्नी पर कुदाल से प्रहार किया जिससे पति की घटनास्थल पर ही मौत हो गयी, जबकि पत्नी द्वारा हमला के बाद चीख पुकार मचाने पर हमलावर भाग खड़े हुए। शनिवार की सुबह ग्रामीणों को घटना की सूचना मृतक के बच्चों द्वारा दिये जाने पर ग्रामीण घटनास्थल पर पहुंचे और मामले की जानकारी कोवाली पुलिस को दी। सूचना मिलते ही कोवाली थाना प्रभारी धनजंय पासवान सदलबल घटनास्थल पर पहुंचे और गंभीर रूप से घायल महिला को इलाज हेतु एमजीएम अस्पताल जमशेदपुर भेज दिया। इसके बाद बेहतर इलाज के लिए विदेशी को बेहतर इलाज हेतु रिम्स रांची रेफर कर दिया गया है।

इधर कोवाली पुलिस घटना पर पहुंच विभिन्न बिंदुओं पर जांच में जुट गयी है।

# घाटशिला में भाजपाइयों और पुलिस में झड़प, जलाया पुतला

आजाद सिपाही संवाददाता



**घाटशिला।** भारतीय जनता पार्टी जिला पूर्वी सिंहभूम जिला अध्यक्ष चंडी चरण साब के नेतृत्व में घाटशिला थाना के समक्ष भाजपा के कार्यकर्ताओ के द्वारा शांतिपूर्ण एवम लोकतांत्रिक ढंग से झारखंड की सरकार के मुखिया हेमंत सोरेन का पुतला दहन के दौरान पुलिस एवं भाजपाइयों के बीच धक्का - मुक्की और कहा -सुनी हो गयी। कुछ समय तक बहस चली और उसके बाद भाजपाइयों ने सीएम का पुतला जलाकर एक दिन पूर्व रांची की रैली में पुलिस द्वारा किये गए बल प्रयोग के प्रति अपना रोष व्यक्त किया। भाजपाइयों का आरोप है कि थाना प्रभारी शमधुसूदन डे ने जानबूझकर पुतला को छीनने का प्रयास किया। भाजपाइयों ने चेतावनी भरे लहजे में कहा कि लोकतांत्रिक गांधीवादी अहिंसा तरीके से आंदोलन करने जा रही थी, लेकिन पहले से मुस्तैद होकर के यह सरकार की पुलिस ने हेमंत सोरेन के ईसारे में पुतला को छीना गया, लेकिन यह नहीं भूलना चाहिए कि आंदोलन से भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता डरने वाले नहीं है किसी भी कीमत पर पीछे हटने वाले नहीं है, बहुत जल्दी रणनीति बनेगी कि अगला आंदोलन फिर प्रारंभ होगा। प्रदर्शन में मुख्य रूप से पूर्व विधायक लक्ष्मण टुडू, पूर्व प्रत्याशी लखन मर्डि, पूर्व जिलाध्यक्ष दिनेश साब, जिला महामंत्री सत्या तिवारी, भाजयुमो जिलाध्यक्ष रंगलाल महतो, जिला मंत्री राहुल पांडे, जिला मंत्री गीता मुर्मू, मनोज प्रताप सिंह, हेमंत नारायण देव, बुद्धेश्वर मार्डी, दीपक दंडपात, जिप सदस्य देवयानी मुर्मू, समेत काफी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## विधायक ने सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा का किया शुभारंभ, भक्तों की रही भीड़



बरवाडीह (आजाद सिपाही)। बरवाडीह प्रखंड के पहाड़ी मंदिर प्रांगण में शुक्रवार रात्रि श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर्व के अवसर पर श्री राधा रमण भगवत प्रचार मंडल द्वारा आयोजित सात दिवसीय श्रीमद भगवत गीता का विधिवत स्थानीय विधायक रामचंद्र सिंह ने शुभारंभ किया। मौके पर विधायक रामचंद्र सिंह ने कहा कि धार्मिक अनुष्ठान वधार्मिक कार्यक्रम से क्षेत्र में सुख समृद्धि का वास होता है। मौके पर वरीय स्टेशन प्रबंधक अनिल कुमार द्विवेदी, अनिल सिंह, अजय चंद्रवंशी, शिवानंद, सुरेश, अजीत आदि मौजूद थे।

## आजसू चूल्हा प्रमुख और उनके सहयोगियों ने दिया पार्टी से इस्तीफा

कुडु (आजाद सिपाही)। विधानसभा चुनाव से पहले ही लोहरदगा आजसू पार्टी मे टुट का सिलसिला जारी है। इस बार उमरी चूल्हा प्रमुख राजू उरांव और उनके सहयोगी अखिलेश यादव, विकास कुमार, बबलू उरांव, राजु बैठा, सोमा उरांव ने पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया है। इससे पूर्व जिला कमेटी के प्रवक्ता सह मीडिया प्रभारी रामचंद्र गिरी और किस्को प्रखंड के संगठन सचिव मनोज उरांव ने अपने निजी कारणों का हवाला देते हुए इसी माह आजसू पार्टी से इस्तीफा दिया था। ज्ञात हो कि राजु उरांव ने कुछ दिन पहले ही केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश महतो के समने पार्टी की सदस्यता ली थी। उन्होंने बताया कि अपना इस्तीफा कुडू प्रखंड अध्यक्ष को प्रेषित किया है और इसकी प्रतिलिपि जिला अध्यक्ष को भी दे दी है। राजु उरांव ने कहा आजसू पार्टी अब पहले जैसा पार्टी नही रही, अब पार्टी मे कोई नीति सिद्धांत नहीं बचा है। इसलिए मैं पार्टी के सदस्यता से इस्तीफा दिया हूं।

## जिला स्तरीय खरीफ कर्मशाला का आयोजन

लोहरदगा। नगर भवन, लोहरदगा में जिला स्तरीय खरीफ कर्मशाला-2024 का आयोजन किया गया। जिला कृषि पदाधिकारी द्वारा मिलेट मिशन योजना, फसल सुरक्षा योजना, किसान समृद्धि योजना की विशेष जानकारी किसानों को दी गयी। मौके पर जिला कृषि पदाधिकारी कालेन खलखो, जिला सहकारिता पदाधिकारी विजय प्रताप तिर्की, जिला मत्स्य पदाधिकारी नीलम सरोज एक्का, जिला गव्य विकास पदाधिकारी, भूमि संरक्षण पदाधिकारी संजय कुमार राम, जिला उद्यान पदाधिकारी, जिला पशुपालन पदाधिकारी, सहायक निदेशक, सीआईपीएम, झारखंड, रांची, उप परियोजना निदेशक, आत्मा, तकनीकी सहायक, एनएफएसएम उपस्थित हुए। इस मौके पर 'एक पेड़ माँ के नाम' का भी शुभारंभ पौधा लगा कर किया गया।

## सड़क दुर्घटना में एक की मौत, एक रिम्स रेफर

आजाद सिपाही संवाददाता



**चंदवा।** चंदवा रांची चतरा मुख्य मार्ग पर हिसरी के पास स्कूटी सवार दो युवा के चंदवा से अपने घर जोबिया जा रहे थे। युवक का नाम संजय कुमार गंझु पिता प्रयाग गंझु बबलू उरांव पिता रतनु उरांव दोनों युवा के स्कूटी के सवार होकर जा रहे थे, उसी क्रम में पीछे से एक बोलेरो गाड़ी ने अपनी चपेट में ले लिया। ग्रामीणों की मदद से दोनों घायलों को चंदवा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया, जहां डॉक्टर कंचन बाडा के द्वारा बबलू उरांव को देखते ही मृत घोषित कर दिया गया, वहीं संजय गंजू को प्राथमिक इलाज के बाद रिम्स रेफर कर दिया है। संजय गंजू के बारे में डॉक्टर बाडा ने बताया कि माथे में चोट लग गयी है, उसे सीटी स्कैन करने के बाद पता चलेगा। साथ ही घटना की जानकारी मिलने के बाद भावी लातेहार विधानसभा प्रत्याशी संजय कुमार रवि चंदवा के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे और परिजनों को मिलकर दिया और कहा कि पुलिस ऐसे लोगों को जल्द खोज निकाले।

### चंदवा के युवक की केरल में मौत



**चंदवा।** चंदवा मेन रोड निवासी नारायण प्रसाद उर्फ फुचु साव के 25 वर्षीय पुत्र अरविंद कुमार की मौत केरल के मलंगपुरम में हो गयी। युवक वहां फल के बगान में काम करता था। घटना की जानकारी मिलने के बाद केरल की स्थानीय पुलिस कार्रवाई में जुट गयी है। पुलिस ने ही दूरभाष पर मृतक के परिजनों को जानकारी दी है। वहीं परिजन शव को चंदवा लाने के लिए केरल रवाना हो गये हैं।

## आंदोलनकारी अपनी मांगों के समर्थन में धरना के लिए रांची रवाना

आजाद सिपाही संवाददाता



**बरवाडीह।** झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा के सदस्यों अपनी मांगों के समर्थन में शनिवार सुबह रांची मोरहाबादी मैदान में होनेवाले धरना प्रदर्शन कार्यक्रम में शामिल होने के लिए बरवाडीह से रवाना हुए। कार्यक्रम में शामिल होने के लिए संघर्ष मोर्चा के केंद्रीय सचिव अली हसन अंसारी के नेतृत्व में सदस्यों ने नारे लगाये, लड़ के लिया है झारखंड, अब लड़के लेंगे अपनी हक अधिकार, अपना हक लेकर रहेंगे।

झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा जिंदाबाद आदि के नारा लगा रहे थे। संघर्ष मोर्चा के केंद्रीय सचिव अली हसन अंसारी ने बताया कि झारखंड अलग राज्य बनाने में आंदोलनकारी का सबसे अधिक योगदान रहा है, लेकिन राज्य बनने के 23 वर्ष बाद भी झारखंड सरकार द्वारा उचित मान सम्मान नहीं मिला, जिसके वह हकदार हैं आंदोलनकारी को मान सम्मान पेंशन के साथ पहचान मिले इसके लिए आज मोराबादी मैदान में धरना प्रदर्शन कार्यक्रम आयोजित किया गया है। जिसमें विक्टर केरकेट्टा, विरेंद्र ठाकुर, दीनानाथ राम कई सदस्यों शामिल थे।

## जमशेदपुर में भाजपाइयों ने फूंका सरकार का पुतला



आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** रांची के मोरहाबादी मैदान में युवा आक्रोश रैली में भाजपा कार्यकर्ताओं पर हुई पुलिसिया कार्रवाई के विरोध में भाजपा कार्यकर्ता आक्रोशित है। शनिवार को महानगर अध्यक्ष सुधांशु ओझा के नेतृत्व में शहर के सभी मंडल से आये भाजपा कार्यकर्ताओं ने सीएम हेमंत सोरेन पर तानाशाही रवैया अपनाने एवं लोकतंत्र की हत्या का आरोप लगाया। मौके पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने साकची जिला कार्यालय से जुलूस की शक्ल में हाथों में पुतला लिये झारखंड सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने सरकार विरोधी नारेबाजी 'हेमंत सोरेन मुदार्बाद' , 'तानाशाही नही चलेगी' और 'जब-जब सरकार डरती है, पुलिस को आगे करती है','गोली बंदूक की सरकार, नहीं चलेगी जैसे नारे लगाकर विरोध दर्ज कराया। उन्होंने एसएसपी कार्यालय के समक्ष झारखंड सरकार का पुतला दहन कर विरोध दर्ज कराया। महानगर अध्यक्ष सुधांशु ओझा ने कहा पहले भी कई रैली और प्रदर्शन राज्य में हुए हैं। लेकिन रांची जाने के क्रम में जांच और सुरक्षा के नाम पर जिस तरह की रवैया पुलिस प्रशासन का दिखा, उससे तो यह प्रतीत हो रहा था प्रशासन झामुमो- कांग्रेस के कार्यकर्ताओं की तरह व्यवहार कर रहे हैं। मौके पर प्रदेश मंत्री नंदजी प्रसाद,चंद्रशेखर मिश्रा, बिनोद सिंह, राजकुमार श्रीवास्तव, दिनेश कुमार,जटाशंकर पांडेय, संजीव सिन्हा, प्रदीप महतो, राजीव सिंह, रेणु शर्मा, प्रदीप बेसरा,अनिल मोदी, संजीव सिंह, पप्पू सिंह, जितेंद्र राय, सुबोध झा, प्रेम झा, अखिल सिंह, बिनोद सिंह, कौस्तव रॉय, उज्वल सिंह, अमित अग्रवाल, प्रोबिर चटर्जी राणा, दीपक झा समेत अन्य मौजूद रहे।

# भाजपाइयों ने जगह-जगह मुख्यमंत्री का पुतला दहन किया

### झारखंड में लाठी गोली की सरकार नहीं चलेगी : भाजपा



आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा शनिवार को जिला समेत सभी प्रखंडों व कस्बो में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का पुतला दहन किया गया। लोहरदगा समाहरणालय के समीप पुतला दहन करते हुए के जिला अध्यक्ष मनीर उरांव ने कहा कि झारखंड की हेमंत सरकार डरी व सहमी हुई है। जिसके कारण युवा आक्रोश रैली को हर प्रकार असफल करने का प्रयास किया गया। कार्यकर्ताओं के वाहनों को पुलिस प्रशासन द्वारा बैरिकेट लगा कर रोका गया वही आक्रोश रैली में आये कार्यकर्ताओं को लाठी डंडे से पीटा गया। उन्होंने बेरोजगार युवाओं किसान पारा शिक्षकों, सहायक पुलिस कर्मियों को ठगने का काम किया है। मौके पर राजकिशोर महतो, बिनोद राय, पशुपति नाथ पारस, संजय कुमार, अनिल उरांव, कलावती देवी सामेला बाखला, बाल्मीकि, राजकुमार वर्मा, सचिन, मिथुन तमेडा, ओम, सूरज, मंगरा, शंभू सिंह, साहू, आयुष, हसमुख, प्रदुम्न, रौशन आदि शामिल थे।

### हेरहंज में हेमंत सरकार के खिलाफ जनाक्रोश



हेरहंज (लातेहार)। 23 अगस्त शुक्रवार को युवा आक्रोश रैली रांची में झारखंड सरकार के द्वारा भाजपा कार्यकर्ताओं के ऊपर लाठी चार्ज किये जाने के विरोध में शनिवार को प्रखंड मुख्यालय स्थित बस स्टैंड के समीप भाजपाइयों ने झारखंड सरकार हेमंत सोरेन का पुतला दहन किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष कन्हाई प्रसाद ने किया। मौके पर पूर्व बिससूत्री अध्यक्ष विजय गुप्ता, गोलू गुप्ता, महेंद्र प्रसाद, रंजन प्रसाद, राजेश साहू, अखिलेश यादव, अवधेश यादव, संजय यादव, दीना सिंह, राजेश, पप्पू, आनंद समेत काफी संख्या में भाजपा नेता व कार्यकर्ता मौजूद थे।

### बारियातू में भाजपाइयों ने पुतला दहन किया



बारियातू (आजाद सिपाही)। भाजपा कार्यकर्ताओं ने मंडल अध्यक्ष लव कुमार सिंह के नेतृत्व में शनिवार संध्या थाना के समीप मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का पुतला दहन किया। अध्यक्ष सिंह ने कहा कि बिते 23 अगस्त को भाजयुमो की आक्रोश रैली के दौरान राज्य के तानाशाही सरकार ने युवाओं पर लाठी बरसाने के कार्य किया जिसके विरोध में मुख्यमंत्री का पुतला दहन किया गया। इस दौरान भाजपाईयों ने हेमंत सरकार मुदार्बाद, तानाशाही नहीं चलेगी, सहित कई नारे लगा रहे थे।

### भाजपाइयों ने मनिका में जलाया पुतला



मनिका (आजाद सिपाही)। युवा आक्रोश रैली में भाजपाइयों के साथ हुई पुलिस की धक्का मुक्की आंसू गैस के गोले, वाटर कैनन के फुहारे जिसके कारण हजारों की संख्या में भाजपा कार्यकर्ता घायल हुए। भाजपाइयों ने शनिवार को मनिका थाना के समीप भाजपाइयों ने फुका मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का पुतला भाजपा मंडल अध्यक्ष के नेतृत्व में झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का पुतला दहन किया गया। मौके पर प्रखंड प्रमुख प्रतिमा देवी, विश्वनाथ राय, दीपू राय, अजीत कुमार, संदीप उरांव, बिद्दू समेत सैकड़ों की संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### भाजपा ने पुतला दहन किया

भंडरा/लोहरदगा। भारतीय जनता पार्टी भंडरा प्रखंड अध्यक्ष विवेक सोनी के नेतृत्व में झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का पुतला दहन किया गया।हेमंत सोरेन मुदार्बाद के नारे लगाये गये। प्रखंड अध्यक्ष विवेक सोने ने कहा हम सब भाजपा के कार्यकर्ता है डरेंगे नहीं ना ही चुप बैठेंगे हेमंत सोरेन सरकार उखाड़ फेंकेंगे। मौके पर जिला उपाध्यक्ष बाल कृष्णा सिंह, ईश्वरी मोहन शर्मा, अभिषेक चौहान, पंकज साहु, अनुज महतो, मनोज साहु, किशोर साहु समेत अन्य लोग उपस्थित थे।

## अखिल एकता उद्योग व्यापार मंडल की बैठक



जमशेदपुर। अखिल एकता उद्योग व्यापार मंडल की एक बैठक शनिवार को प्रदेश अध्यक्ष पवन कुमार अग्रहरी की अध्यक्षता में हुई। बैठक में संगठन के कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा की गई। मौके पर प्रदेश महिला अध्यक्ष श्रीमती सुनीता जायसवाल ने महिला उद्यमी को व्यापार मंडल की सदस्यता दिलाने के लिए अभियान की शुरूआत की। वही व्यापार मंडल के उपाध्यक्ष चंचल भाटिया ने महिलाओं को संगठन के कार्य शैली के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी। साथ ही कैसे अपने पैरों पर खड़े होकर अपने अपने व्यापार को आगे बढ़ाया जा सकता है इस पर काफी कुशल तरीका से बताया। संगठन के महामंत्री विकास गुप्ता ने कैसे संगठन की विस्तार की गयी। प्रदेश मीडिया प्रभारी मनोज कुमार ने प्रदेश में संगठन का विस्तार के लिए कई महत्वपूर्ण जानकारी दी। बैठक में एकता जायसवाल, सरिता देवी, प्राची सक्सेना, विवा जायसवाल, पिंकी प्रसाद, आरती कुमारी गुप्ता, दिनेश प्रसाद सहित कई अन्य व्यापारी उपस्थित रहे।

## सदानंद बारीक हत्याकांड में शामिल आरोपी गिरफ्तार

आदित्यपुर। पुलिस ने सदानंद बारीक हत्याकांड मामले में आरोपी आदित्यपुर निवासी मेहुल जायसवाल को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया। बताया जा रहा बीते दिनों आपसी रंजिश में सदानंद बारीक की हत्या हो गयी थीं। इससे पूर्व हत्याकांड में शामिल रवि महतो उर्फ रविंद्र और छोटू महतो की गिरफ्तारी हो चुकी है। आरोपी मेहुल जायसवाल फरार था।

### डीसी से लेकर बीडीओ कार्यालयों के चक्कर लगा कर दिव्यांग सुशील उराव की उम्मीदें हुई खत्म

# मदद के लिए आगे आयी मिशन बदलाव की टीम, मानवाधिकार आयोग से लगायेगी गुहार

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** घाघरा निवासी टोंका टोली के दिबयांग सुशील उराव, पिता स्वर्गीय बिमल उराव की 2016 को हुई थी हत्या, प्रखंड कार्यालय में लगी थी नौकरी, 7 साल नौकरी की बिना कारण बताएं हटाया और डेढ़ साल से वेतन भी नहीं मिला, सुशील दर-दर की ठोकर खाने को है मजबूर



मिशन बदलाव के भूषण भगत को सुशील उराव ने वीडयो भेज कर अपनी पीड़ा बतायी और बताया कि मेरे पिताजी की हत्या 2016 में 2 नकाबपोश अपराधी के द्वारा ट्रैक्टर से बालू गिराने के दौरान कर दी गयी थी, ग्रामीणों के द्वारा अपराधियों की गिरफ्तारी और परिवारों को सरकारी नौकरी की मांग को लेकर ब्लॉक चौक का घेराव भी किया गया था और मामलों को बढ़ते देखते डीएसपी के अगुवाई में जाम को लेकर हटाया गया और बेटे को लेकर सरकारी या निजी में भी रखने की सहमति बनी और प्रखंड कार्यालय के प्रखंड विकास पदाधिकारी के द्वारा कंप्यूटर ऑपरेटर के तहत नौकरी भी दी गयी और 7 साल सेवा देने के बावजूद निवर्तमान बीडीओ ने मुझे हटा दिया। नौकरी से हटाने के बाद मैंने अपनी फरियाद डीसी, डीडीसी को जानकारी दी और डीजी डीडीसी ने प्रखंड विकास पदाधिकारी को कॉल करते है तब कहा जाता है कि प्रखंड कार्यालय जाइये आप का कार्य हो जायेगा लेकिन बार बार दौड़ लगा के थक चुके है कुछ भी नहीं हुआ है। आज प्रशासन से लेकर जनप्रतिनिधियों तक दौड़ कर अपनी फरियाद कई बार रखा है लेकिन मेरी समस्याओं का समाधान नहीं हुआ है। आज पूरे परिवार रोड में आ चुके है और बेटा कुपोषण से है दूध खरीदने तक पैसे नहीं है और पत्नी भी कई बीमारियां से जूझ रही है लेकिन मेरी समस्याओं से किसी को कोई सरोकार नहीं।

भूषण भगत ने कहा कि दिबयांग सुशील उराव को नौकरी से निकालना बहुत दुख की बात है सरकार दिबयांग के अधिकारों को लेकर सरकारी नौकरी और आरक्षण और उनके हितों को लेकर कई कार्य कर रही है इसका खोखला दावा करती है और जब प्रैक्टिकल में इसके हित अधिकार की रक्षा करना है तो यहां वहॉ दौड़ाने को मजबूर किया जाता है और प्रशासनिक पदाधिकारी को इनके मामलों को लेकर गंभीरता दिखाते हुए मदद के लिये आगे बढ़ कर इसकी सामाजिक सुरक्षा के लिए कार्य करना कर इनके हित अधिकारों की रक्षा करनी चाहिए।

# बारिश से लोसई नदी का जलस्तर बढ़ा, दर्जनों गांव प्रभावित



आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** गुमला जिले के बृंदा पंचायत के कोयनारा गांव स्थित लोसई नदी का जलस्तर शुक्रवार को आए भारी बारिश में बढ़ गया। जिससे पंचायत के कई गांव के लोग प्रभावित हुए। बढ़े जलस्तर में नदी के दोनों छोर पर काफी संख्या में ग्रामीण फंस गये। इसके बाद ग्रामीण जान जोखिम में डालकर इस पार से उस पार आने जाने लगे। क्योंकि घंटों इंतजार करने के बाद भी जलस्तर में कमी नहीं हुई। इसके बाद कुछ युवक बच्चों और बुजुर्गों को सहारा देते हुए आर पार कराया। वहीं छोटे बच्चों को पीठ पर लाद कर नदी को पार किया।

वही बाइक और टेंपो को भी सावधानीपूर्वक नदी के पार कराया गया। हालांकि इस क्रम में किसी प्रकार की अनहोनी नहीं हुई। ग्रामीणों ने बताया अगर इसी प्रकार बारिश होते रही तो नदी के किनारे बसे घरों को भी खतरा हो सकता है।

# कंस नदी का पिलर धंस जाने से पुल क्षतिग्रस्त



आजाद सिपाही संवाददाता

**सिसई।** प्रखंड क्षेत्र के डाड़हा-छारदा पथ मे जैरा-बुड़का गांव के बीच कंस नदी पुल का पिलर दब जाने से पुल के क्षतिग्रस्त होने और आवागमन के खतरे को देखते हुए उपायुक्त गुमला के निर्देश पर प्रखंड व जिला प्रशासन द्वारा शनिवार को पुल के दोनों ओर बांस की बेरिकेडिंग लगाकर पुल से आवागमन बंद कर दिया गया है। बेरिकेडिंग कराने के दौरान बीडीओ रमेश कुमार यादव, जिला पथ निर्माण विभाग कार्यपालक अभियंता महादेव उरांव,कुदरा मुखिया प्रकाश उरांव, पंचायत सेवक मिक्कन टोप्पो, उप मुखिया निरंजन लकड़ा, रसीद अंसारी सहित अन्य कर्मी व ग्रामीण उपस्थित थे। वहीं प्रशासन द्वारा आम लोगों से आने जाने के लिए अन्य मार्ग का उपयोग करते हुए पुल पर आवागमन व वाहनों का परिचालन नहीं करने की अपील की है।

# जमीन पर अवैध कब्जे पर रोक लगाने की मांग की

आजाद सिपाही संवाददाता



**घाघरा।** प्रखंड मुख्यालय के ग्रामीणों ने सीओ आशीष मंडल को घाघरा बाजार टाड़ के जमीन को अवैध रूप से कब्जा करने के संबंध में शनिवार को हस्तलिखित आवेदन देकर कब्ज पर रोक लगाने का मांग किया है। ग्रामीणों ने आवेदन में कहा है कि घाघरा बाजार टाड़ जमीन जिसका खाता संख्या 3, प्लाट नंबर 657, थाना नंबर 79 है। यह बाजार 1932 के खतियान से पहले लगभग 200 वर्षों से बाजार लगता आ रहा है। घाघरा बाजार का पूर्व में डाक होकर सरकार को राजस्व भी जा रहा था इस जमीन पर बाजार समिति का सेड व त्वरण द्वारा बनाया गया है। घाघरा के नक्शा में यह जमीन बाजार टाड़ के नाम से अंकित है। इस जगह पर जलमिनार, आंगनबाड़ी, हरिजन कॉलोनी व श्रद्धा भवन का निर्माण भी कराया गया है। इस जमीन को जमीन माफिया द्वारा गलत कागजात बनाकर कब्जा एवं बिक्री करने का प्रयास किया जा रहा है। जिस पर पूर्व में भी विवाद हुआ था विवाद के पश्चात पूर्व उपायुक्त सुशांत गौरव ने खुद आकर जांच पड़ताल किया और निर्देश दिया था कि उक्त जमीन पर किसी भी प्रकार का निर्माण कार्य पर रोक लगाया जाए। अंचल कार्यालय के द्वारा सरकारी बोर्ड भी लगाया गया है इसके बावजूद जमीन माफिया के द्वारा जमीन बेचने का प्रयास किया जा रहा है, जमीन को गलत तरीके से रजिस्ट्री करने का कोशिश किया जा रहा है, जो जमीन बिक्री हो गया है उसका दाखिल खारिज कराने का कोशिश किया जा रहा है। ग्रामीणों ने अंचलाधिकारी से आग्रह किया है की जमीन पर किसी प्रकार का अवैध कब्जा पर रोक लगाया जाय और दाखिल खारिज ना किया जाए। इस जमीन पर अगर किसी प्रकार का अवैध निर्माण होता है तो इसकी जवाबदेही प्रशासन की होगी। इस संबंध में अंचल अधिकारी आशीष मंडल से पूछने पर उन्होंने कहा उक्त जमीन का मोटेशन के लिए आया हुआ है और ग्रामीणों के द्वारा आवेदन भी दिया गया। उक्त स्थल पर जा कर देखा गया पूरी गहनता के साथ जांच किया जायेगा और नियमानुसार कार्रवाई की जायेगी।

## झारखंड नवनिर्माण दल और ननबैंकिंग कंपनी पीड़ित मंच की बैठक होगी

**गुमला (आजाद सिपाही)। झारखंड नवनिर्माण दल और ननबैंकिंग कंपनी पीड़ित मंच गुमला के तत्वाधान में 11 सितंबर 2024 को रांची में होनेवाली न्याय दो मार्च सह जन प्रदर्शन कार्यक्रम की तैयारी की समीक्षा को लेकर 25 अगस्त 2024 को जिला मुख्यालय गुमला में दिन के 11 बजे से आवश्यक बैठक आयोजित की गयी है। बैठक में सहारा इंडिया सहित विभिन्न ननबैंकिंग कंपनियों में लोगों के खून पसीने के जमा पैसे की अविलंब भुगतान की मांग के लिए चल रही अभियान के तहत की जा रही तैयारी और महिला मंडल सहयोग संचालन समिति की 20 सितंबर 2024 को रांची में होनेवाली महिला कन्वेंशन तथा शहीद भगत सिंह के जयंती के अवसर पर 28 सितंबर 2024 को राज्य मुख्यालय में आयोजित।**

# डुमरी के पत्रकार आरिफ आलम का निधन

आजाद सिपाही संवाददाता



**डुमरी।** के दैनिक हिंदुस्तान के जाने-माने पत्रकार आरिफ आलम का कल शाम 7:15 बजे निधन हो गया। वे लंबे समय से बीमार चल रहे थे और उनका इलाज चल रहा था। आरिफ आलम के निधन से पत्रकारिता जगत में शोक की लहर फैल गयी है। आरिफ आलम ने अपने पत्रकारिता करियर में कई वर्षों से हिंदुस्तान अखबार के लिए काम कर रहे थे। वे एक ईमानदार और कर्मठ पत्रकार के रूप में जाने जाते थे। उनकी रिपोर्टिंग और लेखन शैली की सभी ने प्रशंसा की थी। आरिफ आलम के निधन पर पत्रकारिता जगत के लोगों ने शोक व्यक्त करते हुए वरिष्ठ पत्रकार हरि ओम सुधांशु बलदेव शर्मा अमरनाथ कश्यप शहजाद अनवर दुर्जय पासवान अश्वनी दास आरिफ आलम संतोष कुमार सुशील कुमार सिंह आफताब अंजुम लल्लन चौरसिया मुकेश सोनी हेमंत कुमार दुबे अजय शर्मा काजू मोहम्मद आरिफ अंजुमन इस्लामिया डुमरी के सदर आरिफ खान एवं समस्त गुमला जिला के पत्रकारों ने उनके परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए कहा गया है कि उनके निधन से पत्रकारिता जगत में एक बड़ा शून्य पैदा हो गया है। आरिफ आलम के परिवार में उनकी पत्नी और दो बच्चे हैं। उनके परिवार के प्रति सभी ने संवेदना व्यक्त की है और ईश्वर से प्रार्थना की है कि उनकी आत्मा को शांति मिले। अल्लाह उन्हें जन्नतुल फिरदौस में जगह इनायत फरमाए आमीन।

### आजसू जिला कमेटी की बैठक जिला कार्यालय में संपन्न

# गुमला विस से प्रत्याशी खड़ा करने का लिया गया निर्णय

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** शहर के पालकोट रोड स्थित जिला कार्यालय में आजसू जिला कमेटी की बैठक शनिवार को संपन्न हुई। बैठक में विधानसभा चुनाव को लेकर रणनीति तैयार की गयी। आज सुबह जिला अध्यक्ष दिलीप नाथ साहू ने बताया 4 सितंबर को गुमला विधानसभा क्षेत्र में चूल्हा प्रमुख सम्मेलन का आयोजन किया जायेगा जिसके मुख्य अतिथि केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो होंगे वहीं 25 अगस्त से 7 सितंबर तक जिले के बेरोजगार युवकों का डाटा कलेक्शन का कार्य किया जायेगा डाटा कलेक्शन का कार्य पूरे झारखंड के सभी विधानसभा क्षेत्र में किया जायेगा जिसमें 5 लाख बेरोजगार युवाओं का डाटा संग्रह किया जायेगा। 8 सितंबर को रांची के मोरहाबादी में 1 लाख की संख्या में युवाओं का नव निर्माण संकल्प सम्मेलन आयोजित किया जायेगा। जिसमें 5 लाख बेरोजगार युवाओं का संग्रहित डाटा मुख्यमंत्री को दिया जायेगा। जिला अध्यक्ष ने बताया आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर 26 से 4 अक्टूबर तक विधानसभा प्रभारी पूरे विधानसभा में पदयात्रा नवनिर्माण यात्रा के रूप में निकलेंगे। वही 29 अगस्त को खेल दिवस के अवसर पर सभी विधानसभा में खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया जायेगा। बैठक में गुमला विधानसभा क्षेत्र से पार्टी ने अपना उम्मीदवार खड़ा करने का निर्णय लिया।

बैठक के अंत में आजसू के जिला सचिव निशित रंजन श्रीवास्तव उर्फ गोलू को अधिवक्ता बनने पर कमेटी द्वारा माला पहनाकर व पुष्प गुच्छ देकर बधाई दी गयी साथ ही उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गयी।

# दो बच्चों की मां प्रेमी के साथ फरार

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** गुमला शहर से सटे एक गांव निवासी विधवा महिला और दो बच्चों की मां को शादीशुदा युवक से प्रेम हो गया। इसके बाद दोनों अपने बच्चों व गांव को छोड़कर फरार हो गए। इसके बाद महिला के भाई व ससुर ने गुमला थाना में आवेदन देकर कार्रवाई की मांग रखी है। दिए आवेदन में महिला के भाई ने बताया मेरी बहन सिमडेगा जिला में 2 माह सिलाई का काम सीखने गयी थी। जिसके बाद एक कंपनी उसे तमिलनाडु ले गया। जहां 6 माह उसने काम किया। इस बीच गांव के ही एक शादीशुदा युवक से उसका फोन में अक्सर बातचीत होता रहा। शादीशुदा युवक का एक बच्चा भी है और उसकी पत्नी दिल्ली में काम करती है। वहीं महिला का पति का 2020 में सड़क दुर्घटना में मौत हो गया है। महिला का 9 वर्ष का बेटा व 7 वर्ष की एक बेटी भी है। उसके मोबाइल में फोन करने पर वह फोन नहीं उठाती है। महिला तमिलनाडु से 12 अगस्त को गांव पहुंची लेकिन वह अपने घर नहीं जाकर अपने प्रेमी के घर चली गयी और वहीं रहने लगी। 17 अगस्त को दोनों गांव छोड़कर फरार हो गये। थाना को आवेदन देकर महिला के भाई ने दोनों को खोजने की गुहार लगायी है।

## चिल्ड्रेन एकेडमी स्कूल में वृक्षरोपण किया गया



**घाघरा (आजाद सिपाही)। चिल्ड्रेन एकेडमी प्लस टू स्कूल घाघरा में शनिवार को वृक्षरोपण किया गया। इस दौरान आम, जामुन, कटहल, गमहार, मोहिनी, अमरूद, सांगवान, नीम, गुलमोहर के सौ पौधे बच्चों द्वारा लगाया गया। विद्यालय के निदेशक विजय साहू ने कहा पर्यावरण के प्रति बच्चों को जागरूक करना अत्यंत जरूरी है। मौके पर मुख्य रूप से प्रबंधक विजय कुमार साहू, रश्मि टोप्पो, मनोज कुमार साहू, मीणा देवी, रीना मिस, पूजा कुमारी, अनुपा कुमारी, अजीत कुमार, प्रेम कुमार, रबि कुमार, मुकेश कुमारी, कृष्णा कुमार व विकास कुमार सहित कई लोग मौजूद थे।**

# भाजयुमो के नेतृत्व में किया गया सरकार का पुतला दहन

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सह पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी के निदेर्शानुसार शुक्रवार को मुख्यमंत्री आवास घेराव में युवा आक्रोश रैली के दौरान कार्यकर्ताओं पर प्रशासन की ज्यादती और पुलिस बर्बरता के विरोध मे शनिवार की शाम भारतीय जनता पार्टी, भारतीय जनता युवा मोर्चा के तत्वाधान में गुमला पुलिस थाना परिसर में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का पुतला दहन किया गया। मौके पर जिला अध्यक्ष शिवप्रसाद साहु ने कहा युवाओं की आवाज-आंदोलन को कुचलने के लिए जिस प्रकार हेमंत सरकार के निर्देश पर युवा आक्रोश रैली में पुलिस द्वारा भाजपा कार्यकर्ताओं पर बर्बरता पूर्वक कार्रवाई की गयी। यह राज्य सरकार की नाकामी को दशार्ती है। जिला युवा अध्यक्ष संदीप प्रसाद ने कहा लोकतंत्र में तालिबानी सरकार का रूप देखा गया। कार्यकर्ताओं को रैली में भाग लेने से रोका गया। लाठी चार्ज आंसू गैस के गोले फेके जाने के विरोध में भाजपा गुमला द्वारा हेमंत सरकार का पुतला दहन गुमला थाना परिसर में किया जा रहा है। हेमंत सरकार की कारगुजारी से राज्य के युवा सरकार के खिलाफ और ज्यादा आक्रामक और एकजुट हो गए हैं। युवा तानाशाही-वादाखिलाफी हेमंत सरकार को गद्दी से उतारने के बाद ही शांत बैठेंगे। जिस प्रकार से राज्य सरकार के इशारे पर पुलिस ने जगह-जगह रेली में शामिल बसों और अन्य वाहनों को रोककर कागजात की जांच की तथा रैली को प्रभावित करने का प्रयास किया वह निंदनीय है। अन्य दिन वाहनों की जांच नहीं की जाती है आज भी वाहनों की जांच नहीं की गयी। हेमंत सरकार युवाओं के आक्रोश को रोकने के लिए कई हाथ कंधे अपना ही लेकिन अब युवाओं का जोश और उबाल पर है। पुतला दहन के दौरान कार्यकर्ताओं ने राज्य सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

## जन्माष्टमी के अवसर पर गीत उत्सव का आयोजन



**घाघरा (आजाद सिपाही)। प्रखंड के कई विद्यालय में जन्माष्टमी के अवसर पर गीता उत्सव और जन्माष्टमी पर्व पर शनिवार को कार्यक्रम धूमधाम से मनाया गया। इस क्रम में सॉलिटेयर एजुकेशनल एकेडमी मकरा घाघरा के प्रांगण में गीता महोत्सव का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यालयों के बच्चे बच्चियों ने श्रीकृष्ण तथा राधा के वेशभूषा में अपने-अपने रूप सजा दिखे। साथ ही रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम दही हांडी राधा तथा श्री कृष्ण के विभिन्न गीतों पर नृत्य की प्रस्तुति की गयी। इसके साथ ही आकर्षक रूप से महाभारत नाटक का प्रस्तुति किया गया। जिसमें धृतराष्ट्र के द्वारा पांडवों के वनवास और लड़ाई कुरुक्षेत्र के मैदान में श्री कृष्ण के उपदेश सहित कई योद्धावो की नाटक मंचन किया गया। इसके साथ ही गोपाल साहू पब्लिक स्कूल में भी जन्माष्टमी पर्व पर कार्यक्रम किया गया। जिसमें बच्चों द्वारा श्री कृष्ण के बाल रूप से लेकर कंस की हत्या तक का नाटक प्रस्तुत किया गया।**

# पेड़ों की अवैध कटाई मामले में सीओ ने दर्ज कराया केस



आजाद सिपाही संवाददाता

**सिसई।** प्रखंड परिसर में विशालकाय युकोलिप्टस पेड़ों की अवैध रूप से कटाई करने के मामले में सिसई सीओ ने आरोपी के विरुद्ध सिसई थाना में केस दर्ज कराया है। आवेदन में कहा गया है कि वन प्रमंडल पदाधिकारी गुमला के आदेश पर परिसर स्थित आठ पेड़ों की निलामी हुई थी, लेकिन निलामी प्राप्त करने वाले शहबाज अंसारी उर्फ राजा द्वारा बीते 17,18 और 19 अगस्त की रात्रि को शहबाज अंसारी द्वारा नियम विरुद्ध आठ के जगह पर 33 पेड़ों की कटाई किया गया। अवैध रूप से अतिरिक्त 25 पेड़ों की कटाई करने के मामले में शहबाज अंसारी उर्फ राजा के विरुद्ध वन अधिनियम और भारतीय न्याय संहिता की सुसंगत धाराओं के तहत केस दर्ज कर कानुनी कार्रवाई करने का आवेदन सिसई सीओ द्वारा दिया गया था। वहीं समाचार लिखे जाने तक कटे हुए पेड़ों को जप्त कर पुराने प्रखंड कार्यालय परिसर में रखा जा रहा था। ज्ञात हो की वन प्रमंडल पदाधिकारी गुमला के आदेश पर सीओ नितेश रौशन खलखो द्वारा नेशनल हाईवे सड़क अगल बगल प्रखंड परिसर स्थित आठ युकोलिप्टस पेड़ की निलामी की गयी थी। निलामी में दो लाख रुपए की अधिकतम बोली लगाकर रहमतनगर सिसई के शहबाज अंसारी उर्फ राजा के द्वारा आठ पेड़ों की निलामी ली गयी थी, शहबाज अंसारी द्वारा 8 पेड़ों के जगह कुल 33 पेड़ों की कटाई किया गया, जिसमें मंदिर परिसर के अंदर स्थित एक पेड़ शामिल था उक्त पेड़ कटने से मंदिर की चारदीवारी क्षतिग्रस्त होने को लेकर स्थानीय लोगों व हिन्दू संगठन के विरोध व सड़क जाम के दौरान एसडीएम, एसडीपीओ सहित अन्य अधिकारियों द्वारा जांच कर कार्रवाई करने की बात कही गयी थी।

# सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में रूप सज्जा प्रतियोगिता का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** शनिवार को सरस्वती शिशु विद्या मंदिर गुमला में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के उपलक्ष में राधा-कृष्ण रूप सज्जा प्रतियोगिता का आयोजन हुआ जिसमे 152 से अधिक छोटे-छोटे बच्चों ने भाग लिया। कार्यक्रम की शुरूआत विभाग प्रमुख अखिलेश कुमार, विद्यालय संस्थापक रामावतार साहू, सत्यनारायण प्रसाद, रामविलास साहू, सुरेश दास, प्रबंधन समिति के अध्यक्ष रामकिशोर रजक, सचिव विजय बहादुर सिंह, कोषाध्यक्ष प्रभात कुमार दास, समिति सदस्य राजेश कुमार सिंह, प्रधानाचार्य संजीव कुमार सिंहा लड्डूगोपाल कृष्ण के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। दीप प्रज्वलन के उपरांत विद्यालय के 50 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष में विद्यालय के संस्थापक सदस्यों को प्रबंध कारिणी समिति द्वारा सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में राधा कृष्ण के मनमोहक रूप में विभिन्न गीतों पर नृत्य व नाट्य कला की अद्भुत व मनमोहक प्रस्तुति ने सबका दिल जीत लिया। रूप सज्जा प्रतियोगिता चार वर्गों में आयोजित थी प्रथम ग्रुप में अरुण और उदय के भैया बहन राधा और श्रीकृष्णा के रूप में थे। राधा के रूप में यन्शिका सिन्हा एवं आस्था सिंह प्रथम तथा श्री कृष्ण के रूप में अयांश कुमार और वेदांश केसरी प्रथम स्थान पर रहे। द्वितीय ग्रुप में प्रभात तथा प्रथम के भैया बहन सुदामा, यशोदा के रूप में शामिल हुए जिसमें प्रथम स्थान पर यशोदा के रूप में सृष्टि कुमारी और आराध्या कुमारी प्रथम तथा श्री कृष्ण के रूप में प्रियांशु सोनी और आयुष राज रहे। तीसरा ग्रुप में कक्षा द्वितीय के भैया बहन मीरा तथा बलराम के रूप में रहे। आकृति कुमारी मीरा के रूप में प्रथम तथा गुरुवंश बलराम के रूप में प्रथम स्थान पर रहे। कार्यक्रम में अतिथियों का परिचय तथा मंच का संचालन आचार्य योगेंद्र कुमार और आचार्या अनुप्रिया कुमारी के द्वारा संपन्न हुआ। विभाग प्रमुख अखिलेश कुमार अपने उद्बोधन में कहा कि विद्यालय में आज कृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर ऐसे कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है जिसका उद्देश्य भैया-बहनों के अंदर बचपन से ही भारत की संस्कृति और सभ्यता की नींव डाली जाय ताकि बच्चें बड़े होकर संस्कारी बने और श्रीकृष्ण के जीवन से प्रेरणा लेकर त्याग, समर्पण, आदर, मित्रता, प्रेम, भक्ति व वात्सल्य की भावना अपने जीवन में उतारकर समाज के लिए एक आर्दश प्रस्तुत करें। **प्रतिभागियों को कार्यक्रम में मुख्य अतिथि व प्राचार्य के द्वारा बच्चों को उत्साहवर्धन करते हुए सम्मानित किया :** यह कार्यक्रम वाटिका खंड के प्रभारी अर्चना मिश्रा के नेतृत्व में किया गया। अंत में कार्यक्रम सभी आगुन्तक अतिथि, अभिभावक वृंद, आचार्य आचार्या, भैया बहन और उपस्थित लोगो के प्रति आभार और कृतज्ञता ज्ञापित करते हुए प्रधानाचार्य संजीव कुमार सिन्हा ने कहा कि भावी इतिहास बच्चों का ही है लिहाजा ऐसे आयोजन से बच्चों में आत्मविश्वास, नयी सोच का विकास होता है इसलिए बच्चों की प्रतिभा में चार चांद लगाने के ऐसे कार्यक्रम का आयोजन बेहद जरूरी है।

# निगम कर्मचारियों की मांगों को पूरी करे सरकार : अरुणा शंकर



आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** नगर निगम की प्रथम महापौर अरुणा शंकर ने शनिवार को निगम कर्मियों द्वारा विभिन्न मांगों को लेकर दिए गए धरना स्थल पर पहुंची। उनकी समस्याओं को सुना। कहा कि हमारे दैनिक वेतन भोगी श्रमिक या ठेका श्रमिक जो लंबे समय से अपनी मांगों को सरकार के समक्ष उठाते आ रहे हैं। वर्षों से निगम को निर्विवाद सेवा देते आ रहें हैं सरकार उनका वेतन क्यों नहीं दी रही है। जबकि सरकार लाखों नई-नई बहाली के वादे प्रतिदिन कर रही है। प्रथम महापौर ने कहा कि हमें नहीं भूलना चाहिए कि कोरोना जैसी त्रासदी में जब सभी लोग घरों से नहीं निकल पा रहे थे उस वक्त योद्धा के रूप में निगम, पुलिस कर्मी और मेडिकल पारा स्टाफ ही सामने आये थे। अगर उस वक्त निगम कर्मी अपनी जान की बाजी लगाकर शहर की नली-गली को स्वच्छ नहीं रखे होते तो हजारों जानें जा सकती थी। सरकार को उसी वक्त पूरे राज्य के दैनिक वेतन निगम कर्मियों को पुरस्कार के रूप में स्थाई कर देना चाहिए था। पर ऐसा हुआ नहीं। मैं उनकी मांगों का समर्थन करती हूं। सरकार को उनकी मांग गंभीरता से लेनी चाहिए। प्रथम महापौर ने धरना स्थल पर निगम कर्मियों से मिलने के बाद नगर आयुक्त से मिलकर उनकी बातों को गंभीरता से रखी। नगर आयुक्त ने सरकार में इनकी बातों को मजबूती से रखने का भरोसा दिया।

## वरीय कांग्रेसी नेता ने प्रदेश अध्यक्ष से की मुलाकात, पलामू की राजनीतिक पर चर्चा



**विश्रामपुर/पलामू (आजाद सिपाही)।** वरीय कांग्रेसी नेता अमृत शुक्ला ने नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश से पार्टी के रांची स्थित कार्यालय में जाकर मुलाकात की। दोनों नेताओं के बीच पलामू प्रमंडल के वर्तमान राजनीतिक हालात पर चर्चा हुई। अमृत शुक्ला ने प्रदेश अध्यक्ष को विश्रामपुर विधानसभा सहित पूरे पलामू में पार्टी के संगठनात्मक गतिविधियों की जानकारी दी। दोनो नेताओं के बीच विस चुनाव को लेकर भी चर्चा हुई। कहने को तो दोनों नेताओं की मुलाकात को औपचारिक बताया जा रहा है। लेकिन इससे राजनीतिक गलियारों में कई तरह की चचाओं का बाजार गर्म हो गया है। इस अवसर पर अमृत शुक्ला के साथ में राजा राजेंद्र प्रताप देव, गढ़वा के पूर्व जिलाध्यक्ष आशिक अंसारी, मोबिन अंसारी व ओम करण तिवारी आदि मौजूद थे।

## अवैध शराब के खिलाफ उत्पाद विभाग ने की छापामारी

**हरिहरगंज/पलामू (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के पीपरघाट में शनिवार को हुसैनाबाद उत्पाद अवर निरीक्षक अमित कुमार सिंह के नेतृत्व में अवैध शराब कारोबार के विरुद्ध एक घर में छापामारी की गई। इस दौरान 1200 किलोग्राम जावा महुआ और 30 लीटर अवैध चुलाई शराब बरामद किया गया। उत्पाद अवर निरीक्षक अमित कुमार सिंह ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि एक घर में अवैध शराब का कारोबार किया जा रहा है। छापामारी के क्रम में घर से जावा महुआ और शराब बरामद किया गया है। घर का मालिक और शराब कारोबार का पता नहीं चल सका। वहीं कारोबारी का पता लगाया जा रहा है। छापामारी दल में उत्पाद बल और प्रतिनियुक्त गृह रक्षक बल शामिल थे।

## पूर्व पार्षद ने किया कॉमन सर्विस सेंटर का उद्घाटन



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** नगर पंचायत अंतर्गत नहर मोड़ स्थित सरस्वती विद्या मंदिर विद्यालय के समीप कॉमन सर्विस सेंटर का शुभारंभ हुआ। जिसका उद्घाटन पूर्व पार्षद अर्जुन प्रसाद गुप्ता, सुहैल आलम, समाजसेवी राजकुमार कश्यप और डॉ अजय कुमार आदि ने किया। इस अवसर पार अर्जुन प्रसाद गुप्ता ने कहा कि आज के आधुनिक परिवेश में अधिकांश कार्य डिजिटल हो गए है। कॉमन सर्विस खुलने से आमलोगों को काफी सुविधाएं मिलेगीं। वहीं, सेंटर के प्रोपराइटर अभिमन्यु गुप्ता ने बताया कि उनके प्रतिष्ठान में राशन कार्ड, आधार कार्ड, आयुष्मान कार्ड, प्रधानमंत्री किसान योजना, पैन कार्ड आदि विभिन्न प्रकार की आनलाईन सुविधाएं उपलब्ध रहेगी। मौके पर आपरेटर सन्नी रजक, अंकित कुमार, विकास पटेल, रंजित गुप्ता, इस्लाम अंसारी, प्रदीप कुमार राम, शिवकुमार और सुरजीत कुमार आदि मौजूद थे।

## जपला दक्ष पब्लिक स्कूल में धूमधाम से मना जन्माष्टमी



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** शहर के गांधी चौक के समीप दक्ष पब्लिक स्कूल प्रांगण में शनिवार को जन्माष्टमी त्योहार आयोजित हुआ। जिसमें नन्हे मुन्ने बच्चे नटखट नंदगोपाल एवं छोटी बच्चियां गोपियां बनीं थीं। इसके अलावे वासुदेव, देवकी, सुदामा एवं गोपियों के वेशभूषा में आए बच्चों ने सभी का मन मोह लिया। मटकी डेकोरेशन, मोर पंख, बांसुरी निर्माण जैसी अनेकों मनोरंजक एवं रचनात्मक गतिविधि में विद्यार्थियों ने बढ़चढ़ कर भाग लिया। स्कूल के निदेशक तपेंद्र कुमार ने बताया कि कैसे श्रीकृष्ण ने बल और बुद्धि से बुराई पर विजय प्राप्त किया। बताया कि विद्यालय में ऐसे कार्यक्रमों के आयोजन का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को देश की समृद्ध सांस्कृतिक परंपरा से अवगत कराना है। मौके पर प्रचार्य बीके सिंह, शिक्षक शिखा, जोया, उज्ज्वल, सुनील, दीपाली और पंकज आदि मौजूद थे।

# प्रतिभाओं को निखारती है डीएवी संस्था: जावेद

## डीएवी खलारी के यश व डालटेनगंज एमकेडीएवी के सूरज सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी घोषित

**एमकेडीएवी में आयोजित राज्य स्तरीय प्रतियोगिता का समापन**

आजाद सिपाही संवाददाता



मेडल व ट्रॉफी ट्राफी वितरण कार्यक्रम में शामिल नगर आयुक्त, स्कूल प्रबंधन व अन्य।

**मेदिनीनगर।** डालटेनगंज एमकेडीएवी पब्लिक स्कूल प्रांगण में चल रहे डीएवी नेशनल स्पोर्ट्स 2024 का दो दिवसीय राज्य स्तरीय प्रतियोगिता का समापन हो गया। झारखंड डीएवी पब्लिक स्कूल के 10 क्षेत्र के 82 स्कूलों के 256 खिलाड़ियों ने शानदार खेलों का प्रदर्शन किया। शनिवार को मेडल एवं ट्रॉफी पाकर खिलाड़ियों के चेहरे चमक उठे। इस अवसर पर नगर निगम के आयुक्त मोहम्मद जावेद हुसैन ने कहा कि खिलाड़ियों को मैदान पर देखकर मुझे अपने स्कूल के समय की याद आ गयी। मुझे बच्चों के कार्यक्रम में आना अच्छा लगता है। आज इतनी ट्राफियां और मेडल देखकर डीएवी का सामाजिक विकास में योगदान का अंदाजा लगाया जा सकता है। मैं इन छात्रों को ओलंपिक तक पहुंचाने की शुभकामना देता हूं। इन बच्चों में 2028 के ओलिंपिक खिलाड़ियों की संभावना देख रहा हूं। विद्यालय प्रशासन को सुझाव देना चाहता हूं कि जब भी वे अभिभावकों से बात करें, तो वह बच्चों की दूसरी प्रतिभा पर भी बात करें एवं उसे मौका दें। उन्होंने प्राचार्य के प्रति कार्यों एवं विद्यालय के प्रति निष्ठा की सराहना की। वहीं, डीएवी पब्लिक स्कूल्स झारखंड क्षेत्र आई के सहायक क्षेत्रीय अधिकारी सह डालटेनगंज एमकेडीएवी पब्लिक स्कूल प्राचार्य डॉ जीएन खान ने बताया कि मोहम्मद जावेद हुसैन डीएवी पब्लिक स्कूल कोडरमा के पूर्व छात्र रहे हैं। वे अपने समय के अच्छे क्रिकेट खिलाड़ी एवं रणजी टीम के सदस्य रहे हैं। बताया कि आज हम अपने पूर्व छात्र एवं नगर के उच्च पदाधिकारी को अपने बीच मुख्य अतिथि के रूप में पाकर अभिभूत हैं। उन्होंने बताया कि यह संस्था एक विद्यालय से शुरू होकर 138 साल में 965 विद्यालयों तक पहुंची है, जिसमें एक करोड़ छात्र एवं 60 लाख पूर्व छात्र हैं। इनमें ओलंपिक विजेता मनु भाकर, सर्वजीत सिंह, अभिनेता शाहरुख खान, अनुपम खेर, कंगना राणावत, पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद, पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी, इंद्र कुमार गुजराल, मनमोहन सिंह आदि प्रशासक शामिल हैं। वहीं, प्राइज पाने वालों में स्किपिंग रोप में 14 वर्ष आयु वर्ग बालिका में प्रतिज्ञा मनप्पा डीएवी जामाडोबा धनबाद स्वर्ण, प्रियांशी कुमारी सिल्ली रजत एवं आराध्या पांडे एनटीपीसी टंडवा ने कांस्य पदक प्राप्त किया। जबकि 17 वर्ष आयु वर्ग में दीप्ति पंडित डीएवी बोकारो को स्वर्ण, डोली कुमारी उरिमरी रजत एवं मेधा भरेच नगर ने कांस्य पदक जीता। भारोत्तोलन में 19 वर्ष आयु वर्ग एवं 55 किलोग्राम भार वर्ग में यशराज डीएवी पब्लिक स्कूल गढ़वा ने स्वर्ण, अनुराज पांडे बोकारो सेक्टर- 4 ने रजत और आकाश कुमार रजरप्पा ने कांस्य पदक जीता है। इस अवसर पर एमकेडीएवी पब्लिक स्कूल डालटेनगंज की स्थानीय प्रबंधन समिति के उपाध्यक्ष सरदार सतवीर सिंह राजा, सदस्य डॉ जय कुमार, सूबेदार कामाख्या नारायण सिंह, सूबेदार बृजेश शुक्ला अपनी पत्नी संजू शुक्ला के साथ नगर के प्रसिद्ध चिकित्सक डॉक्टर ए अंसारी पीजीएल सर्वोदय काम्प्लेक्स सचिव अशलेश पांडे, प्राचार्य रोटरी स्कूल, उपाध्यक्ष पूर्व प्राचार्य जीजीपीएस पीपी गुप्ता, डीएवी पब्लिक स्कूल गुमला के प्राचार्य डॉ आरके साहू, खलारी के प्राचार्य कमलेश कुमार, भवनाथपुर के प्राचार्य राजेंद्र सचदेवा, गढ़वा के प्राचार्य अजय कुमार चौबे, लातेहार के प्राचार्य जीके सहाय, सूजय कुमार मिश्रा प्राचार्य डीएवी सिमडेगा, समाजसेवी दीपक तिवारी आदि उपस्थित थे। वहीं, कार्यक्रम का संचालन शिक्षिका मिनाक्षी करण, प्रतिमा वर्मा, सुदेशना राय, जितेंद्र तिवारी, विद्या वैभव भारद्वाज ने किया।

# अबुआ आवास योजना के लाभुक चयन प्रक्रिया में भारी अनियमितता : विजय

**जिला पार्षद ने डीडीसी को लिखा पत्र, दोषियों पर जांचोपरांत कार्रवाई की मांग, 28 अगस्त को धरना प्रदर्शन**

आजाद सिपाही संवाददाता



**विश्रामपुर/पलामू।** विश्रामपुर जिला पार्षद विजय रविदास ने कहा कि प्रखंड के सभी पंचायतों में अबुआ आवास योजना के लाभुक चयन प्रक्रिया में भारी अनियमितता बरती जा रही है। पैसे लेकर साधन संपन्न और अयोग्य लोगों को इस योजना का लाभ दिया जा रहा है। जबकि जरूरतमंद और योग्य लाभुकों को इस योजना से वंचित रखा जा रहा है। इस खेल में मुखिया, पंचायत सचिव, प्रखंड कोऑर्डिनेटर से लेकर बीडीओ तक शामिल हैं। इस संबंध में उन्होंने डीडीसी व अनुमंडलाधिकारी को एक ज्ञापन देकर जांचोपरांत दोषियों पर कार्रवाई की मांग की है। डीडीसी को प्रेषित पत्र में कहा है कि उक्त योजना के ग्राम सभा में अपनाई गई चयन प्रक्रिया भी त्रुटिपूर्ण थी। ग्राम सभाओं में मुखिया और पंचायत सचिवों ने मिलकर साधन संपन्न लोगों का भी चयन कर लिया। उन्होंने आरोप लगाया है कि साधन संपन्न लोगों से 30-30 हजार रुपये लेकर उन्हें अबुआ आवास दिया जा रहा है। कई वैसे लोगों को अबुआ आवास दिया गया है जिनके परिवार के अन्य सदस्यों के नाम पर पहले प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास मिल चुका है। उन्होंने डीडीसी से अबुआ आवास में चयनित लाभुकों की गहनता से जांच कराकर ही प्रथम किशत की राशि जारी करने की मांग की। कहा कि इस मुद्दे को लेकर 28 अगस्त को विश्रामपुर प्रखंड कार्यालय के समक्ष एक दिवसीय सांकेतिक धरना दिया जायेगा। इसके बाद भी योग्य और जरूरतमंद लाभुकों को अबुआ आवास आवंटित नहीं किया गया तो चरणबद्ध आंदोलन होगा।

## बीडीओ ने किया मुखिया व पंचायत सचिवों के प्रशिक्षण की शुरूआत

**हरिहरगंज/पलामू (आजाद सिपाही)।** प्रखंड सभागार में मनरेगा अंतर्गत संचालित योजनाओं के सफल क्रियान्वयन को लेकर मुखिया एवं पंचायत सचिवों के तीन दिवसीय प्रशिक्षण की शनिवार से शुरूआत हुई। जिसका उद्घाटन बीडीओ कुमार अरविंद बेदिया और प्रशिक्षक पूनम सिंह ने किया। इसमें सभी पंचायत के मुखिया और पंचायत सचिव शामिल हुए। बीडीओ ने बताया कि मनरेगा वेबसाइट के संचालन की जानकारी मुहैया कराई जायेगी। कहा कि प्रशिक्षण के बाद अब पंचायत भवनों से ही मनरेगा के सभी गतिविधियों का संचालन किया जायेगा। अब तक प्रखंड कार्यालय से संचालित हो रहे थे।

## प्रतिभावान खिलाड़ियों की होगी पहचान, बारालोटा में 27 से 30 तक लगेगा शिविर

**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** भारतीय खेल प्राधिकरण की ओर से संचालित खेलो इंडिया राइजिंग टैलेंट आइडेंटिफिकेशन 'कीर्ति' के तहत मे दिनीनगर के बारालोटा के जिला खेल स्टेडियम में 27 से 30 अगस्त तक 4 खेल विधाओं, एथलेटिक्स(27-30 अगस्त), फुटबॉल (27-30 अगस्त), कबड्डी (27-29 अगस्त) और तिरंदाजी (30 अगस्त) में का आयोजन होने जा रहा है। इस कार्यक्रम में 9 से 18 वर्ष के आयु वर्ग के युवा अपना रजिस्ट्रेशन करवा सकते हैं। कार्यक्रम की सफलता को लेकर मेदिनीनगर नगर निगम के नगर आयुक्त जावेद हुसैन ने शनिवार को अपने कार्यालय कक्ष में जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ असीम कुमार, खेल पदाधिकारी आदि के साथ बैठक की। उन्होंने डीपीआरओ को कार्यक्रम का व्यापक प्रचार-प्रसार कराने पर बल दिया। वहीं खेल पदाधिकारी को वॉलिंटियर्स, फिजिकल टीचर व कोच तैयार करने को लेकर निर्देशित किया।

# शिखर धवन ने क्रिकेट को कहा अलविदा

## भावुक संदेश में बोले- दिल में भारत के लिए खेलने का सुकून



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** क्रिकेट जगत में गब्बर के नाम के विख्यात भारत के हरफनमौला बल्लेबाज शिखर धवन ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास का एलान कर दिया है। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर घरेलू और अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कहा। 37 साल के इस खिलाड़ी ने 2010 में भारत के लिए डेब्यू किया था। अपने 13 साल के करियर में वह 34 टेस्ट, 167 वनडे और 68 टी20 मैचों में भारत का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं। संन्यास का एलान करते हुए धवन ने कहा, 'नमस्कार दोस्तों! आज एक ऐसे मोड़ पर खड़ा हूं, जहां से मैं पीछे मुड़कर देखता हूं तो ढेरों यादें नजर आती हैं और जब आगे देखता हूं तो पूरी दुनिया। मेरी हमेशा से एक ही मंजिल थी इंडिया के खेलना और ऐसा हुआ भी। इसके लिए मैं कई लोगों का शुक्रिया अदा करना चाहूंगा, मेरा परिवार, मेरे बचपन के कोच तारिक सिन्हा, मदन शर्मा, जिनके अंडर मैंने क्रिकेट सीखी। फिर मेरी टीम जिनके साथ मैं वर्षों तक खेला। एक नया परिवार मिला। नाम मिला। साथ मिला। ढेर सारा प्यार मिला। कहते हैं न कि कहानी में आगे बढ़ने के लिए पन्ने पलटने जरूरी है। बस, मैं भी ऐसा करने जा रहा हूं। मैं अंतरराष्ट्रीय और घरेलू क्रिकेट से संन्यास का एलान कर रहा हूं। अब जब मैं इस क्रिकेट यात्रा को अलविदा कह रहा हूं कि तो मेरे दिल में एक सुकून है कि मैं लंबे समय तक देश के लिए खेला। मैं बीसीसीआई और डीडीसीए को भी शुक्रिया कहना चाहूंगा कि उन्होंने मुझ पर भरोसा जताया। मैं अपने फैंस का भी शुक्रिया अदा करता हूं, जिन्होंने मुझे बहुत प्यार दिया। मैं बस खुद से यही कहता हूं कि तुम इस बात से दुखी मत हो कि अब तुम देश के लिए नहीं खेलोगे, बल्कि इससे खुश हो कि तुम देश के लिए बहुत खेले।'

### धवन का टेस्ट करियर

धवन ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मोहाली में पहला टेस्ट खेला था। 2013 से वह अब तक 34 टेस्ट में हिस्सा ले चुके हैं। धवन को पिछली बार 2018 में टेस्ट मैच में खेलने का मौका मिला था। उन्होंने क्रिकेट के सबसे लंबे फॉर्मेट में 40.61 की औसत से 2315 रन बनाए। इस दौरान सात शतक और पांच अर्धशतक लगाए। धवन का सर्वाधिक स्कोर 190 रन है। जबकि शिखर ने भारत के लिए पहला वनडे 2010 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ विशाखापट्टनम में खेला था। वह 167 मैचों में 6793 रन बना चुके हैं। धवन ने 44.11 की औसत और 91.35 की स्ट्राइक रेट से रन बनाए हैं। उनके नाम 17 शतक और 39 अर्धशतक हैं।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, लातेहार।**

**शुद्धि –पत्र**

अति अल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण सूचना संख्या– EE/RDSD/LATEHAR/05/2024-25/RE जिसका PR NO- 333619 Rural Development(24-25)_D दिनांक 24-08-2024 में निम्न प्रकार आंशिक संशोधित किया जाता है:–

(1) कार्य की विस्तृत विवरणी की क्रमांक सं0–1 में योजना का नाम लातेहार जिलान्तर्गत प्रखण्ड मनिका पंचायत राँकीकला ग्राम राँकीकला में आँगनबाड़ी भवन निर्माण के स्थान पर लातेहार जिलान्तर्गत प्रखण्ड चंदवा पंचायत जमीरा ग्राम अर्धे में वृन्दा आँगनबाड़ी भवन निर्माण पढ़ा जाय।

(2) कार्य की विस्तृत विवरणी की क्रमांक सं0–2 में योजना का नाम लातेहार जिलान्तर्गत प्रखण्ड मनिका पंचायत कोपे ग्राम जगतु में आँगनबाड़ी भवन निर्माण के स्थान पर लातेहार जिलान्तर्गत प्रखण्ड चंदवा पंचायत कामता ग्राम दामोदर में आँगनबाड़ी भवन निर्माण पढ़ा जाय।

निविदा की अन्य शर्तें पूर्ववत रहेगी।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, लातेहार।

PR 333673 (Rural Development) 24-25 (D)

**Govt. of Jharkhand**
**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER**
**Field Survey Division, Advance Planning, Road Construction Department, Nirupan Bhawan, 4th floor, 56-Set Chowk, Doranda, Ranchi-834002, e-mail--- eercdapfsdran-jhr@nic.in**

**e-Procurement Very Short Notice, 3rd Call**
e-Tender Reference No .-RCD/FSD /AP/ RAN/13/24-25 Dated **23.08.2024**

| | | |
|---|---|---|
| 1- | Name of Work | Consultancy services for preparation of complete Land Acquisition Proposal with ownership details and computation of cost of acquired land as per latest guidelines, Resettlement and Rehabilitation Proposal & Forest Diversion Proposal including clearance of all stages as required for Seraldih (Musabani-Dumaria-Astha-Koyma, ODR road) to Narsinghbahal via Morda upto Orissa Border Road at Jamshedpur in the state of Jharkhand. from Consultants empanelled in Category-I with the Road Construction Department, Government of Jharkhand vide letter no -3063(S) W.E dated 22-08-2022 are allowed to bid. |
| 2- | Tentative Length | 14.175 km |
| 3- | Work completion time | 60 Days |
| 4- | Cost of Tender Document & Earnest Money Deposit (EMD) | **Cost of Tender Document** - Rs 5,000/- (Rupees Five Thousand) (Non-Refundable) through online mode only. **EMD :-** Rs- 20,000/- (Rupees Twenty Thousand) through online mode only. As per the Departmental Letter no.-4652(S) dated 06.10.2023, cost of tender document and Earnest Money Deposit will be received in online mode only through e-procurement portal (https://jharkhandtenders.gov.in ) by Internet banking/ NEFT/ RTGS facility as per Standard Operating Procedure (SOP) issued by Information Technology & e-Governance Department, Government of Jharkhand vide letter no- 120 dated 03.10.2023. |
| 5- | Date and Time of Publishing of Tender on official website | 27.08.2024, 05.00 PM |
| 6- | Last date and Time of submission of Tender (With Tender Fee and EMD) | 04.09.2024, 12.30 PM |
| 7- | Date and Timing of Bid opening | 05.09.2024, 12.30 PM |
| 8- | Tender Inviting Authority | Executive Engineer, Field Survey Division, Advance Planning, RCD, Ranchi, Nirupan Bhavan, 56 set Chowk, Doranda, Ranchi-834002, Mobile No-9431591027 |
| 9- | Mode of Bid Submission | e-Tendering (http://jharkhandtenders.gov.in ) |
| 10- | PR No | 331491 Road (24-25). D |

For further information please go through the website http://jharkhandtenders.gov.in

Executive Engineer
Field Survey Division,A.P
Road Construction Department,Ranchi

PR 333689 Road(24-25)#D

**District Legal Services Authority, Koderma**

**Important Notice of LADCS**

This is to inform that the Interview for 01 post of the Chief Legal Aid Defence Counsel for LADCS, Koderma is scheduled to be held on 28.08.2024 at 10: 00 AM in the Chamber of the Principal District & Sessions Judge, Koderma.

All applicants are requested to come with original documents at 09:00 A.M. for verification before interview and for details information you may visit the website of Civil Court, Koderma (https://districts.ecourts.gov.in/koderma) and contact the Office of DLSA, Koderma.

Sd/-
Secretary
District Legal Services Authority, Koderma

PR 333735 Law (24-25)_D

**कार्यालय जिला परिषद्, चतरा।**

**(अतिअल्पकालिक ई0 निविदा आमंत्रण सूचना)**

ई–निविदा सूचना संख्या – 11/2024-25 दिनांक: ....................

1. कार्य की विस्तृत विवरणी: डी0एम0एफ0टी0

| क्र. | प्रखण्ड | पंचायत | ग्राम | योजना | प्राक्कलित राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | अग्रधन की राशि | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | टण्डवा | कबरा | वृन्दा | डोका गाछ से वृंदा मोड़ तक पीसीसी पथ, पुलिया एवं गार्डवाल निर्माण । | 2491500 | 5000 | 50000 | 04 माह |
| 2 | टण्डवा | कबरा | वृन्दा | वृंदा टॉवर चौक से नितेश राणा के घर तक पीसीसी पथ निर्माण । | 1430000 | 2500 | 29000 | 03 माह |
| 3 | टण्डवा | कबरा | उरदा | कुंदन महतो के घर से पीपल चौक तक पीसीसी पथ निर्माण । | 2465600 | 5000 | 49500 | 04 माह |
| 4 | टण्डवा | कबरा | सिसई | पी0डब्लु0डी0 रोड से दिगेश्वर रजक के घर होते हुए स्वास्थ्य उपकेन्द्र आनंद पाण्डे के घर तक पीसीसी पथ एवं पुलिया निर्माण । | 1627400 | 5000 | 33000 | 04 माह |
| 5 | टण्डवा | कबरा | कबरा | आँगनबाड़ी से मुमताज मियां के घर तक पीसीसी पथ एवं गार्डवाल निर्माण । | 1159000 | 2500 | 23500 | 03 माह |
| 6 | टण्डवा | कबरा | कबरा | ग्राम–कबरा में घोड़पत्थर से रंजन सिंह के घर तक पीसीसी पथ निर्माण। | 1479400 | 2500 | 30000 | 03 माह |
| 7 | टण्डवा | कबरा | कबरा | ग्राम–कबरा में दिनेश सिंह के घर से फुटकल पेड़ तक पीसीसी पथ निर्माण । | 2485000 | 5000 | 50000 | 04 माह |
| 8 | टण्डवा | कबरा | कटाही मिश्रौल | भीम महतो के घर से योगेन्द्र उराँव के घर तक पीसीसी पथ निर्माण एवं पुलिया, गार्डवाल निर्माण । | 3397200 | 5000 | 68000 | 04 माह |

1. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि – 29/08/2024
2. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय – 29.08.2024 से 06.09.2024 के अपराह्न 5:00 बजे तक
3. निविदा खोलने की तिथि एवं समय – 09.09.2024 पूर्वाह्न 11:00 बजे।
4. सरकार द्वारा लिए गए निर्णय के आलोक में सभी कागजात के साथ निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि online Mode द्वारा स्वीकार्य होगा।
5. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही संबंधित निविदाकार की होगी।
6. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता – जिला अभियंता जिला परिषद चतरा।
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 8709184201
10. विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

जिला अभियंता,
जिला परिषद, चतरा।
जिला परिषद, चतरा।

PR 333658 (District) 24-25 (D)

## विधानसभा चुनाव को लेकर राजद की विशेष समिति की बैठक

# धनबाद, बाघमारा, झरिया और टुंडी में राजद उतारेगा प्रत्याशी

## झारखंड में महागठबंधन धर्म का नहीं हो रहा पालन : मो आबिद

**आजाद सिपाही संवाददाता**




विशेष समिति की बैठक के बाद पत्रकारों से वार्ता करते राजद के नेतागण.

**धनबाद।** राजद विशेष समिति की शनिवार को हुई बैठक में विधानसभा चुनाव व धनबाद कोयलांचल की स्थानीय समस्याओं पर विचार मंथन और संघर्ष को लेकर रणनीति बनाई गई। बैठक में स्थानीय जनसमस्याओं को सूचिबद्ध किया गया। साथ ही विधानसभा चुनाव को लेकर जिले के सभी छह विधानसभा क्षेत्र में बूथ कमेटी को लेकर चर्चा की गई। सामूहिक रूप से सभी छह विस सीटों पर चुनाव लड़ने का निर्णय लिया गया। पार्टी के जिलाध्यक्ष तारकेश्वर यादव ने संवाददाता सम्मेलन कर बताया कि पार्टी के शीर्ष नेतृत्व ने अगर निर्देश दिया तो सभी छह विधानसभा में मजबूती के साथ चुनाव लड़ेंगें। आइएनडीआइए गठबंधन से समझौता होने पर राजद धनबाद, झरिया, बाघमारा और टुंडी में अपना प्रत्यासी देगा। वहीं, प्रांतीय राजद विशेष समिति संयोजक मो आबिद अली ने कहा कि झारखंड में महागठबंधन धर्म का पालन नहीं हो रहा है। इससे सभी आहत हैं। राजद के लोग चाहते हैं कि पार्टी सभी छह विधानसभा सीटों पर चुनाव लड़े। राजद की विशेष समिति आज की बैठक में इन्हीं विषयों पर मंथन करने के लिए जुटी है कि पार्टी का संगठनात्मक स्थिति क्या है। किन-किन सीटों पर राजद मजबूती से लड़ सकती है। बैठक में गिरिधारी गोप, प्रदेश प्रभारी मंजू साहू, मनोज कुमार, प्रदेश उपाध्यक्ष विक्रम प्रसाद यादव, महानगर अध्यक्ष मुमताज कुरैशी और हाथीम अंसारी आदि उपस्थित थे।

# राजद छोड़ रोहित यादव ने थामा कांग्रेस का हाथ



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**धनबाद।** राजद के प्रखंड अध्यक्ष रोहित यादव अपने सैकड़ों समर्थकों के साथ कांग्रेस में शामिल हो गये। शनिवार को धनबाद जिला कांग्रेस कार्यालय में आयोजित मिलन समारोह कार्यक्रम में जिला जिलाध्यक्ष संतोष कुमार सिंह ने पट्टा पहनाकर पार्टी में शामिल कराया। संतोष सिंह ने कहा कि रोहित यादव के कांग्रेस में शामिल कराने की अनुमती पहले ही मिल चुकी थी। आज सिर्फ औपचारिका पूरी की गयी है। कहा कि रोहित यादव के कांग्रेस में शामिल होने से बाघमारा ही नहीं, पूरे धनबाद जिले में पार्टी को मजबूती मिलेगी। जिलाध्यक्ष संतोष सिंह ने कहा कि झारखंड कांग्रेस के नवनियुक्त अध्यक्ष केशव महतो कमलेश का धनबाद में जल्द ही पंचायत और मंडल स्तर पर कार्यकर्ताओं के साथ संगठन सशक्तिकरण को लेकर बैठक होगी। वहीं, रोहित यादव ने कहा कि कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी से प्रभावित होकर पार्टी में शामिल हुए हैं। इस मौके पर प्रदेश कांग्रेस महासचिव मदन महतो, सचिव सह धनबाद विधानसभा प्रभारी मनोज कुमार, प्रदेश कांग्रेस डेलिगेट मनोज यादव, धनबाद जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष नवनीत नीरज, योगेंद्र सिंह योगी, प्रवक्ता जावेद रजा, उपाध्यक्ष वकील बाउरी, दिनेश सिंह, गोपाल कृष्ण चौधरी, असद कलिम, धनबाद नगर अध्यक्ष मृत्युंजय सिंह, ग्यारकुंड प्रखंड अध्यक्ष जियाउल हुसैन, कलियासोल प्रखंड अध्यक्ष रामकृपाल गोस्वामी और ग्यासुद्दीन आदि उपस्थित थे।

## दुमदुमी उत्क्रमित विद्यालय के आसपास शराब बेचना जल्द बंद हो: सदानंद महतो

तोपचांची (आजाद सिपाही)। दुमदुमी उत्क्रमित उच्च विद्यालय को पीएम श्री योजना से जोड़ा गया है। इस विद्यालय की शुरूआत झारखंड पितामह स्वर्गीय विनोद बिहारी महतो ने किया था। लेकिन अब स्कूल के बंद होने के बाद रात में जुआड़ियों-शराबियों का जमावड़ा होने लगा है। आजसू नेता सदानंद महतो ने मांग किया कि विद्यालय के आसपास जितने भी घरों में शराब बेची जा रही है उन्हें तुरंत बंद करनी चाहिए।

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**राष्ट्रीय उच्च पथ प्रमंडल, रॉंची,**
**दीन दयाल नगर, बूटी रोड, रॉंची–834008**

**अतिअल्पकालीन ई–प्रोक्योरमेंट सूचना**
**(4th Call)**
**[Previous PR 332269 Road(24-25):D]**
**ई–निविदा पत्रांक सं0**–NH/RANCHI/06 **दिनांक** : 24.08.2024

| | | |
|---|---|---|
| 1. | कार्य का नाम | Emergent reconstruction of culvert over canal at km 56+700 and emergent repair of culverts over canal at km 49+600, km 53+400 and km 54+600 of NH-143AG under N.H. Division Ranchi in the State of Jharkhand |
| 2. | प्राक्कलित राशि | रूपये 59,21,166/- (उन्सठ लाख इक्कीस हजार एक सौ छियासठ रूपये मात्र) |
| 3. | कार्य पूर्ण करने की अवधि | 45 दिन |
| 4. | निविदा प्राप्त करने की अंतिम तिथि एवं समय | 09.09.2024 समय 05.00 अपराह्न तक |
| 5 | निविदा प्रकाशन की तिथि | 31.08.2024 समय 11:00 पूर्वाह्न |
| 6. | निविदा आमंत्रित करने वाले कार्यालय का नाम एवं पता | कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, राष्ट्रीय उच्च पथ प्रमंडल, बूटी रोड, रॉंची–834008 |
| 7. | ई–प्रोक्योरमेंट सेल/ प्रोक्योरमेंट पदाधिकारी का दूरभाष संख्या | 0651-2402014 |

* परिमाण विपत्र के मूल्य का भुगतान NTRP Portal- https://bharatkosh.gov.in/MinistryInfo.aspx पर Online होना है। Online भुगतान के पश्चात् चालान की प्रति जमा करना अनिवार्य है।
* निर्धारित निविदा तिथि को सरकार द्वारा अवकाश घोषित होने की स्थिति में निविदा आमंत्रण की तिथि अगले कार्य दिवस को होगी।
* प्राक्कलित राशि घट–बढ़ सकती है। बिना कारण बताये निविदा को स्थगित या रद्द करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को सुरक्षित है।
* अन्य जानकारी MORT&H के ई–टेंडर पोर्टल https://eprocure.gov.in/eprocure/app पर देखा जा सकता है।

**कार्यपालक अभियंता**
**राष्ट्रीय उच्च पथ प्रमंडल, रॉंची।**

PR 333741 (Road) 24-25 (D)

## ग्रामीणों की समस्याओं का प्रबंधन ने एक हफ्ते में समाधान करने का वादा किया



झरिया (आजाद सिपाही)। बागडीगी बस्ती के ग्रामीणों ने ज्वलंत समस्याओं को लेकर शनिवार को बीसीसीएल महाप्रबंधक कार्यालय एरिया 10 के मुख्य गेट को जाम कर जमकर प्रदर्शन किया। जिसे देखते हुए महाप्रबंधक बिना वार्ता किये पिछले दरवाजे से निकल गये। इसकी सूचना मिलते ही ग्रामीण और आक्रोशित हो गये। ग्रामीणों का नेतृत्व कर रहे नयन चक्रवर्ती और इम्तियाज ने फोन कर राष्ट्रीय कोलयरी मजदूर यूनियन की कार्यकारी अध्यक्ष अनुपमा सिंह को समस्या की जानकारी दी। इस पर अनुपमा सिंह ने तुरंत संज्ञान लेते हुए एरिया 10 के महाप्रबंधक निर्झर चक्रवर्ती से उपयुक्त समस्याओं को लेकर फोन पर वार्ता की। इसके बाद घेराव कर रहे ग्रामीणों के प्रतिनिधियों को बुलाकर वार्ता करने को कहा गया। साथ ही क्षेत्र से बाहर रहने के कारण प्रतिनिधि के रूप में सतपाल सिंह ब्रोका को वार्ता के लिए भेजा गया। प्रबंधन और ग्रामीणों के बीच करीब एक घंटे तक वार्ता चली। जिसमें सतपाल सिंह ब्रोका ने प्रबंधन के समक्ष पानी की समस्या को प्रमुखता से उठाया। बताया कि पिछले 6 महीने से जेलगोड़ा 2 पीट के चारों पंप जल जाने के कारण बागडीगी बस्ती, शराफतपुर, बरारी, बुढीबाद, कपड़ाधौडा और मसताना मोड के लगभर 14000 ग्रामीणों को पानी नहीं मिल पा रही है। जिससे भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। प्रबंधन लापरवाह बना हुआ है जिसके चलते ग्रामीणों को 2-3 किलोमीटर दूर से पानी लाकर जीवन यापन करना पड़ रहा है। उक्त बातों को सुनने के बाद प्रबंधन ने एक सप्ताह के अंदर पानी की समस्या को दूर करने का आश्वासन दिया। बैठक में राष्ट्रीय कोलयरी मजदूर यूनियन की कार्यकारी अध्यक्ष अनुपमा सिंह के प्रतिनिधि सतपाल सिंह ब्रोका, ग्रामीणों की ओर से निर्झर चक्रवर्ती, स्वरूप चक्रवर्ती, रवि यादव, अरुण ठाकुर, राजकुमार पंडित, धर्मेंद्र यादव, मलय चक्रवर्ती, अजय महंतो, जोगेश्वर साह, गीता देवी, चमेली देवी, बंटी विश्वकर्मा, बसंती देवी व गोरकी देवी आदि मौजूद थे।

# एटक के विस्तार से सिंह मेंशन व रघुकूल की यूनियनें होंगी कमजोर

**लोकसभा चुनाव के बाद एटक ने झरिया में शुरू किया है पांव पसारना, सांसद ढुल्लू महतो हैं एटक के केंद्रीय सचिव**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**धनबाद।** यूनाइटेड कोल वर्कर्स यूनियन (एटक) मजदूर यूनियन लोकसभा चुनाव के बाद से झरिया विधानसभा के मजदूर बहुल क्षेत्रों में पांव पसारना शुरू कर दिया है। माना जा रहा है कि इससे खासा नुकसान झरिया में सिंह मेंशन व रघुकूल परिवार को होने जा रहा है। इन दो घरानों की लड़ाई का असर अब इनके यूनियन में पड़ना शुरू हो गया है। जिसका सीधा लाभ एटक को होने की संभावना है। आउटसोर्सिंग मजदूरों के एक बड़े वर्ग की मानें तो सिंह मेंशन की यूनियन जनता मजदूर संघ (जमसं) में अब तीन फाड़ हो गये है। एक गुट को सिद्धार्थ गौतम उर्फ मनीष सिंह चला रहे, तो दूसरे गुट को रघुकूल का घराना चला रहा है। हालांकि सिंह मेंशन की जनता मजदूर संघ पर एकाधिकार के लिए लड़ाई लड़ी गई, लेकिन फिलहाल कुछ हाथ नहीं आया। जिसके बाद भाजपा नेत्री व पूर्व विधायक संजीव सिंह की पत्नी रागिनी सिंह ने जनता श्रमिक संघ (जश्रसं) के नाम से अपना एक यूनियन बना लिया। रागिनी सिंह फिलहाल इसी यूनियन को मजबूत करने पर बल दे रही हैं। इधर, एटक का काफी तेजी से विस्तार हो रहा है। मजदूरों का एक बड़ा जुड़ता दिख रहा है। हाल ही के दिनों में कुसुंडा एरिया 6 के एना कोलियरी में इसकी शाखा का गठन हुआ, जबकि महज कुछ दिन पहले ही विश्वकर्मा परियोजना में एटक की शाखा का गठन हुआ था। जो कि इन दोनों परिवार के यूनियनों के लिए काफी नुकसानदायक माना जा रहा है। युवाओं का रूझान भी एटक की ओर बढ़ता दिख रहा है। यूनियन की सीनियर लीडर यह मान रहे है कि ढूलू महतो एटक के केंद्रीय सचिव हैं और इनके लोकसभा चुनाव जीतने के बाद से ही एटक का क्रेज बढ़ा है। यूनियन के एक नेता की मानें तो मजदूर इस आशा से जुड़ रहे हैं कि अब उनके पास एक सांसद हैं जिनके माध्यम से मजदूरों की आवाज सीधा प्रधानमंत्री व कोयला मंत्री तक आसानी से पहुंच सकेगी। जिसका एक नजारा मजदूरों ने देख भी लिया कि चुनाव जीतने के चंद दिनों बाद ही ढुल्लू महतो ने क्षेत्र में केंद्रीय कोयला मंत्री जी किशन रेड्डी का दौरा करा दिया।

## बाघमारा में युवक ने की खुदकुशी

**बाघमारा/कतरास (आजाद सिपाही)। बाघमारा थाना क्षेत्र के रेलवे फाटक के समीप रहने वाले सत्येन्द्र गोस्वामी (25) नामक युवक ने शुक्रवार की रात फंदे से लटककर अपनी जान दे दी। वह पेशे से खलासी का काम करता था। परिजनों को शनिवार की सुबह घटना के बारे में पता चला। उधर, सूचना पाकर पुलिस भी घटनास्थल पर पहुंच गयी और पंचनामा तैयार कर शव को पोस्टमार्टम के लिए धनबाद भेज दिया। वहीं, मृतक के बड़े भाई बजरंगी गोस्वामी ने बताया कि सत्येंद्र मां के साथ अलग कमरे में रहता था। फिलहाल मां यहां नहीं है। रात को सत्येंद्र अपनी झोपड़ी नुमा घर के कमरा का दरवाजा सटा कर सो गया। शनिवार की सुबह सात बजे के बाद उसकी पत्नी ने बच्चों को चाचा के देर तक सोने का कारण जानने को भेजा था। बच्चों ने आकर बताया कि चाचा फंदे से लटक रहा है। तब वे लोग जाकर देखें तो पता चला कि सत्येंद्र ने फांसी लगा ली है।**

**e-Procurement Cell**
**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER**
**BUILDING CONSTRUCTION DEPARTMENT**
**BUILDING DIVISION NO. – 1, RANCHI**
**(Behind State Guest House Morhabadi)**
**Dindayal Nagar Booty Road Ranchi-834008**

**VERY SHORT TERM E-QUOTATION INVITATION NOTICE**
**FOR RATE PURPOSE ONLY**
**Quotation Reference No : BCD/Bld. Div. No.- 1 --- 13/2024-25**

Sealed Quotations are invited for the work **Upgradation of Chamber No. 11 for Hon'ble Minister, Water Resources Department at Nepal House, Ranchi (Jharkhand)** for all Materials from Reputed Shop Keepers / Manufacturers / Suppliers / Retailers / Distributors and Registered B.C.D. Contractors for following items. They should quote their rates for unit mentioned in the table. If they do not deals all of the below mentioned items then they are allowed to quote their rate for part of the items which ever they deals. The rates should be exclusive of all types of Taxes, GST, Contractor's Profit and overhead charges etc. but inclusive of Royalty. All Rates should be exclusive of Labour Cess.

**Terms and Condition**
1. The quotationer shall furnish Pan,GST registration no.
2. The rate quoted by quotationer shall be firm and final.
3. The undersigned reserves the right to accept or reject/cancel any or all quotations without assigning any reason thereof.

नोट :–
(1) वेबसाईट में ई–कोटेशन अपलोड की अंतिम तिथि : 03-09-2024 के अपराह्न 1:00 बजे तक।
(2) ई–कोटेशन खोलने की तिथि एवं समय 04-09-2024 अपराह्न 1:30 बजे।
(3) ई–कोटेशन आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता : कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल संख्या–1, राँची।
(4) ई–कोटेशन प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0 : 8527519262
विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

**Nodal Officer,**
**e-Procurement Cell,**
**Office of the Executive Engineer**
**Building Construction Department,**
**Building Division No.-1, Ranchi**

PR 333722 (Building) 24-25 (D)

## निरसा में इसीएल कर्मी पर कोल माफियाओं ने किया जानलेवा हमला, हालत गंभीर



धनबाद (आजाद सिपाही)। कोयलांचल के कालूबथान, निरसा, पंचेत, गलफरबाडी और मैथन आदि जगहों पर वर्षों से कोयला माफियाओं का दबदबा रहा है। इनका मनोबल इतना बढ़ा हुआ है कि प्रशासन का भी भय नहीं है। हाल ही में आजाद सिपाही ने भी इनके काले कारनामों की खबर प्रमुखता से छापा था। पर माफियाओं पर अंकुश नहीं लगााय जा सका। इसी बीच शुक्रवार की रात निरसा सिंदरी कॉलोनी निवासी कृष्ण कुणाल पर कोल माफियाओं द्वारा जानलेवा हमला किये जाने का मामला प्रकाश में आया है। कृष्ण इसीएल में माइन फीलिंग का काम करते हैं। कोल माफियाओं के हमले में घायल कृष्णा को एसएनपीएच में भर्ती कराया गया. जहां उनकी हालत गंभीर बताई जा रही है। वहीं, कृष्णा के बड़े भाई संतोष राय ने हमले के लिए निरसा प्रशासन को जिम्मेदार ठहराया है। उनका कहना है कि निरसा में विजय यादव नामक व्यक्ति अवैध कोल माइंस चलता है। जितने भी अवैध कोयलों के कारोबार निरसा में हो रहे है वे सभी विजय की देखरेख में ही होता है। प्रशासन को उसने मुट्ठी में कर रखा है। जिस कारण उसे कोई भय नहीं है। कहा कि अगर उसके भाई को कुछ भी होता है, तो इसकी पूरी जवाबदेही प्रशासन की होगी। वहीं, निरशा थाना प्रभारी मनजीत सिंह ने कहा कि अभी तक उनके पास इस तरह की किसी घटना की जानकारी नहीं है। लिखित रूप में शिकायत आने के बाद कोई जानकारी दे पाएंगे।

## भाजपाइयों ने फूंका सरकार का पुतला



बोकारो (आजाद सिपाही)। रांची के मोराबादी मैदान में शुक्रवार को आहूत भाजयुमो के आक्रोश रैली पर झारखंड पुलिस द्वारा की गयी लाठीचार्ज के विरोध में शनिवार को बोकारो जिले के सभी पुलिस अधीक्षक मुख्यालय के समक्ष प्रदर्शन करते हुए झारखंड सरकार का पुतला दहन किया गया। बोकारो जिला अध्यक्ष जयदेव राय ने कहा कि गठबंधन सरकार ने युवाओं व राज्यवासियों से झूठे वादे कर सत्ता में काबिज हुई। इस दौरान कई लुभावने वादे किये, जिनमें से किसी को भी पूरी नहीं किया। अब गठबंधन सरकार को महज तीन महीने ही शेष बचे हैं। जब युवाओं ने अपनी मांगों को लेकर विधानसभा व सचिवालय आदि जगहो पर प्रदर्शन करना चाहा तो उनपर पुलिस से जमकर लाठीचार्ज करवाई गयी और आंसू गैस के गोले दागे गये। जिसमें कई लोग घायल हुए हैं। इसी के विरोध में आज प्रदर्शन किया गया। मौके पर धीरज झा, रामलाल सोरेन आदि थे।

# राजाबजार में ट्रांसफार्मर लगाने की मांग को लेकर महिलाओं ने घेरा प्रशासनिक भवन

## ट्रांसफॉर्मर लगाने के आश्वासन के बाद आंदोलन समाप्त

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**बोकारो थर्मल/बेरमो।** बिजली की समस्या से परेशान गोविंदपुर एफ पंचायत की सैकड़ों महिलाओं ने बोकारो जिला परिषद (जिप) सदस्य शहजादी बानो के नेतृत्व में शनिवार को बोकारो थर्मल प्रशासनिनक भवन सहित उप महाप्रबंधक बीजी होलकर का घेराव कर दिया। कार्यालय के अंदर ही धरने पर बैठ गई। गोविंदपुर एफ पंचायत स्थित राजाबजार ऊपर टोला, नीचे टोला, सिक्स यूनिट और अंबेडकर नगर से पहुंचे ग्रामीणों ने डीवीसी की ओर से राजाबजार में बिजली दो और विद्युत ट्रासफॉर्मर लगाने की मांग की। जिप सदस्य शहजादी बानो ने बताया कि राजाबजार में निःशुल्क बिजली आपूर्ति के लिए डीवीसी की ओर से 100 से 250 केवी का एक विद्युत ट्रांसफार्मर लगाया गया है। राजाबाजार सिक्स यूनिट आदि टोला मिलाकर 300 से अधिक घर है। जिसमें एक ट्रांसफार्मर से विद्युत आपूर्ति होना संभव नहीं है। जिस कारण राजाबजार के ग्रामीण डीवीसी के रिजेक्ट तीन मंजिला आवास एसडीटी दो सहित अन्य जगहों से अवैध हुकिंग के जरिए बिजली जलाते हैं जिसे काट दिया गया है। डीवीसी अधिकारियों से राजाबजार में दो और ट्रांसफार्मर लगाने की मांग की जा रही है। कहा कि डीवीसी द्वारा राजाबजार सहित बोकारो थर्मल के कालोनियों में आयेदिन बिजली काट दी जा रही है। जिससे लोगों को परेशानी होती है। उधर, प्रदर्शन-घेराव की सूचना पाकर मौके पर पहुंचे बोकारो थर्मल थाना प्रभारी सह इंस्पेक्टर सैलेंद्र कुमार सिंह के हस्तक्षेप के बाद प्रदर्शनकारियों व डीवीसी अधिकारियों के बीच प्रशासनिक भवन सभागार में वार्ता हुई। जिसमें उप महाप्रबंधक बीजी होलकर ने डीवीसी की रिजेक्ट तीन मंजिला बिल्डिंग एसडीटी दो में फिर से निःशुल्क बिजली कनेक्शन बहाल करने का निर्देश सबस्टेशन के अधिकारियों को दिया। साथ ही विधानसभा चुनाव के बाद राजाबजार में दो और ट्रांसफार्मर लगाने के लिए फिर से बैठक करने की बात कही। उधर, पूर्व की भांति फिर से बिजली बहाल कर दिए जाने के बाद प्रदर्शनकारियों ने घेराव समाप्त कर दिया गया। इस पर उप महा प्रबंधक बिजी होलकर ने कहा कि राजाबजार सहित गैरमजूरआ बस्ती, गोविंदपुर बस्ती एवं लालचौक बस्ती में निःशुल्क विद्युत आपूर्ति के लिए 250-250 केवी के कुल चार ट्रांसफार्मर लगाए गए है। डीवीसी के इन चारों ट्रांसफॉर्मरों से निःशुल्क विद्युत दी जाती है। और निःशुल्क ट्रांसफार्मर लगाने के लिए वरीय अधिकारियों से बात की जायेगी। मौके पर भीम आर्मी के नेता सह जिप सदस्य पति मंजूर आलम, राजू अंसारी, वाजिद अंसारी, डब्बू अंसारी, रिजवान अंसारी सहित कई महिलाएं उपस्थित थीं।

**कार्यालय जिला परिषद, पलामू**

**नावघाट बन्दोबस्ती हेतु आम डाक सूचना**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि पलामू जिला परिषद, अन्तर्गत निम्नांकित नावघाटों (तरणीघाटों) का वर्ष 2024–25 के लिए बन्दोबस्ती आम डाक के माध्यम से उप विकास आयुक्त –सह– मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, जिला परिषद, पलामू के कार्यालय प्रकोष्ट में की जायेगी। जो व्यक्ति या संस्था डाक बोलना चाहे वे उक्त तिथि को निर्धारित समय से पूर्व जिला परिषद, पलामू कार्यालय में कॉलम संख्या– 6 में अंकित जमानत राशि का बैंक ड्राफ्ट/चेक जो सचिव, जिला परिषद, पलामू (**Secretary, Zila Parishad, Palamu**) के पदनाम से देय एवं डालटनगंज में भुगतेय होगा) के साथ अपना नाम दर्ज करा लेंगे तदोपरान्त उन्हें डाक में भाग लेने की अनुमति दी जायेगी।

डाक की कुल राशि डाक समाप्ति के तुरन्त बाद एक मुस्त जमा करा देना होगा। इच्छुक व्यक्ति को डाक से पूर्व अपने पहचान पत्र की छायाप्रति कार्यालय में जमा करना आवश्यक होगा। जिस व्यक्ति या संस्था के पास नावघाट की पूर्व की बन्दोबस्ती की राशि बाकी होगी अथवा जिनका एकरारनामा निबंधन लम्बित होगा उन्हें अगामी 03 वर्षो तक डाक बोलने का अधिकार नहीं होगा। डाक की बोली 10000.00 रूपये के अन्तर का होना अनिवार्य होगा।

उच्चतम डाक बोलने वाला व्यक्ति या संस्था यदि डाक बोलने के बाद बन्दोबस्ती नहीं लेगा, तो उसकी जमानत की राशि सोख्त (फोरफीट) कर ली जायेगी। सचिव जिला परिषद, पलामू को यह अधिकार सुरक्षित रहेगा कि वे बिना कोई कारण बताए किसी भी डाक को अस्वीकृत कर सकेंगे। बन्दोबस्ती लेने वाले व्यक्ति या संस्था को बंगाल फेरी अधिनियम अन्तर्गत बने नियमों का पालन करना होगा।

| क्र0सं0 | नावघाट का नाम | थाना | नदी का नाम | न्यूनतम डाक की राशि | जमानत की राशि | डाक की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | रानीदेवा | हुसैनाबाद | सोन नदी | 659430.00 | 164900.00 | 05-09-2024 12:00 PM |
| 2 | देवरी | हुसैनाबद | सोन नदी | 388117.00 | 97050.00 | |

नोट :– 1. नावघाट के डाक में 5–10 वर्ष के अनुभव रखने वाले नाविक/संगठन/समिति/अन्य व्यक्ति को प्राथमिकता दिया जायेगा।
2. नावघाट रानीदेवा को बन्दोबस्ती 21.09.2024 से प्रभावी होगा।

**ह0/–**
**उप विकास आयुक्त –सह–**
**मुख्य कार्यापालक पदाधिकारी,**
**जिला परिषद, पलामू**

**PR 333727 (District)24-25*D**

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, राँची**

**अतिअल्पकालीन ई-निविदा आमंत्रण सूचना**

ई– निविदा सूचना संख्या – RDD/SD/RANCHI/12/2024-25 E-tender

1. कार्य की विस्तृत विवरणी :

| क्र० सं० | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (लाख में) | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Construction of Additional work (Meeting Room, Shed-01, Shed-02 and Toilet Block) Community Health Centre at Burmu Block, Ranchi District | 99.263 | 1,99,000 | 10,000=00 | 06 Months |
| 2 | Renovation of Community Health Centre at Burmu Block, Ranchi District | 99.999 | 2,00,000 | 10,000=00 | 06 Months |

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि – 28.08.2024
3. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय – दिनांक 29.08.2024 से दिनांक 04.09.2024 को अपराह्न 5:00 बजे तक
4. ई–निविदा खोलने का स्थान – कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, राँची।
5. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय – 06.09.2024 अपराह्न 2:00 बजे
6. ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, राँची।
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 7903003903
8. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तद्नुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
10. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है, तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

**कार्यपालक अभियंता**
**ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल**
**राँची**

PR 333730 Rural Development (24-25)_D

# केंद्र सरकार ने यूनिफाइड पेंशन स्कीम को मंजूरी दी

- 23 लाख केंद्रीय कर्मचारियों को फायदा
- कर्मचारियों को अब कोई कांट्रिब्यूशन नहीं करना होगा
- प्रधानमंत्री की केंद्रीय कर्मचारियों के नेताओं के साथ हुई बैठक





आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** केंद्र सरकार न्यू पेंशन स्कीम (एनपीएस) की जगह अब केंद्रीय कर्मचारियों के लिए यूनिफाइड पेंशन स्कीम (यूपीएस) लेकर आयी है। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने शनिवार, 24 अगस्त को इसकी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि कैबिनेट बैठक इसे मंजूरी दी गयी। यूपीएस 01 अप्रैल 2025 से लागू होगी। इससे 23 लाख केंद्रीय कर्मचारियों को फायदा होगा। कर्मचारियों के पास यूपीएस या एनपीएस में से कोई भी पेंशन स्कीम चुनने का ऑप्शन रहेगा। राज्य सरकार चाहें तो इसे वे भी इसे अपना सकती हैं। अगर राज्य के कर्मचारी शामिल होते हैं, तो करीब 90 लाख कर्मचारियों को इससे फायदा होगा।

## न्यू पेंशन स्कीम से कैसे अलग है यूपीएस

न्यू पेंशन स्कीम में कर्मचारी को अपनी बेसिक सैलरी का 10% हिस्सा कांट्रिब्यूट करना होता है और सरकार 14% देती है। अब यूपीएस में कर्मचारी को कोई भी कांट्रिब्यूशन नहीं करना होगा। सरकार अपनी तरफ से कर्मचारी की बेसिक सैलरी का 18.5 % कांट्रिब्यूट करेगी। एनपीएस के तहत 2004 से अब तक रिटायर हो चुके और अब से मार्च, 2025 तक रिटायर होने वाले कर्मचारियों को भी इसका लाभ मिलेगा। जो पैसा उन्हें पहले मिल चुका है या वे फंड से निकाल चुके हैं, उससे एडजस्ट करने के बाद भुगतान किया जायेगा। सरकार की तरफ से कांट्रिब्यूशन 14% से 18.5% बढ़ाये जाने पर पहले साल 6250 करोड़ रुपये का अतिरिक्त खर्च आयेगा। ये खर्च साल दर साल बढ़ता रहेगा।

## बैठक में पीएम शामिल हुए

कैबिनेट की मीटिंग के पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने केंद्रीय कर्मचारियों के नेताओं के साथ अपने आवास पर बैठक की। कार्मिक मंत्रालय ने इसके संबंध में 21 अगस्त को एक नोटिस जारी किया गया था। बैठक ऐसे समय पर हुई, जब 2 राज्यों जम्मू-कश्मीर और हरियाणा में विधानसभा चुनाव होने हैं। पिछले 10 साल में यह पहली बैठक हुई, जिसमें प्रधानमंत्री और केंद्रीय कर्मचारियों की नेशनल काउंसिल यानी जॉइंट कंसल्टेटिव मशीनरी के सदस्य थे। बैठक में ओल्ड पेंशन स्कीम, न्यू पेंशन स्कीम और 8वें वेतन आयोग को लेकर चर्चा हुई। उधर, रेलवे के बाद केंद्रीय कर्मचारियों के सबसे बड़े संगठन ऑल इंडिया डिफेंस एम्प्लॉई फेडरेशन ने प्रधानमंत्री की बैठक का बहिष्कार किया है।

# अमित शाह ने रायपुर में पड़ोसी राज्यों के साथ वामपंथी उग्रवाद पर समीक्षा बैठक की

- वामपंथी उग्रवाद के खिलाफ अभियान अब निर्णायक मोड़ पर
- मार्च 2026 से पहले देश में पूरी तरह से समाप्त हो जायेगा वामपंथी उग्रवाद
- रुथलैस अप्रोच के साथ वामपंथी उग्रवाद के पूरे इकोसिस्टम को ध्वस्त करना होगा
- वामपंथी उग्रवाद के वित्त पोषण, हथियारों की सप्लाई और उनकी मैन्युफैक्चरिंग पर कड़ाई के साथ रोकथाम जरूरी

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने शनिवार को छत्तीसगढ़ के रायपुर में छत्तीसगढ़ एवं पड़ोसी राज्यों के मुख्य सचिवों और पुलिस महानिदेशकों के साथ वामपंथी उग्रवाद पर समीक्षा बैठक और अंतरराज्यीय समन्वय बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा, केंद्रीय गृह राज्यमंत्री नित्यानंद राय, केंद्रीय गृह सचिव गोविंद मोहन, निदेशक, सूचना ब्यूरो और राष्ट्रीय जांच ऐजेंसी, सीआरपीएफ, बीएसएफ, एसएसबी और आइटीबीपी के महानिदेशक शामिल हुए। बैठक में आंध्र प्रदेश, झारखंड, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, ओडिशा और तेलंगाना के मुख्य सचिव और पुलिस महानिदेशक भी शामिल हुए।

बैठक में वामपंथी उग्रवाद से निपटने की रणनीति, अंतरराज्यीय समन्वय, सुरक्षा बलों के क्षमता निर्माण, वामपंथी उग्रवाद मामलों की शीघ्र जांच और अभियोजन तथा वामपंथी उग्रवाद प्रभावित क्षेत्रों के व्यापक विकास जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की गयह।



गृह मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में वामपंथी उग्रवाद के खिलाफ अभियान अब निर्णायक मोड़ पर है और मार्च, 2026 से पहले हम नक्सलवाद को देश से पूरी तरह समाप्त करने के प्रति कटिबद्ध हैं। उन्होंने कहा कि नक्सलवाद के खिलाफ अभियान की शुरूआत में जो गति और तीव्रता थी, उससे दो गुना गति और तीव्रता से अब हमें 2 साल और काम करने की जरूरत है तभी इस समस्या को पूरी तरह समाप्त किया जा सकेगा। केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि मोदी सरकार ने वामपंथी उग्रवाद के खिलाफ विकास, प्रॉसीक्यूशन और ऑपरेशन के तीनों मोर्चों पर एक संपूर्ण रणनीति के साथ लड़ाई लड़ी है जिसके परिणामस्वरूप ये समस्या अब काफी हद तक सिमट गयी है। उन्होंने कहा कि अब ये समस्या छत्तीसगढ़ के गिने चुने क्षेत्रों तक सीमित रह गयी है।

# ओड़िशा सरकार की महिलाओं को सौगात

# सुभद्रा योजना के तहत हर साल मिलेंगे 10 हजार रुपये

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** ओड़िशा सरकार महिलाओं के लिए बहुप्रतीक्षित सुभद्रा योजना को लाने की तैयारी में है। इसको लेकर सरकार ने इससे जुड़े दिशा-निर्देश जारी किये हैं। इस योजना के लिए जारी किये गये दिशा-निर्देशों के एसओपी को मंत्रिमंडल में मंजूरी दे दी है। इस योजना के तहत हर साल 21 से 60 साल की उम्र की महिलाओं को ओड़िशा सरकार 10 हजार रुपये देगी।

**21 से 60 वर्ष आयु की महिलाएं पात्र होंगी :** मुख्यमंत्री मोहन माझी ने यह घोषणा करते हुए विधानसभा को सूचित किया कि योजना के लिए एसओपी को मंत्रिमंडल में मंजूरी दे दी गयी है। मुख्यमंत्री की घोषणा के अनुसार, 21 से 60 वर्ष की आयु की



महिलाएं सुभद्रा सहायता के लिए पात्र होंगी। उन्हें पांच साल के लिए प्रति वर्ष 10,000 रुपये मिलेंगे। हर साल दो चरणों में डीबीटी के माध्यम से उनके खातों में राशि ट्रांसफर की जाएगी।

**सुभद्रा क्रेडिट कार्ड भी मिलेगा :** 5,000 रुपये की पहली किस्त राखी पूर्णिमा पर उनके खातों में जमा की जायेगी, जबकि 5,000 रुपये की दूसरी किस्त 8 मार्च को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस (8 मार्च) पर जमा की जाएगी। लाभार्थी को सुभद्रा डेबिट कार्ड भी मिलेगा। हालांकि, वित्तीय रूप से मजबूत, सरकारी नौकरी धारक, आयकरदाता और किसी भी सरकारी योजना के तहत 1,500 रुपये या उससे अधिक मासिक या 18,000 रुपये या उससे अधिक की सहायता प्राप्त करने वाले लोग सुभद्रा सहायता प्राप्त करने के पात्र नहीं होंगे।

**क्या है आवेदन प्रक्रिया :** आंगनवाड़ी केंद्रों, ब्लॉक कार्यालयों, मो सेवा केंद्रों, जन सेवा केंद्रों आदि में एक विशिष्ट फॉर्म मुफ्त में उपलब्ध होगा। आवेदन करने के लिए पात्र महिलाएं उपरोक्त स्थानों पर जाकर फॉर्म भरकर आवेदन करेंगी। इसके अलावा, सुभद्रा योजना के लिए एक कॉल सेंटर को कार्यात्मक बनाया जाएगा। महिला और बाल विकास विभाग योजना के बेहतर प्रबंधन के लिए सुभद्रा सोसायटी का गठन करेगा। डिजिटल लेन-देन को बढ़ावा देने के लिये सरकार ऐसे 100 लाभार्थियों की पहचान करेगी जिन्होंने ग्राम पंचायतों तथा शहरी स्थानीय निकायों में अधिकतम डिजिटल लेनदेन किया है और उन्हें 500 रुपए अतिरिक्त दिये जायेंगे।

# ओड़िशा में अगले एक हफ्ते तक होगी झमाझम बारिश

- बंगाल की खाड़ी में सक्रिय हो रहा है कम दवाब क्षेत्र
- कई इलाकों में येलो और ऑरेंज अलर्ट जारी

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** दक्षिण बांग्लादेश एवं उसके समीपवर्ती क्षेत्र में कम दबाव का क्षेत्र सक्रिय है, जो उत्तर दिशा की तरफ गतिमान है। यह अगले 24 घंटे में और अधिक सक्रिय हो जाएगा। कम दबाव के क्षेत्र के साथ राज्य में मानसून भी सक्रिय है और झारखंड तथा समीपवर्ती क्षेत्र में चक्रवाती परिसंचरण सक्रिय है। मौसम विभाग ने कहा कि अगले कुछ घंटों में यह और अधिक सक्रिय हो जाएगा। 25 अगस्त को उत्तर बंगाल की खाड़ी में और एक चक्रवाती परिसंचरण बनने की संभावना है। मौसम विभाग ने अगले एक सप्ताह तक भारी वर्षा होने की संभावना व्यक्त की है।

**इन जिलों में यलो और ऑरेंज चेतावनी जरी :** भुवनेश्वर क्षेत्रीय मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार पुरी, खुर्दा, कटक, जगतसिंहपुर, केंद्रपाड़ा, जाजपुर, भद्रक, बालेश्वर, केंदुझर, मयूरभंज, सुंदरगढ़, झारसुगुड़ा, बरगढ़, बलांगीर और नुआपड़ा जिले में कुछ स्थानों पर भारी वर्षा होने की संभावना है। इन जिलों में 7 से 11 सेमी तक वर्षा हो सकती है, इसलिए पीली चेतावनी जारी की गई है। रविवार को अनुगुल, ढेंकानाल, कटक, जाजपुर, केंद्रपाड़ा और जगतसिंहपुर जिलों में कुछ स्थानों पर भारी से बहुत भारी वर्षा होने की संभावना है। इन जिलों में 12 से 20 सेमी तक वर्षा हो सकती है। इन जिलों के लिए नारंगी चेतावनी जारी की गई है। नयागढ़, खुर्दा, पुरी, गंजाम, गजपति, रायगड़ा, कालाहांडी, नवरंगपुर, कोरापुट, बरगढ़, संबलपुर, झारसुगुड़ा, सुंदरगढ़, केंदुझर, मयूरभंज, बालेश्वर और भद्रक जिलों में कुछ स्थानों पर भारी वर्षा होने की संभावना है।

# एनटीपीसी के निदेशक अनिल जदली ने संभाला कार्यभार

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** अनिल कुमार जदली ने शनिवार को एनटीपीसी के निदेशक के रूप में कार्यभार संभाल लिया। उन्होंने 1993 में एनटीपीसी से अपने करियर शुरू की थी। अनिल कुमार जदली एग्जीक्यूटिव ट्रेनी के रूप में कंपनी से जुड़े और वर्तमान में वह मानव संसाधन कार्य के शीर्ष पद पर हैं।

उन्होंने गढ़वाल विश्वविद्यालय से कार्बनिक रसायन विज्ञान में स्नातकोत्तर (पीजी) किया है। एमडीआइ, गुड़गांव से मानव संसाधन प्रबंधन में व्यवसाय प्रबंधन में स्नातकोत्तर डिप्लोमा की डिग्री प्राप्त की है। उन्हें इएससीपी-इएपी (पेरिस, बर्लिन और ट्यूरिन) से प्रबंधन और नेतृत्व प्रशिक्षण इनपुट भी मिला है। उनका तीन दशकों का करियर काफी शानदार रहा है।

लगभग एक दशक तक लाइन फंक्शन में काम करने के बाद 2004 में उन्होंने एचआर फंक्शन में काम करना शुरू किया था। इसके बाद उन्होंने एचआर प्रमुख सहित विभिन्न पदों पर एनटीपीसी की विभिन्न परियोजनाओं में सेवा दी। इसके बाद साल 2020 में वो कारपोरेट एचआर में चले गये, जहां उन्होंने विभिन्न एचआर रणनीतियों को लागू करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभायी।

THIRD EYE CLINIC
ADVANCE PHACO LASER EYE CARE CENTRE
Contact For More Details
DR. VISHAL CHOUDHARI
OPHTHALMOLOGIST
Mob - 7003381944, 9431594628
NH- 33 Near Madarsa, Irba, Ranchi - 835219
Branch 2 : Sri Sai General Store, Dipatoli, Ranchi -9

JAISWAL CCTV
आपके शहर राँची में
अपने घर ऑफिस दुकान में लगाऐं
CCTV कैमरा
कचहरी चौक, राँची
4 कैमरे का सेट अब सिर्फ 14999/-
2 कैमरे का सेट अब सिर्फ 9999/-
अभी कॉल करे 9162992862
स्टेट बैंक के सामने कचहरी चौक, राँची - 834001

# देश के टॉप 10 राज्यों में शामिल हुआ ओड़िशा

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** नीति आयोग की रिपोर्ट के मुताबिक वर्ष 2023-24 की सतत विकास रिपोर्ट में ओडिशा को 66 अंक मिले हैं। देश के श्रेष्ठ 10 राज्यों में ओडिशा को भी स्थान मिला है। प्रदेश में पिछली सरकार द्वारा लागू की गई बीएसकेवाई, कालिया, मुक्ता, मनरेगा योजनाएं प्रति व्यक्ति आय बढ़ाने के साथ ही प्रदेश को प्रगति के पथ पर अग्रसर करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। बहुआयामी गरीबी उन्मूलन में ओडिशा ने रिकॉर्ड स्थापित किया है। ओडिशा गरीबी राज्यों की सूची से निकलकर अग्रिम पंक्ति के राज्यों में शामिल हो गया है। राज्य को शीर्ष 10 राज्यों में स्थान दिया गया है।

**ओड़िशा को मिले इतने अंक:** अखिल भारतीय स्तर पर ओडिशा को 66 अंक मिले हैं। नीति आयोग, भारत सरकार ने वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए सतत विकास लक्ष्यों की सूची में ओडिशा की उपलब्धियों का वर्णन किया है। नवीन सरकार के दौरान, बीजू स्वास्थ्य कल्याण योजना, किसानों के लिए कालिया सहायता



ने गरीबों की मेहनत की कमाई को बचाने में मदद की है। इसके साथ ही कोविड के बाद मुफ्त राशन से गरीबों की आर्थिक स्थिति में भी सुधार हुआ है। नवीन सरकार ने ग्रामीण और शहरी लोगों के लिए विशेष रोजगार योजनाएं और बेघरों के लिए आवास प्रदान करने में देश में एक अनूठी मिसाल कायम की थी। पिछली सरकार के तहत, राजस्व संग्रह में रिकॉर्ड उपलब्धि थी, जबकि सरकार अन्य राज्यों की तुलना में ऋण के बोझ को काफी कम रखने में सक्षम थी।

**अर्थशास्त्री दिलीप बिसोई ने ये कहा :** अर्थशास्त्री दिलीप बिसोई ने कहा है कि 2017-18 तक ओडिशा एक महत्वाकांक्षी राज्य के रूप में जाना जाने लगा था और 2023-24 तक प्रदेश अग्रणी राज्यों में अपनी पहचान बनाने में सफल हुआ है। कोविड के बाद नवीन सरकार ने प्रवासी श्रमिकों को रोजगार उपलब्ध कराने के लिए ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में कई योजनाएं लागू की। शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में विशेष योजनाओं ने गरीबों की प्रति व्यक्ति आय बढ़ाने में बहुत योगदान दिया है।ओडिशा अब ऐसी स्थिति में आ गया है कि आने वाले दिनों में एक विकसित राज्य का रोडमैप तैयार हो सकता है।

## गरीबी को किया दूर

राज्य ने एक गरीब राज्य से उन्नत राज्य बनने तक का लंबा सफर तय किया है। इस संबंध में पिछली सरकार का योगदान असाधारण है। सतत विकास के लिए बनाए गए 113 मापदंडों में ओडिशा पहले ही सफलता हासिल कर चुका है। अब राज्य की नई सरकार कल्याणकारी योजनाओं पर काम करेगी तो राज्य की और प्रगति होगी और लोगों की प्रति व्यक्ति आय बढ़ेगी। इसके साथ ही वित्तीय प्रगति के मामले में भी ओडिशा देश का नंबर वन राज्य बनने में भी मदद मिलेगी।

DAS MUSICAL STORES
DAS RUBBER STAMP
Wholesale & Ratails
Dealers of all Musical Instruments
Mob.: 9835164815/ 8825354800/7250933033
MAIN ROAD, RANCHI, OPP. HANUMAN MANDIR
KOKAR , H.B. ROAD, OPP. R.L.S.Y. SCHOOL , RANCHI

रत्न विक्रेता जय माता दी रत्न विक्रेता
ज्योतिष ग्रहरत्न केन्द्र
ज्योतिष शास्त्र • वास्तु शास्त्र • हस्त शास्त्र • अंक शास्त्र
पंडित शशि कांत मिश्रा
पता - लाईन टैंक रोड, गोपाल गंज गली, ऑपोजिट-भुतपूर्व वारगेन बाजार, रांची
फोन :- 9334718296, 9835195382, 9431792761

# लक्ष्मण प्रसाद सिंह ने ट्रांसफार्मर का किया लोकार्पण

**धनवार (आजाद सिपाही)।** पूर्व आइजी सह भाजपा नेता लक्ष्मण सिंह शनिवार को धनवार विधानसभा के कई गांवों का दौरा कर लोगों से मिले। इस दौरान उन्होंने लोगों की समस्याओं को सुना और समाधान का आश्वासन दिया। इसी दौरान महेशमरवा पंचायत के महेशमरवा गांव में 100 केवीए ट्रांसफार्मर का लोकार्पण कर अंधेरे में जी रहे लोगों के बीच समर्पित किया। मौके पर शालिग्राम राय, भोला राय, किशोर राय, सीताराम राय, अमर राय, गिरीश राय, रबी राय, पप्पू राम, जयप्रकाश राम, प्रद्युम्न जी,राम निवास पांडेय बबलू समेत दर्जनों लोगों उपस्थित थे।

वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची
VERMA PRESS
Verma's® Today®
शृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं—

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 140 | Hindi | ₹ 140 |
| English | ₹ 140 | English | ₹ 140 |
| Mathematics | ₹ 140 | Mathematics | ₹ 140 |
| Science | ₹ 140 | Science | ₹ 140 |
| Social Science | ₹ 140 | Social Science | ₹ 140 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi – B | ₹ 140 | Hindi – B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 |
| English Grammar– II | ₹ 120 | English Grammar– II | ₹ 120 |
| Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 55 | Hindi Practical | ₹ 55 |
| English Practical | ₹ 55 | English Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 65 | S. Science Practical | ₹ 65 |
| Sanskrit Practical | ₹ 55 | Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते-जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !

आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। संपादक : हरिनारायण सिंह, स्थानीय संपादक* : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, राज्य समन्वय संपादक : अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109, Postal Registration No. RN/249/2019-21